R.N.I. No. MPHIN/2021/82530

# दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

खबरे बेबाक, बेखौफ बेझिझक

समूह सम्पादक : रविन्द्र सिंह पवैया

ग्वालियर, भोपाल, मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, से एक साथ प्रसारित

वर्ष 03 : अंक -315 | ग्वालियर, सोमवार 24 जून 2024 | पेज- 8 मूल्य - 2 रूपए

# शालिगराम तोमर ने विद्यार्थी परिषद के एक-एक विद्यार्थी को गढ़ने का कार्य किया : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## सूर्यकांत केलकर शालिगराम तोमर स्मृति राष्ट्र सेवी सम्मान से सम्मानित

भोपाल, 23 जून (हि.स.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि विद्यार्थी परिषद के संस्थापक यशस्वी शालिगराम तोमर ने विद्यार्थी परिषद के एक-एक विद्यार्थी को गढ़ने का कार्य किया। उन्होंने कार्यकर्ता की गलतियों को क्षमा कर उनके अंदर छुपी अच्छाइयों को निखारने का कार्य किया। शालिगराम जी ने विद्यार्थियों के व्यक्तित्व के निर्माण के लिए उनके गुण-अवगुणों का बारीकी से अध्ययन कर उनकी प्रतिभा को उभारने में योगदान दिया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार देर शाम मानस भवन में नवलय संस्था द्वारा आयोजित ÷शालिगराम तोमर स्मृति समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने श्यामाप्रसाद मुखर्जी और शालिगराम तोमर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा मां भारती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थी परिषद के वरिष्ठ कार्यकर्ता सूर्यकांत केलकर को शाल, स्मृति चिन्ह और सम्मान पत्र भेंट कर शालिगराम तोमर स्मृति राष्ट्र सेवी सम्मान से सम्मानित किया। समारोह में शालिगराम तोमर की धर्मपत्नी शांता तोमर तथा परिवार के अन्य सदस्य, छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव, सांसद बृज मोहन अग्रवाल एवं जनप्रतिनिधि और संस्था के पदाधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शालिगराम जी ने



आपातकाल में जो कार्यकर्ता जेल में थे, उनके परिवारों से जीवंत सम्पर्क कर उनका उत्साह बनाये रखने में प्रमुख भूमिका निभाई। शालिगराम जी को 1978 में %अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद% का दायित्व सौंपा गया। उन्होंने महाकौशल, मध्यप्रदेश, उड़ीसा तथा उत्तर प्रदेश में विद्यार्थी परिषद के कार्य को मजबूत किया। इस दौरान बने कई कार्यकर्ताओं ने भविष्य में राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में प्रतिष्ठा प्राप्त की। वरिष्ठ नेत्री एवं समाज सेवी डॉ. मल्लिका नड्डा ने कहा कि शालिगराम तोमर छात्राओं और महिला कार्यकर्ताओं के कार्यों पर भी पैनी नजर रखते थे। उनसे न केवल कार्य करने की प्रेरणा मिली बल्कि देश सेवा की सीख भी मिली। शालिगराम जी ने छात्राओं को संगठन मंत्री के रूप में कार्य करने का अवसर देने का प्रयास किया। वह महिला कार्यकर्ताओं और छात्राओं को आगे कार्य करने का अवसर देना चाहते थे। उन्होंने कहा कि शालिगराम का कहना था कि केवल राजनीतिक क्षेत्र का ही चयन नहीं करना चाहिए बल्कि अलग-अलग क्षेत्रों में अपना भाग्य आजमाएं और जिस क्षेत्र का चयन करें उसमें लीडर की भूमिका निभाने का प्रयास करें।

छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि शालिगराम तोमर ने विद्यार्थियों के हित में असाधारण कार्य किया। उनका जीवन कठिन परिस्थितियों से भरा हुआ था।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में पौधारोपण कर प्रकृति संवर्धन और संरक्षण का संदेश दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का स्मृति चिन्ह और पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शालिगराम जी की धर्मपत्नी शांता तोमर का शाल, स्मृति चिन्ह और श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ÷नवलय अनुबोध÷ पत्रिका का विमोचन भी किया।

समारोह में अभय महाजन तथा मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ से पधारे बड़ी संख्या में विद्यार्थी परिषद के वरिष्ठ कायकर्ताओं ने अपने स्मरण सुनाए। समारोह में पूर्व सांसद प्रज्ञा ठाकुर और विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



## हर सनातनी को अपने धर्म का पालन करना चाहिए

दैनिक कैसेरिया हिंदुस्तान–

ग्वालियर- ग्राम दुबहा में चल रही श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के दूसरे दिन प्रसिद्ध भागवत आचार्य पंडित रवि तिवारी जी ने बताया कि कथा का फल उसी मनुष्य को मिलता है जो कथा के एक भी शब्द बिना छोड़े श्रवण करता है। हर सनातनी को अपने धर्म का पालन करना चाहिए और अपने बच्चों को धर्म के मार्ग पर चलना सीखाना चाहिए।

जिस मनुष्य के मुख पर भगवान का नाम कभी नहीं आता है उसका उद्धार नहीं हो सकता है। मनुष्य को अपने कल्याण की हमेशा चिंता करनी चाहिए और उसे भगवान की शरण में जाना चाहिए क्योकिं भगवान ही मनुष्य का कल्याण करते हैं ।

मनुष्य को सुख की प्राप्ति होती है तो वह भगवान के शरण में नहीं जाता है लेकिन जब मनुष्य के जीवन में दुःख प्रवेश करता है तो वह कहता हैं कि यह सब भगवान की गलती है। मनुष्य को सब कुछ भगवान पर छोड़ देना चाहिए क्योंकि भगवान ही मनुष्य को उसके कर्मों का ही फल मिलता है।

## जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक 28 जून को

दैनिक कैसेरिया हिंदुस्तान–

ग्वालियर जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक 28 जून को बुलाई गई है। इस दिन यह बैठक सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह की अध्यक्षता में प्रातः 10 बजे से कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित होगी।

बैठक में अमृत योजना,

### सांसद भारत सिंह कुशवाह की अध्यक्षता में होगा बैठक का आयोजन



जल जीवन मिशन, रेलवे स्टेशन का उन्नयन कार्य, वेस्टर्न बाईपास, यमुना एक्सप्रेस-वे को जोड़ते हुए ग्वालियर एक्सप्रेस-वे हाईवे निर्माण, एलीवेटेड रोड़, लोक निर्माण विभाग एवं सड़क विकास निगम के प्रगतिरत कार्य, चंबल नदी पेयजल प्रोजेक्ट एवं रायपुर, वीरपुर व हनुमान बाँध को भरने के लिये निर्माणाधीन फीडिंग कैनाल की समीक्षा होगी। साथ ही प्रधानमंत्री सड़क योजना, जिला खनिज मद के कार्य, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन एवं प्रस्तावित वृक्षारोपण कार्ययोजना सहित अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की समीक्षा होगी।

## कलेक्ट्रेट में बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित

दैनिक कैसेरिया हिंदुस्तान–

ग्वालियर / जिले में बारिश के मौसम को ध्यान में रखकर एहतियात बतौर बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। इस बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना कलेक्ट्रेट के कक्ष क्र.-301 में की गई है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष 24 घंटे कार्यरत रहेगा। इसके सुचारू संचालन के लिये तीन पालियों में हर दिन के हिसाब से अलग-अलग अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष 30 सितम्बर 2024 तक संचालित रहेगा।

सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख श्री विजय महाजन एवं श्री रामनिवास शर्मा को बाढ़ नियंत्रण कक्ष को सुचारू रूप से संचालित कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी से मुरार सर्किट हाउस पर की मछुआ प्रकोष्ठ के सदस्यों ने स्वागत

अशोक सोनी - देनिक केसरिया हिंदुस्तान-

ग्वालियर-- बिहार से ग्वालियर अल्प प्रवास पर पधारे भारत सरकार में मंत्री जीतन राम मांझी से मुरार सर्किट हाउस में मछुआ प्रकोष्ठ के सदस्यों ने शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें राम केवट रूपी छायाचित्र भेंट कर उनका स्वागत वंदन अभिनंदन किया शिष्टाचार मुलाकात करने वालों में जय बाथम जिला संयोजक मछुआरा प्रकोष्ठ दीपक माझी पार्षद वार्ड 6 रोहित बाथम मोहन बाथम जीतू माझी सोनू माझी सूरज लक्षकार



ग्वालियर के कार्यकर्ता एवं सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

## ग्वालियर की मेघा को मिला अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान

कपिल गोयल* /(दैनिक केसरिया हिंदुस्तान)

ग्वालियर-- प्रेस क्लब ओरछा एवं यथार्थ ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल ओरछा द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें गौरव बढ़ाने वाली यशस्वी विभूतियों को सम्मानित किया गया जिसमें ग्वालियर शहर की कत्थक नृत्यांगना मेघा जी को नृत्य के क्षेत्र में अंतराष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया जिन्होंने अपने शहर का नाम अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर उज्जवल किया है जिसमें मुख्य अतिथि ए पी सिंह प्रमुख सचिव म.प. विधानसभा भोपाल, इमरती देवी पूर्व कैबिनेट मंत्री म.प. शासन, अरुण विश्वकर्मा कलेक्टर निवाड़ी आदि उपस्थित थे



## पाकिस्तान में हिन्दू लड़की पर अत्याचार,हर हिंदू हो सावधान,महामंडलेश्वर मोहनानंद सरस्वती



दैनिक कैसरिया हिंदुस्तान/रिपोर्टर संतोष सिहं चौहान मो, 8889486368

पाकिस्तान में एक 13 साल की हिन्दू लडकी के साथ अन्याय के मामले का उदाहरण देते हुए महामंडलेश्वर डां मोहनानंद सरस्वती ने कहा की पाकिस्तान की इस घटना का वायरल वीडियो देखकर मन अत्यंत व्यथित हो रहा है यदि यह घटना सत्य है तो एक नाबालिक लड़की के साथ इस तरह का अत्याचार अमानवत्ता की पराकाष्ठा पार करने जैसा अधर्म है ऐसे अत्याचार करने वाले लोगों से हर हिंदू को समाज के हर वर्ग के व्यक्ति को सतर्क और सावधान रहना चाहिए और ऐसी राक्षसीअ,धार्मिक प्रवृत्ति की विचारधारा रखने वालों के अनैतिक,राष्ट्र विरोधी,सनातन विरोधी गतिविधियों का एकजुट होकर विरोध इनको सबक सिखाना चाहिए,

### *लड़की के साथ अत्याचार का यह है पूरा मामला*

पाकिस्तान में हिन्दू लड़की को जबरन घर से उठा लिया जाता है और मुस्लिम बना दिया जाता है डरा धमका कर कागज पर अपनी मर्जी से इस्लाम कबूल किया है ऐसा लिखवा लिया जाता है और जबरजस्ती शादी कर ली जाती है पीड़ित लड़की के परिजन अदालत में गए तो अदालत का फैसला शरिया कानून व कागज पर लिखा कथन के आधार पर आया की लड़की को मुसलमान को सौंप दिया जाए हिंदू लड़की के मां-बाप परिजन रिश्तेदार और पीड़ित लड़की सहित सभी रोते विलखते रहे लेकिन अत्याचारियों के मन में कोई दया का भाव नहीं आया



## राष्ट्रीय पल्स पोलियों तीन दिवसीय अभियान की से हुई शुरू

संवाददाता लोकेंद्र सिंह सोलंकी 7354490175 भितरवार रिपोर्ट

पहले दिन बूथ सेंटरों पर ही दी जाएगी नवनिहालों को पल्स पोलियों की खुराक भितरवार भाजपा विधायक दादा मोहन उल्फत सिंह राठौर ने नवनिहाल बच्चो को पल्स पोलियों की दो बूंद पिलाकर की अभियान की शुरुआत भितरवार विधायक मोहन उल्फत सिंह राठौर ने कहा कि हर गांव हर हर घर तक पांच साल से कम आयु के एक एक बच्चों तक ही पहुंचना चाहिए पल्स पोलियों की खुराक

## गौमाता की दुर्दशा देखी तो लिया, गायो को चारा खिलाने का संकल्प



दैनिक कैसरिया हिंदुस्तान/रिपोर्टर संतोष सिहं चौहान मो, 8889486368

लहार विधानसभा के राहवली उवारी के रहवासी प्रतिष्ठ व्यापारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता अमित गुप्ता जिनका ग्वालियर में लोहे का बड़ा कारोबार संचालित है आए दिन लहार इनका आना-जाना रहता है लहार नगर में रोड पर भटकती भुख से व्याकुल गौ माता को अमित गुप्ता ने पॉलीथीन कचरा खाते देखा तो लहार नगर में मां गायत्री गौ रक्षा संगठन द्वारा प्रतिदिन किए जाने वाले गौ भंडारे में सहभागीदार बनकर महीने में एक बार अपनी ओर से नगर की बेसहारा गायों को चार भूसा खिलाकर गौ भंडारा करवाने का संकल्प लिया साथ ही गौ भक्त एवं सामाजिक कार्यकर्ता अमित गुप्ता ने कहा कि कलयुग के प्रभाव से गौ माता पर अत्यधिक कष्ट है गौ माता साक्षात परमात्मा का देवों का स्वरूप है हम सभी को लोक परलोक में कल्याण करने वाली गौ माता की यथासंभव सेवा करने के लिए आगे आना चाहिए

## शहर में आधा दर्जन स्थलों पर ई-रिक्शा का पंजीयन शुरू

### उत्साहपूर्वक पंजीयन के लिए आगे आ रहे हैं ई–रिक्शा चालक

### पहले दिन 529 ई–रिक्शों का हुआ पंजीयन, 29 जून तक किया जायेगा पंजीयन

दैनिक कैसेरिया हिंदुस्तान-

ग्वालियर शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम, सुचारू व सुव्यवस्थित बनाने के लिये शहर में ई-रिक्शा के रूट निर्धारित किए जा रहे हैं। साथ ही लॉटरी पद्धति से यह तय किया जायेगा कि किस रूट पर कौन सा पंजीकृत ई-रिक्शा चलेगा। इस सिलसिले में रविवार से शहर में आधा दर्जन स्थानों पर नाके सह शिविर लगाकर ई-रिक्शा के पंजीयन का काम शुरू किया गया। पहले दिन ई-रिक्शा के पंजीयन के प्रति विशेष उत्साह देखने को मिला। पहले दिन कुल मिलाकर 529 ई-रिक्शा का पंजीयन हुआ



है। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने रविवार को फूलबाग क्षेत्र में संचालित ई-रिक्शा पंजीयन केन्द्र का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि 29 जून तक हर दिन सुव्यवस्थित ढंग से पंजीयन कार्य जारी रखे।

ज्ञात हो ई-रिक्शा का पंजीयन कराने के लिये एक हफ्ते का अंतिम मौका दिया गया है। शहर में नाके सह शिविर लगाकर आधा दर्जन स्थानों पर ई-रिक्शा का पंजीयन किया जा रहा है। इन नाकों पर 29 जून तक ई-रिक्शा पंजीयन की कार्यवाही की जायेगी। अंतिम तिथि के बाद बगैर पंजीयन के कोई ई-रिक्शा शहर में चलता मिला तो उसे जब्त करने की कार्रवाई की जायेगी।

स्मार्ट सिटी के कंट्रोल एण्ड कमाण्ड सेंटर से प्राप्त जानकारी के अनुसार पंजीयन के पहले दिन यानि 23 जून को हजीरा क्षेत्र में स्थापित किए गए नाका सह शिविर में 120 ई-रिक्शा का पंजीयन किया गया। इसी तरह बारादरी पर 35, गोला का मंदिर पर 180, फूलबाग चौराहे पर 55, महाराज बाड़ा पर 87 एवं आमखो पर स्थापित किए गए नाका सह शिविर में 52 ई-रिक्शों का पंजीयन किया गया।

### पंजीयन के प्रचार के लिये शहर में 31 स्थानों पर एनाउंसमेंट जारी

कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने पंजीयन स्थलों एवं तिथियों के बारे में स्मार्ट सिटी के आईटीएमएस पब्लिक एनाउंसमेंट सिस्टम से व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए हैं। इस परिपालन में ग्वालियर शहर में विभिन्न तिराहों-चौराहों सहित कुल 31 स्थानों पर स्मार्ट सिटी के पब्लिक एनाउंसमेंट सिस्टम से पंजीयन के संबंध में एनाउंसमेंट किया जा रहा है।

केसरिया हिन्दुस्तान

# गंगा मित्रों के प्रयासों से छोटे बच्चों में बढ़ रहे हैं योग के प्रति जागरूकता

## योग को अपनाएं,बीमारियों को दूर भगाएं







नमामि गंगे के अंतर्गत चलाए जा रहे इको स्किल्ड गंगा मित्रों की टीम लगातार लोगों को योग के प्रति जागरूक कर रहे हैं इसके साथ-साथ छोटे बच्चों में योगा कराया जा रहा है। गंगा मित्र कोऑर्डिनेटर घनश्याम कुमार ने बताया कि योग अपने कई शारीरिक,मानसिक और आध्यात्मिक लाभों के कारण दुनिया भर में बहुत लोकप्रियता हासिल की है। इस योग में विभिन्न शारीरिक मुद्राएं, ध्यान और सांस लेने के व्यायाम शामिल है। नियमित रूप से योग का अभ्यास करने से मनुष्यों को उनके शरीर के लचीलेपन, ताकत और संतुलन को बढ़ाने में मदद मिलती है। इसके अतिरिक्त, यह तनाव, चिंता और अवसाद को कम करके मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में सहायता करता है। इसके साथ-साथ मन, शरीर और आत्मा को जोड़कर,योग आत्म-जागरूकता बढ़ाने में मदद करता है। और आंतरिक खुशी और शांति को बढ़ावा देता है। इसलिए, आधुनिक दुनिया में,अधिक से अधिक लोग अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए योग को अपना रहे हैं। योग बहुत सुरक्षित गतिविधि है। एवं इसका अभ्यास कोई भी कभी भी कर सकता है, यहां तक ??कि बच्चे भी इसका पूरा लाभ उठा सकते हैं। यह उनके पढ़ाई में ध्यान केंद्रित करने की क्षमता को बढ़ा सकता है। इसलिए हम सभी को प्रत्येक दिन योग को अपने डेली लाइफ में इस्तेमाल करना चाहिए। हमारी गंगा मित्रों की टीम पिछले कई सालों से लगातार अनेकों कार्य करती आ रही है।



## स्वच्छ भारत अभियान के तहत कलेक्टर महोदय ने कि पुरैना तलाव की सफाई

दमोह। 23. 6..2024 राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

शहर के जन मानुष व पुराना थाना निवासी एवं उन्मुक्त संस्था के सभी सदस्य ने म.प्र.जनभियान दमोह के मार्गदर्शन मे-उन्मुक्त सर्वजन कल्याण समाजसेवी संस्था दमोह ने भी सुबह 7 बजे से श्रीमान कलेक्टर महोदय सुधीर कुमार कोचर जी के नेतृत्व मे सामाजिक संगठनों और आमजन के सहयोग से पुरैना तालाब के घाटों पर सफाई अभियान के तहत सफाई की जिसमे उन्मुक संस्था से राहुल पाठक ने बताया की स्वच्छ भारत अभियान का उद्देश्य केवल आसपास की सफाई करना ही नहीं है अपितु नागरिकों की सहभागिता से अधिक-से अधिक पेड़ लगाना, कचरा मुक्त वातावरण बनाना, शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराकर एक स्वच्छ भारत का निर्माण करना है। देश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए स्वच्छ भारत का निर्माण करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। अस्वच्छ भारत की तस्वीरें भारतीयों के लिए अक्सर शर्मिंदगी की वजह बन जाती है इसलिए स्वच्छ भारत के निर्माण एवं देश की छवि सुधारने का यह सही समय एवं अवसर है। यह अभियान न केवल नागरिकों को स्वच्छता संबंधी आदतें अपनाने बल्कि हमारे देश की छवि स्वच्छता के लिए तत्परता से काम कर रहे देश के रूप में बनाने में भी मदद करेगा।

## डीआरएम ने मथुरा-अलवर रेल खंड का किया निरीक्षण

मथुरा। आगरा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक तेज प्रकाश अग्रवाल द्वारा मथुरा-अलवर रेल खंड का निरीक्षण किया गया। मंडल रेल प्रबंधक द्वारा अपने निरीक्षण की शुरुवात आगरा से विंडो ट्रेलिंग माध्यम से की गयी। इस दौरान उन्होंने मार्ग में आने वाले रेल पथ एवं उसके पास के सभी इंस्टा?लेशनो जैसे सिगनल ओएचई प्लेटफॉर्म पर सफई इत्यादि का चलती हुई गाड़ी मे लगे निरीक्षण यान की पिछली खिड़की से निरीक्षण किया । उन्होंने अन्य संरक्षा सम्बंधित कार्यों के साथ साथ राइडिंग गुणवत्ता विशेष तौर से प्वॉइंट एवं क्रॉसिंग पर ट्रैकज्योमेट्री इंडेक्स मे सुधार ओएमएस (औसिलेशन मोनिटरिंग सिस्टम) विवरण ओएचई की स्थिति मार्ग के लेवल क्रॉसिंग गेटों की स्थिती पटरी के आस पास स्क्रैप की स्थिति साफ-सफाई वायरिंग या लूज़ इंस्टालेशन मार्ग में आने वाले माइनर व मेजर ब्रिज के साथ-साथ उक्त खंड में चल रहे कार्यों का जायजा लिया। अमृत भारत स्टेशन में चयनित भूतेश्वर गोविंदगढ़ डीग एवं गोवर्धन रेलवे स्टेशन तथा इस खंड के गज़िका रेलवे स्टेशन के निरीक्षण के दौरान यात्री सुविधाऐ सर्कुलेटिंग एरिया स्टेशन रिकॉर्ड का बारीकी से निरीक्षण किया एवं स्टेशन पर चल रहे नवनिर्मित कार्यो की समीक्षा की। इस विषय में अधिकारियों से मास्टर प्लान पर चर्चा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मथुरा-अलवर खंड में विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण में संरक्षा पर विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर मुख्य परियोजना प्रबंधकध्गति शक्ति एम पी सिंह उप मुख्य विद्युत इंजी. गति शक्ति चन्द्र पाल उप मुख्य इंजी. गति शक्ति होतम सिंह उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता गति शक्ति सुबोध राजपूत वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक हर्षिकेश मौर्य वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमित आनंद वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता (संकेत) प्रदीप सोनी वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजी. सामान्य रघुनाथ सिंह वरिष्ठ मंडल इंजीनियर प्रथम श्री नितिन गर्ग मंडल संरक्षा अधिकारी सिर मोहर सिंह मीना एवं अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बांकेबिहारी के दर्शनों को उमड़े श्रद्धालु सप्तदेवालयों में मनाया जलयात्रा महोत्सव

मथुरा। ज्येष्ठ शुक्ल पूर्णिमा के अवसर पर वृंदावन ठा. बांकेबिहारी महाराज के दर्शनों के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। मंदिर परिसर प्रातःकाल से ही लाड़ले बांकेबिहारी के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। ज्येष्ठ शुक्ल पूर्णिमा को जल यात्रा पर्व के नाम से भी जाना जाता है। ऐसे में वृन्दावन के राधामदनमोहन, राधाश्यामसुंदर, राधा दामोदर, राधागोविंद देव, राधारमण, राधा गोकुलानंद आदि मंदिरों में भी इस पर्व को विशेष श्रद्धा के साथ मनाया गया। वहीं जगन्नाथ मंदिर में भी इस पर्व को जलयात्रा के रुप में मनाया जाता है। बांकेबिहारी मंदिर में प्रातःकाल भव्य फूल बंगला सजाया गया तो अन्य मंदिरों में सायंकाल बंगला का आयोजन हुआ। वहीं मंदिर प्रांगणों को भी भव्यता से सजाया गया। इस फूल अवसर पर ऋतुनुकूल फल, रस तथा मिठाईयों का विशेष भोग भी ठाकुरजी को निवेदित किया गया। इसके साथ ही भक्तों ने सुबह और सायंकाल वृन्दावन धाम की सप्तकोसीय परिक्रमा भी लगाई गई।

### बगीचे में विराजे छोटे राधारमण लाल

मथुरा। वृंदावन टेढ़े खंभे के रूप में प्रसिद्ध शाहजी मंदिर में विराजमान ठा. छोटे राधारमण लाल जू ज्येष्ठ पूर्णिमा के अवसर पर मंदिर परिसर में स्थित दिव्य बगीचे में विराजे जहां भक्ता अपने आराध्य के दर्शन कर निहाल हुए। ठाकुर जी को जहां एक ओर दिव्य प्रसाद निवेदित किए गए। वहीं भव्य फूल बंगले में उन्हें विराजित कर उनके समक्ष दिव्य फव्वारे चलाए गए। गौरतलब है कि ज्येष्ठ पूर्णिमा का पर्व ब्रज के आराध्य अर्चा विग्रहों को ग्रीष्म ऋतु से निजात दिलाने के लिए स्नान यात्रा के रूप में अत्यंत श्रद्धापूर्वक मनाया जाता है। मंदिर सेवाधिकारी शाह के एस गुप्ता और प्रशांत शाह ने बताया कि ठाकुरजी का यह दिव्य विलास पर्व विगत 155 वर्षों से श्रद्धापूर्वक मनाया जा रहा है। जिसके दर्शन का अद्भुत आनंद और आह्लाद भक्तों के हृदयों में होता है।

### पुलिस ने शांतिभंग में दो का किया चालान*

*भोजपुर। भोजपुर पुलिस ने लड़ रहे। जगदीश पुत्र महेन्द्र निवासी ग्राम खानपुर गिरफ्तार किया। एवं जाहिद पुत्र अली हसन निवासी ग्राम गनीनगर लड़ रहा था पुलिस ने गिरफ्तार किया। रविवार को पुलिस ने



दोनों आरोपियों का शांति भंग में चालान कर दिया।

# 1751 किलो भांग सहित चार तस्कर पकड़े

मथुरा(नीरज चतुर्वेदी)। नौहझील थाना क्षेत्र में इलाका पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दो मैक्स पिक अप गाड़ियों में बोरों छुपाकर ले जायी जा रही भांग सहित चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। एसएसपी शैलेश पांडे के निर्देशन अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में उपनिरीक्षक आदेश कुमार के नेतृत्व में वाहन चेकिंग यमुना पुल चौकी पर की जा रही थी। तभी इलाका पुलिस को सूचना मिली की दो मैक्स पिक अप में भांग बोरों में छुपाकर तस्करों द्वारा दूसरे जनपद में ले जायी जा रही है। सूचना पर पुलिस अलर्ट हो गई। तभी अचानक थाना क्षेत्र के दौलतपुर रोड़ ग्राम छिनपारई पर दोनों मैक्स पिकपों को रोककर चेक किया, जिसमें बोरों में भांग भरी हुई थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चारों तस्करों को पकड़ लिया। जिन्होंने



अपना नाम भरत निवासी सी 147-बीएसए रोड़ ज्योति नगर थाना कोतवाली, हर्ष निवासी राधिका विहार फेस-2 थाना हाईवे, कन्हैंया उर्फ कलुआ व देवेन्द्र निवासी सेई थाना शेरगढ़ बताया। इनके पास से दो मैक्स पिक अप गाड़ी बरामद हुई हैं व इन्हीं गाड़ीयों में 36 बोरों में भरी 1751 किलोग्राम भांग को बरामद किया है। यह खादर खेतों में भांग की खेती कर दूसरे जनपद में तस्करी करते थे। प्रभारी निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि दो मैक्स पिक अप गाड़ी, उनमें बोरों में छुपाकर ले जाई जा रही 1751 किलोग्राम भांग व चारों तस्करों को पकड़कर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। टीम में आदेश कुमार चौकी प्रभारी यमुना पुल, दीपक नागर चौकी प्रभारी बरौठ, हैड कांस्टेबल रतन सिंह, कांस्टेबल अंकित, विपिन व पुनीत मौजूद रहे।

## ज़िला पंचायत अध्यक्ष कौशाम्बी श्रीमती कल्पना सोनकर जी ने शक्ति केन्द्र रामपुर धमावा के बूथ संख्या 340 सराइयाँ में शक्ति केन्द्र संयोजक शिव बाबू मौर्य एवम् शक्ति केन्द्र प्रभारी श्याम लाल पाल के साथ डा0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर अर्पित की श्रद्धांजलि।

सिराथू 23 जून कौशाम्बी की ज़िला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कल्पना सोनकर जी ने आज रामपुर धमावा के सरैंया प्राथमिक विद्यालय पर राष्ट्रीय एकता और अखंडता के पर्याय, महान शिक्षाविद् श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर कल्पना सोनकर ज़िला पंचायत अध्यक्ष कौशांबी ने कहा कि डॉ0 श्यामा



प्रसाद मुखर्जी शिक्षाविद् और महान विचारक थे। राष्ट्र की एकता और विकास में योगदान के लिए उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे मानवता के सच्चे उपासक थे। प्रखर राष्ट्रवादी नेता थे। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक विधान-एक निशान- एक प्रधान के नायक थे। उनका जीवन दर्शन आज भी अनुकरणीय है। हम सबको उनके जीवन दर्शन और सुकृत्य

## रेडियम चिपका रहा यातायात अमला हादसों को रोकने के लिए

**दमोह से राजेश कुमार पटेल पत्रकार की खबर**

दमोह, जिले में ट्रैक्टर ट्रालियों से हादसों को रोका जा सके। इनमें ज्यादातर ऐसे ट्रैक्टर ट्रॉली ड्राइवर चला कर यातायात नियमों का पालन नहीं कर रहे। ट्राली में सरिया रखकर ले जाते हैं। रात्रि में इसलिए यातायात पुलिस ने शहर में लगातार वाहनों की जांच करवाई कर रही है। बीते दिनों के दौरान यातायात पुलिस ने कई ट्रैक्टर ट्राली बगैर रेडियम के चिन्हित किए। चेन्नई रेडियम लगाकर छोडा गया। अभी तक बहुत सी वाहनों में रेडियम पट्टी चिपकाई जा चुकी है। दिन में बड़ी संख्या ट्रैक्टर ट्रालियों की है। यातायात पुलिस को उम्मीद है कि रेडियम चिपकने से रात्रि के दौरान ट्रैक्टर ट्रालियों से होने वाले हादसों में कमी आएगी। यातायात थाना प्रभारी दलबीर सिंह मार्को का मानना है। की रेडियम चिपकने से रात्रि के दौरान ट्रैक्टर ट्रालियों से होने वाले हादसों में कमी आएगी। इसीलिए रेडियम पट्टी लगाई जा रही है। खास का ट्रैक्टर ट्रालियों पर फोकस है। क्योंकि ट्रालियों में पीछे लाइट नहीं होती। रेडियम से वाहन चालकों को दूर से ही ट्राली नजर आती है। यातायात थाना प्रभारी दलबीर सिंह मार्को ने गंभीरता से लेते हुए। यातायात पुलिस कर्मी को आदेश दिया। ट्राली में रेडियम पट्टी चिपकाए ताकि हादसों से निजात मिल सके।

# SDM योगेश कुमार ने बताया, घटना के संबंध में उन्हें कोई आइडिया नही है। मीडिया के सवाल पर चुप्पी साधे एसडीएम ने कहा सीओ मामले को ब्रीफ करेगे

सीओ मनोज रघुवंशी ने बताया, अरमान अस्पताल को सीज किया गया था। जिसके संबंध में सूचना मिली थी कि अस्पताल सीज होने के बाद भी मरीज भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। इस संबध में एसडीएम जांच को पहुंचे थे। जहां उनके साथ कथित डा निसार अहमद ने बदसुलूकी कर मोबाइल छीन लिया था। इस संबंध में एसडीएम सुरक्षा कर्मी प्रभु नारायण शुक्ला ने तहरीर देकर डा निसार अहमद एवम अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही की मांग की थी। जिस पर क्राइम नंबर 120/24 में धारा 392 (छिनैती), 353 (सरकारी कार्य में बाधा), 506 (धमकी देना) में केस दर्ज किया गया है। डा निसार अहमद व एक अन्य गिरफ्तार किए गए है। उन्हें लिखा पढ़ी कर जेल भेजा जा रहा है।



## ग्राम विजवाहा में दबंगों द्वारा बच्चे की गई मारपीट

***दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान (जालौन)से जिला रिपोर्टर सुयश पाण्डेय की रिपोर्ट***

कुठौंद जालौन! थाना क्षेत्र के ग्राम विजवाहा निवासी गंगा राम पुत्र बच्ची लाल ने थाना पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि प्रार्थी गांव में बन रहे विद्युत केंद्र के निर्माण में मजदूरी का कार्य करता है ! किसी ने घर की दीवाल में लगे ईंटों को निकाल लिए जब वह शाम को मजदूरी करके घर वापस लौटा तब पता चला कि किसी ने उसकी दीवार में लगे हुए ईंटों को निकाल लिया! जिस पर उसका पुत्र गाली दे रहा उसी बीच गांव के गंभीर सिंह पुत्र मोतीलाल व उसका भांजा सूरज दोनों लोगों ने उसके लड़के को मारा पीटा जिससे लड़के के कंधे में चोट आई है !उपरोक्त लोगों द्वारा गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए ।थाना पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेकर उचित कार्यवाही किए जाने का भरोसा दिया है।

राष्ट्रीय दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

# डकैती की योजना बनाते हथियारों के साथ 4 बदमाशों को जमोड़ी पुलिस ने किया गिरफ्तार

## आरोपियों से तलवार, बका, लोहे की राड़ एवं मिर्ची पाउडर जप्त

फोटो न - 01

**सीधी।**




पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा द्वारा जिले में अपराधों की रोकथाम व अपराधियों पर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। उक्त अनुक्रम में कार्यवाही करते हुए थाना जमोड़ी पुलिस द्वारा डकैती की योजना बनाते, हथियार के साथ 4 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार।

जमोड़ी थाना प्रभारी विशाल शर्मा के द्वारा बताया गया कि 22 जून 24 को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि पनवार हवाई पट्टी के पास आम के पेड़ के पास 5/6 लोग घातक हथियार लेकर बैठे हैं तथा डकैती डालने की योजना बना रहे हैं। थाना प्रभारी जमोड़ी द्वारा मुखबिर सूचना से वरिष्ट अधिकारियों को अवगत कराकर वरिष्ट अधिकारियों के निर्देशन में दो अलग.अलग टीम गठित कर रवाना किये जो प्रथम पार्टी दक्षिण पश्चिम दिशा तरफ से तथा दूसरी पार्टी उत्तर पूर्व दिशा तरफ से मुखबिर के बताये स्थान आम के पेड़ के पास चारो ओर से घेराबंदी करते हुए बदमाशों के नजदीक पहुँचे। जिनके आपस में चर्चा करते हुए सुने चारो तरफ से बदमाशों को घेर लेने के पश्चात बदमाशों के ऊपर टार्च की रोशनी देकर आत्मसमर्पण की चेतावनी दी गयी। जिसे सुनते ही बदमाश भागने लगे जिन्हे पुलिस द्वारा घेराबंदी कर मौके पर ही 4 बदमाशों को पकड़ लिया गया तथा पूछताछ पर पकड़े गयें।

### ये आरोपी हुए गिरफ्तार –

आरोपीगण द्वारा अपना नाम सत्यम सिंह उर्फ अभिषेक सिंह चौहान पिता गणेश प्रताप सिंह उम्र 23 वर्ष निवासी शिवपुरवा थाना कोतवाली, अभय प्रताप सिंह बघेल पिता बृजलाल सिंह बघेल उम्र 21 वर्ष निवासी कठार चौकी सेमरिया थाना चुरहट, भोलू उर्फ अमन सिंह चौहान पिता अमरबहादुर सिंह उम्र 21 वर्ष निवासी नौढ़िया, संतोष कुमार जायसवाल पिता जयलाल जायसवाल उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम कतरवार चौकी मड़वास थाना मझौली का बताया तथा भागे हुए बदमाश का नाम राहुल सिंह गहरवार पिता राजकुमार सिंह गहरवार निवासी पावा दुअरा थाना चुरहट का बताया।

### आरोपियों से बरामद हुई लूट सामग्री –

पकड़े गये बदमाश सत्यम सिंह उर्फ अभिषेक सिंह की तलाशी लेने पर 2 पैकेट लाल मिर्ची पाउडर, भोलू उर्फ अमन सिंह से एक अदद बका, संतोष जायसवाल से एक अदद तलवार तथा मोटरसायकल, अभय प्रताप सिंह से एक अदद लोहे का राड़ जप्त की गई एवं भागे हुए आरोपी राहुल सिंह के द्वारा फेके गये एक अदद लोहे की सरिया एवं मोटर सायकल को साक्षियों के समक्ष घटना स्थल पर जप्त किया जाकर आरोपीगणों का कृत्य धारा 399, 402 भादवि, 25/1 आर्म्स एक्ट के तहत् दण्डनीय पाये जाने पर आरोपीगणो को गिरफ्तार किया गया तथा मामले में भागे आरोपी राहुल सिंह गहरवार को गिरफ्तार करने हेतु पृथक से टीम लगाया गया है।

### सराहनीय योगदान :.

उक्त समस्त कार्यवाही में थाना प्रभारी जमोड़ी उनि विशाल शर्मा, सउनि सुरेश प्रताप सिंह, सियाशरण वर्मा, गोविन्दलाल साकेत, प्रआर. राजीव यादव, लल्लू प्रसाद विश्वकर्मा, आरक्षक राजू यादव, सतीश तिवारी का सराहनीय योगदान रहा।

# बेपटरी हुई ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था, चिकित्सक रहते हैं नदारत

**सीधी।**

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा व्यवस्था बेपटरी हो चली है। अस्पतालों से कहीं चिकित्सक गायब हैं तो कहीं स्टाफ नर्स। यहां तक कि आयुष विंग की स्थिति भी खराब है। यहां भी मरीजों को चिकित्सक व अन्य स्टाफ खोजे नहीं मिल रहे हैं। ऐसा ही हाल इन दिनो सेमरिया सीएसी में भी आए दिन देखने को मिल रहा है। यहां प्रतिदिन सैकड़ो मरीज बेहतर उपचार की चाह लिये आते हैं लेकिन चिकित्सक व अन्य स्टाफ नदारद रहते हैं।

### उप स्वास्थ्य केंद्र बदहाल, मरीजों का कैसे हो इलाज

जिले के शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रो में खासतौर पर ग्रामींण अंचलो में स्वास्थ्य व्यवस्था बेपटरी हो चली है। इलाके के अधिकांश उप स्वास्थ्य केंद्र खुद बीमार हैं। गर्भवती महिलाओं व नवजात शिशुओं को चिकित्सा सुविधा नहीं मिल पा रही है।




### उप स्वास्थ्य केंद्र बदहाल, मरीजों का कैसे हो इलाज

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.गुप्ता की लचर व्यवस्था के चलते तहसील क्षेत्र में स्वास्थ्य व्यवस्था बेपटरी हो चली है। इलाके के अधिकांश उप स्वास्थ्य केंद्र खुद बीमार हैं। गर्भवती महिलाओं व नवजात शिशुओं को चिकित्सा सुविधा नहीं मिल पा रही है। शासन बदहाल चिकित्सा सेवा को बेहतर बनाने को प्रयास कर रहा। इसकी हालत कुछ अधिक ही खराब है। ऐसे में जच्चा.बच्चा के इलाज को लोगों को मुश्किलें उठानी पड़ रही हैं। मजे की बात यह कि केंद्र की दीवार पर वाल पेंटिग कर संस्थानों का प्रचार किया जा रहा। दरअसल जच्चा.बच्चा को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने को गांव.गांव में उपस्वास्थ्य केंद्र खोले गए हैं। लेकिन इसका लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा। आरोप है कि शिकायत के बावजूद स्वास्थ्य अधिकारी भी लापरवाह बने हैं। यहां नियुक्त एएनएम कभी.कभार गांव में आती और कागजी कोरमपूर्ति कर चली जाती हैं। इससे नवजात शिशुओं व गर्भवती महिलाओं को टीकाकरण के लिए भटकना पड़ता है। यहां गंदगी का अंबार लगा है। इसमें एएनएम व आशा कार्यकर्ता नहीं आती हैं। ग्रामीणों ने बताया उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण हुआ है तो गर्भवती महिलाओं के उपयोग को मेज, कुर्सियां, अलमारी, बेड मिले थें, जिसका उपयोग अन्यत्र किया जा रहा। केंद्र के भवन की दीवारों का प्लास्टर व खिड़कियां उखड़ गई हैं।

### अमिलिया चुरहट मार्ग की घटना -

# तेज रफ्तार बस ने साइकिल चालक को कुचला, मौके पर ही दर्दनाक मौत





**सीधी।**

थाना अमिलिया अंतर्गत चुरहट मुख्य मार्ग के ग्राम डिहुली में रविवार की दोपहर करीब 1.30 बजे दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। सड़क दुर्घटना में तेज रफ्तार बस चालक ने सायकल सवार को रौंद दिया, जिससे सायकल सवार की त्वरित उपचार के अभाव में मौत हो गयी है। उक्त मार्ग अत्यंत संकीर्ण है, जहॉ आए दिन सड़क हादसे होते रहते हैं किन्तु जिला प्रशासन अवैध अतिक्रमण को देख कर भी हमेशा अनदेखा कर देता है। बताया गया कि चौहान कोच बस क्रमांक एमपी 53 पी 0384 सीधी की ओर से अमिलिया जा रही थी। वहीं साइकिल सवार अमिलिया मार्ग से पटपरा की ओर जा रहा था। जिसे तेज रफ्तार बस चालक ने कुचल दिया और साइकिल चालक मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। मौके पर पहचानकर्ताओं ने सायकल सवार मृतक की पहचान सुदर्शन पटेल पिता शिवनारायण पटेल निवासी ग्राम खड़वड़ा उम्र तकरीबन 40 वर्ष के रूप में की है। पुलिस द्वारा घटना स्थल पर पहॅुच कर शव को पीएम हेतु अपने कब्जे में लिया गया। वहीं प्रकरण पंजीवद्ध कर सड़क दुर्घटनाओं की मूल वजह की विवेचना प्रारंभ कर दी गयी है।

# सांसद डॉक्टर मिश्रा पौधारोपण कर की पूजा अर्चना, लिया आशीर्वाद

**सीधी।**

लोकसभा संसदीय क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने रविवार की सुबह लोकसभा सत्र के लिए दिल्ली जाने के पूर्व प्रातः काल पूजा अर्चना कर, बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मिशन एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कर प्रकृति बचाने का संदेश दिया।



इस अवसर पर नवनिर्वाचित सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत कर पर्यावरण एवं प्रकृति के संरक्षण का आह्वान किया था। सीधी के पड़ैनिया स्थित अपने निर्माणाधीन मकान परिसर पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत पूजनीय स्वर्गीय माता श्रीमती शिवमती मिश्रा के नाम वृक्षारोपण किया। सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने सभी क्षेत्रवासियों से आग्रह किया है कि इस अभियान का हिस्सा बने और एक पौधा अवश्य लगाएं तथा उसका संरक्षण कर प्रकृति के प्रति अपना दायित्व निभाएं। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र मणि दुबे ने बताया कि नवनिर्वाचित सांसद डॉक्टर मिश्रा नवगठित लोकसभा की सदस्यता लेंगे और इस दौरान लोकसभा की विभिन्न प्रकार की कार्यवाही में भाग लेंगे।

# अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस दिखावे तक सीमित, शैक्षणिक संस्थानो के समीप बिक रही नशा सामग्री

**सीधी।**

नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध नशीली दवाओं के व्यापार के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र में अंतर्राष्ट्रीय दिवस के रूप में प्रतिवर्ष 26 जून को मनाया जाता है। यह नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी पर रोक लगाने की दृष्टि से जिले सहित अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मनाया जाता है। वहीं सीधी के लिये यह कार्यक्रम महज दिखावे तक सीमित हो कर रह गया है। जिला प्रशासन द्वारा बंद कमरो में कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है वहीं शैक्षणिक संस्थानो के बगल में संचालित पान की दुकाने एवं नशा विक्रेता वर्षो से डेरा जमाये हुए हैं। जहॉ युवक खुले में नशा सामग्री का सेवन कर रहे हैं।




जानकारों के माने तो स्कूल परिसर के 100 मीटर दायरे में कोई भी तंबाकू.सिगरेट विक्रेता, पानठेला या शराब की दुकान नहीं होना चाहिए, लेकिन जिले में धड़ल्ले से स्कूलों के सामने इसकी बिक्री हो रही है। जिससे स्कूली विद्यार्थियों में नशे की लत बढ़ने के मामले सामने आए हैं। इसे ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन को अभियान स्तर पर इन्हे हटाने की पहल को गति देना चहिए। इसके अलावा विद्यालय पहॅुच मार्ग एवं इर्द गिर्द लगातार बढ़ रहे अवैध अतिक्रमण की ओर भी राजस्व विभाग को उचित विधिक कार्रवाई को गति देने की आवश्यकता है।

### प्रतिबंधित दवाओं की विक्री से नशा को मिल रहा बढ़ावा –

भाजपा शासन में लगातार सीएम युवाओं को नशे के गर्त से बाहर लाने एवं अवैध व्यापार को जड़ मूल से खत्म करने की बात करते हैं किन्तु जिले के चिकित्सकीय अमला, जिला आबकारी विभाग एवं खाद्य एवं औषधि विभाग पूरी तरह से अपने ऑखों पर पट्टी बांधे हुए है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आईजे गुप्ता अपने एसी वाले कमरे से निकल कर जमीनी स्तर पर कार्रवाई करने से हमेशा परहेज करते आए हैं वहीं ड्रग्स इंस्पेक्टर रीवा में बैठ कर कागजो में जिले के मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण करते हैं। ऐसे में जिला मुख्यालय एवं आंचलिक स्तर पर कई मेडिकल स्टोर संचालक पूरी तरह से मनमानी पर उतारू हैं। जिसके चलते जिन दवाओं को शेड्यूल एच.1 में शामिल कर बिना डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन के बेचने पर प्रतिबंध लगाया है। वे शहर में खुलेआम बिक रही हैं। जिनका उपयोग नशेडी करते हैं, और नशे के व्यापार को गति मिल रही है।

बिना डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन के बिक रही दवायें -जिले के कई मेडिकल स्टोरों पर बिना डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन के ही प्रतिबंधित दवाएं आसानी से मिल रही हैं। इन दवाओं के संबंध में डॉक्टर अजय प्रजापति ने बताया कि अवसाद, तनाव न अन्य मानसिक रोगों के उपचार में काम आने वाली दवाएं लोग नशे के लिए बिना डाक्टर के प्रिस्क्रिप्शन के ही लेना शुरू कर देते हैं। इसी तरह सिप्रोफ्लाक्सिन जैसी एंटीबायोटिक दवाएं भी लोग बिना डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन के ले लेते हैं, जिसके साइड इफैक्ट्स भी हो सकते हैं। नियमों की बात करें तो मेडिकल स्टोर संचालक को इन दवाओं का रिकॉर्ड रखना होगा। इन प्रतिबंधित दवाओं को बेचने के लिए दवा विक्रेताओं को एक रजिस्टर मेंटेन करना होगा। इसमें तारीख, मरीज का नाम, डॉक्टर का नाम, बैच नंबर, पर्चे की फोटो कापी तथा मोबाइल नंबर का रिकार्ड रखना होगा। यही नहीं इस रिकॉर्ड को जॉच कर्ता अधिकारी को जॉच के दौरान दिखाना भी पड़ता है, ऐसे में इन्हे संभालकर रखना अनिवार्य है।

### क्या है शेड्यूल एच.1

जिन दवाओं के लगातार सेवन से व्यक्ति की रोग प्रतिरोधक क्षमता खत्म होने लगती है, इन दवाओं की लिस्टिंग करवाकर इन्हे विभिन्न शेड्यूल में शामिल कर बिना डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन के बेचने पर समय.समय पर प्रतिबंध लगाती है।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ने आध्यात्मिक ज्ञान दिवस किया आयोजित

सीधी। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के जिला मुख्यालय स्थित मुख्य सेवा केंद्र पर ब्रह्माकुमारीज की प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती का 59वाँ पुण्य स्मृति दिवस आध्यात्मिक ज्ञान दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मातेश्वरी जगत अम्बा जी के महावाक्यों के साथ किया गया।



मातेश्वरी जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए सीधी जिले स्थित मुख्य सेवा केंद्रों की संचालिका राजयोगिनी रेखा दीदी ने बताया कि मातेश्वरी जगदंबा का व्यक्तित्व बहुत शक्तिशाली था। मातेश्वरी जिस किसी से भी मिलती थीं, उन पर अपनी अमिट छाप छोड़ती थीं। उनकी वाणी बहुत मधुर थी, फिर भी बहुत शक्तिशाली थी और उनके शब्द मन को शांत कर देते थें। उनकी आवाज़ में एक विशेष प्रकार की दिव्यता बहती थी और उनके गीत दिल को सुकून देते थे। उनके शब्दों में एक जादुई शक्ति थी, जो कोई भी उनके शब्दों को सुनता था, उसे तुरंत परमपिता शिव के साथ आध्यात्मिक जुड़ाव महसूस होता था। उन्होंने 24 जून 1965 को अपनी नश्वर देह त्याग दी और देवदूत अवस्था प्राप्त की। वे आज भी ईश्वर के विश्व परिवर्तन के कार्य में आधार स्तंभों में से एक हैं। इस अवसर पर कार्यक्रम पर सी एम राइज स्कूल की व्याख्याता प्रियंका सिंह, जे एल बजाज के संचालक जे एल गुप्ता, पांडेय ट्रेडर्स के संचालक हुब्बलाल पाण्डे, करन सिंह, समाजसेवी मंजू सिंह, रमापति तिवारी एवं नगर के गणमान्यजन उपस्थित रहे ।

# पुलिस ने 44 सीसी आनरेक्स सिरफ एवं 300 ग्राम गांजा किया जप्त




सीधी। पुलिस अधीक्षक डॉ रविन्द्र वर्मा के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में नशा मुक्ति अभियान के तहत अवैध नशे के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये चौकी पिपरांव पुलिस द्वारा 44 शीशी आनरेक्स कफ सिरफ एवं खड्डी पुलिस द्वारा 300 ग्राम गांजा किया गया जप्त। मिली जानकारी के आधार पर 22 जून 24 को दौरान देहात भ्रमण चौकी प्रभारी पिपराव को मुखविर सूचना मिली कि भैंसरहा तिराहे मे एक सफेद रंग के झोला में अवैध कफ सिरफबिक्री हेतु लिये एक व्यक्ति खड़ा है जो मुखबिर की सूचना पर उनि. विवेक कुमार द्विवेदी स्वयं के नेतृत्व में टीम गठित कर मुखबिर के बताये स्थान भैंसरहा तिराहे में घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिये। जिसने अपना नाम बिहारी लाल मिश्रा पिता अखिलेश कुमार मिश्रा निवासी भैंसरहा बताया। जिसकी तलाशी करने पर कुल 44 शीशी अवैध नशीली कफऑनरेक्स सिरफ मिली जिसे मौके पर जप्त किया गया। मौके पर वैधानिक कार्रवाई कर वापसी पर अपराध धारा 5/13 म.प्र. ड्रग्स कंट्रोल अधिनियम एवं 8/21 का अपराध कायम किया जाकर विवेचना मे लिया गया। वहीं एक और प्रकरण में क्षेत्र भ्रमण के दौरान चौकी प्रभारी खड्डी को मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम धनहा में उदयभान सिंह पिता स्व. दिल्लू सिंह अपने घर से मादक पदार्थ गांजा की अवैध रूप से विक्री कर रहा है। प्राप्त मुखबिर सूचना पर विधिवत रेड कार्यवाही की गई, जिसमें रेड कार्यवाही के दौरान आरोपी उदयभान सिंह पिता दिल्लू सिंह गोंड उम्र 60 वर्ष निवासी ग्राम धनहा के कब्जे से कुल 300 ग्राम मादक पदार्थ गांजा अनुमानित कीमत 3000 रुपये की अवैध रूप से पाये जाने पर जप्त कर उक्त आरोपी के विरुद्ध धारा 8/20 बी एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



# आज विधानसभा भितरवार ग्राम जाखोदा डैम पहुंच कर श्री मोहन उल्फत सिंह राठौर जी ने निरीक्षण किया



संवाददाता लोकेंद्र सिंह सोलंकी 7354490175 भितरवार रिपोर्ट

जिसमें जाखोदा डैम के आसपास करीबन 8 से 10 गांव आते है जिन गांव के वाटर लेवल लोगो की प्यास बुझाने का जाखोदा डैम द्वारा किया जाता हे लेकिन आज की स्थिति में देखा जाए तो 1000से 1200 फूट पर पानी नहीं है लेकिन आज जाखोदा डैम का मेंटेनेंस ना होने की वजह से कही कही पर टूट फूट गया हे लेकिन जखोदा डैम के आसपास के ग्रामीण एवं किसानों शिकायत है कि डैम के आसपास जो अवैध रूप से खदानें लगाते हैं जिनकी ब्लास्टिंग की वजह से डैम में दरारें आती है जिसकी वजह से पुरा पानी सीपेज हो जाता है इन सब चीजों को मौके पर देखने *भाजपा विधायक एव जनसेवक श्री मोहन उल्फत सिंह राठौर जी , ई सहाब,स्छ्ह, इरिगेशन एव इरिगेशन विभाग के सभी अधिकारी कर्मचारीओ के साथ पहुंच कर जखोदा डैम का निरीक्षण किया* जिसको लेकर सब गांव की सहमति से डैम क्षेत्र की डूब क्षेत्र में किसी भी प्रकार की कोई भी खदान नहीं चलना चाहिए जिसने माइनिंग विभाग एव इरिगेशन विभाग डैम की देखरेख करे एव प्रदेश के *यशस्वी मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव जी* ने जल संवर्धन एव जल संरक्षण को लेकर जो विशेष कार्यक्रम चालू किया है जिसकी वजह से बरसात में किसी भी प्रकार की हानी जैसे डैम की मोरी, लीकेज आदि की समस्याओं को बंद करेगे एव बरसात के बाद डैम में करीबन 3 करोड़ रुपए की लागत आयेगी उसके बाद पूरी तरह से डैम का मेंटेनेंस एव रखरखाव होने के बाद पूरे क्षेत्र को हरा भरा एव हजारों बीघा जमीन को शिक्षित करने का काम जखोदा डैम करेगा! इन सारी चीजों को हमे देखना है ओर इस क्षेत्र को पुनः हरियाली एवं सुख समृद्धि की ओर ले जाना है इन सभी को देखते हुए हम सभी लोग काम कर रहे है! इस अवसर पर सरपंच एवं ग्रामीण जन एवं समस्त अधिकारी सम्मलित रहे!

# तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान की सरकारी अस्पताल में बच्चों को दवा पिलाकर की गई शुरुआत

*अम्बाह से पंकज जैन की रिपोर्ट*

अम्बाह-- शहर में पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत सरकारी अस्पताल में बच्चों को दवा पिलाकर की गई इस मौके पर सरकारी अस्पताल के बीएमओ डॉक्टर प्रमोद शर्मा सहित पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जिनेश जैन पूर्व विधायक सत्य प्रकाश सखवार एवं भाजपा नेता बच्चू लाल गुप्ता सहित अनेक लोग पहुंचे और अस्पताल में स्थित बुतबपर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई इस दौरान डॉ प्रमोद शर्मा ने बताया कि इस अभियान के तहत आज प्रथम दिवस जगह-जगह स्थापित किए गए बूथों पर जीरो से लेकर 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जा रही है इस तीन दिवसीय अभियान के तहत 24 और 25 जून को घर-घर जाकर दवा पिलाई जाएगी डॉ प्रमोद शर्मा ने आम जनता से अपील की है कि वह अपने आसपास के बूथों पर बच्चों को दवा अवश्य पिलाये।











# शहीद कैप्टन शुभम गुप्ता की स्मृति में माथुर वैश्य शाखा अंबाह द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन सिविल अस्पताल अंबाह में किया गया


अम्बाह से पंकज जैन की रिपोर्ट*

अंबाह। अंबाह में रक्तदान महादान माथुर वैश्य शाखा सभा के द्वारा अंबाह सिविल हॉस्पिटल में 23 जून 2024 दिन रविवार को प्रातः काल 10ः00 बजे से दोपहर 2ः00 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 51 लोगों ने रक्तदान देकर अपने आप को गौरांवित महसूस किया।इस बार का रक्तदान शिविर शहीद कैप्टन शुभम गुप्ता की याद में लगाया गया।रक्तदान शिविर में शामिल रक्त वीरों को प्रोत्साहन के लिए अंबाह मैत्री वेलफेयर फाउंडेशन के द्वारा पंछियों के लिए दाना, पानी के लिए सकोरा, पेड़ उपलब्ध कराए गए। मैत्री अध्यक्ष दिनेश गुप्ता ने बताया कि हमारी टीम का उद्देश्य लोगों तक यह मैसेज पहुंचाना है ज्यादा से ज्यादा प्रकृति से जुड़े। प्रकृति से खिलाफत का नतीजा हम सब देख रहे हैं वैज्ञानिक संसाधन या कोई और विकल्प नहीं है जो की प्राकृति का स्थान ले सके। जितनी जल्दी यह बात हमें समझ आएगी उतना ही हमारे भविष्य के लिए अच्छा होगा। मैत्री वेलफेयर फाउंडेशन के अवनीश गुप्ता मोंटू ने पोस्टर के माध्यम से सरकार और लोगो से अपील की है की मुरैना से होते हुए अंबाह पोरसा तक रोड के किनारे पेड़ पौधे लगाने की अपील की है।




# नकली लेटर पैड और सरपंच सिग्नेचर का ग्राम पंचायत में हो रहा है उपयोग कोन हे जिम्मेदार


पंचायत राज अमर रहे।
कार्यालय ग्राम पंचायत,लालाखेड़ी कुलमी
सरपंच
श्रीमती संगीता मकवाना
सचिव
कैलाश गोठी
दिनांक...08/05/24




*रिपोटर सुनील कुमार जाट*

गुलाना शाजापुर जिले की ग्राम पंचायत लालाखेडी कुल्मी में महिला सरपंच के नकली लेटर पैड और सिग्नेचर का हो रहा दुरू उपयोग महिला सरपंच ग्राम पंचायत लाला खेड़ी ने बताया है कि मुझे व्हाट्सएप के द्वारा जानकारी प्राप्त हुई जब मैंने देखा कि मेरे नाम का लेटर पैड और सील सिग्नेचर सभी को नकली बनाकर इसका गलत तरीके से इस्तेमाल किया जा रहा है जब यहां मुझे जानकारी मिली तो मैं मेने ग्राम पंचायत सचिव को अवगत करवाया जबकि नकली लेटर पैड में सचिव के भी सिग्नेचर और सील भी थी जब सचिव से पूछा गया तो सचिव श्री कैलाश गोठी द्वारा बताया गया कि जिस शख्स ने मुझे साइन करवाएं वह पहले से ही नकली लेटर पैड सरपंच का लेकर आया हुआ था मुझे पता नहीं था कि यहां लेटर पैड नकली है मैंने सरपंच श्रीमती संगीता द्वारा उसी पर सील और सिग्नेचर देखकर मेने भी नीचे सिग्नेचर कर दिए लेकिन सरपंच महिला संगीता का कहना है कि यदि इस प्रकार कोई फर्जी कार्यों में मेरे हस्ताक्षर पाए गए तो इसकी जवाबदारी जिसके द्वारा लेटर पैड तैयार किया जाता है उनकी पूरी जवाबदारी होगी जबकि महिला सरपंच संगीता मकवाना ने बताया है कि जो लेटर पैड मेरा और मेरी पंचायत का बना हुआ है उसके विपरीत ही लेटर पैड पूरी तरह से नकली और सील भी दूसरे प्रकार की बनी हुई है और मेरे सिग्नेचर में तो काफी अलग है यह जानकारी तो सचिव श्री कैलाश गोठी को होना चाहिए था महीला सरपंच संगीत का कहना है की अगली बार अगर कोइ घटना होती है तो इस में मेरी कोई जवाबदरी नही होगी क्योकि मेरे दुवारा अवगत कराया गया है




## नशा मुक्ति अभियान के तहत थाना प्रभारी ने थाना परिसर में बैठक लेकर स्टाफ सहित क्षेत्र के लोगों को नशा से दूर रहने की दी सलाह*

### थाना क्षेत्र में मादक पदार्थों की अवैध बिक्री की तत्काल पुलिस को सूचना दें हरिशंकर तिवारी

*दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो रीवा*

पुलिस मुख्यालय भोपाल के द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह के निर्देशन में जिले के समस्त थानो में नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है।इसी कड़ी में आज दिनांक 23.06.024 को गुढ़ थाना प्रभारी हरिशंकर तिवारी थाना क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों एवं थाना स्टाफ की थाने में बैठक लेकर उन्हें नशे से दूर रहने एवं नशे से हो रहे दुष्परिणामों की जानकारी प्रदान की साथ ही अपने आसपास के समाज में रहने वाले लोगों को खासतौर से युवा वर्ग को नशे से दूर रहने की सलाह देने की बात कही।नशा मुक्ति अभियान के तहत शराब,तंबाकू,गांजा सिगरेट,मादक पदार्थ कोरेक्स नशीले पदार्थों का सेवन न करने की समझाइस भी दी गई।साथ ही प्रभारी हरिशंकर तिवारी ने आम जन से अपील की गई कि थाना क्षेत्र में कहीं भी अवैध रूप से नशीले पदार्थ का विक्रय होता दिखाई दे तो उसके संबंध में पुलिस को जानकारी दें।समाज को नशे की लत से दूर रखने एवं नशा मुक्त समाज बनाने का संकल्प लेकर शासन प्रशासन का सहयोग करें और एक अच्छे नागरिक बननें की ज़िम्मेदारी निभाएं।

## महान देशभक्त अमरचंद बांठिया के 166 वें बलिदान दिवस पर नमन किया - हिन्दू महासभा

गिर्राज ओझा------

ग्वालियर- हिन्दू महासभा जिला ग्वालियर के द्वारा अंग्रेजों के खिलाफ ग्वालियर में युद्ध कर रहीं वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई के लिए अपने प्राणों की परवाह न करते हुए खजाना खोलने वाले महान देशभक्त अमरचंद बांठिया के 166 वें बलिदान दिवस पर हिंदू महासभा द्वारा प्रदेश महामंत्री विनोद जोशी जी के निर्देशन में एवं युवक हिन्दू महासभा के जिला संयोजक पवन माहौर की अध्यक्षता में नमन कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए हैं। श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में जिन्होंने अपने देश के लिए प्राणोत्सर्ग किए हैं वे इतिहास में महान कहलाए हैं। श्रद्धांजलि देने वालों में प्रदेश महामंत्री विनोद जोशी, प्रदेश संगठन मंत्री लालजी शर्मा, संभागीय अध्यक्ष पवन गुप्ता, संभागीय संगठन मंत्री मुकेश बघेल, संभागीय महामंत्री मनोज जाटव, हिमस के वरिष्ठ नेता किशोर माहौर, डॉ, होतम फरैजिया, जिला मंत्री सचिन झा, प्रखंड उपाध्यक्ष नीरज साहू, युवक हिन्दू महासभा के नेता पवन माहौर सहित अनेकों ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# युवा पीढ़ी व विद्यार्थियों को नशे व सायबर फ्राड के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार मुहीम जारी है

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान विकास यादव खरगोन जिला ब्यूरो चीफ

रिपोर्टर आशीष शर्मा सनावद- युवा पीढ़ी व विद्यार्थियों को नशे व सायबर फ्राड के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार मुहीम जारी है। जिसके तहत शनिवार को शासकीय स्कूल तोड़ीपूरा में थाना प्रभारी इन्द्रेश त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणाम से अवगत कराने के साथ ही सायबर फ्रॉड की जानकारी देते हुए जागरूक किया। उन्होने कहा नशा आदमी को खोखला करने के बाद भी उसका पीछा नहीं छोड़ता है। इसलिए स्वयं को इससे दूर रखने की आवश्यकता है। नशा एक गंभीर समाजिक बुराई है। नशा एक ऐसी बुराई है जिससे इंसान का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। नशे के लिये घातक मादक दवाओं और पदार्थो का उपयोग किया जा रहा है । इन जहरीले और नशीले पदार्थों के सेवन से व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आर्थिक हानि पहुंचाने के साथ ही इससे सामाजिक वातावरण भी प्रदूषित होता है। आज की युवा पीढ़ी को इससे बचना चाहिए। विद्यार्थी जीवन अनमोल है इसे नशे की गिरफ्त से दूर रखे। नशा किसी प्रकार का भी हो व्यक्तित्व के विनाश, निर्धनता की वृद्धि और मृत्यु के दुवार खोलता है। इस के कारण परिवार तक टूट रहे हैं। आज का युवा शराब और हेरोइन जैसे मादक पदार्थो का नशा ही नहीं बल्कि कुछ दवाओं का भी इस्तेमाल नशे के रूप में कर रहा है। इसलिए स्वयं भी नशे से बचे और अन्य लोगों को भी जागरूक करें। इसी प्रकार साइबर अपराध आज के समय में होने वाला सबसे सक्रिय अपराध है। जिसमे किसी होटल बुकिंग, हैली बुकिंग, धमाकेधार ऑफर या आकर्षक इनाम, लोन से सम्बंधित किसी प्रकार के अज्ञात लिंक को खोलने को लेकर प्रलोभन दिए जाते है। अज्ञात व्यक्ति को ओटीपी देने से अकाउंट खाली हो जा रहे हैं। साथ ही विभिन्न एप्प के माध्यम से लोन दिए जाने, विभिन्न ऑफरों के माध्यम से लॉटरी लगने जैसे कई प्रस्तावों के माध्यम से साइबर ठग लोगों को ठग रहे हैं। इस प्रकार की किसी भी निजी जानकारी को किसी अज्ञात व्यक्तियों से साझा ना करें। खुद भी जागरूक रहने के साथ परिवार के लोगो को जागरूक कर धोखाधड़ी से बचे।



# समाज के अंतिम युवा को समाज से जोड़ने का संकल्प लिया नवसृजन ग्रुप नें

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान विकास यादव खरगोन जिला ब्यूरो चीफ

मंडलेश्वरः नार्मदीय ब्राह्मण समाज के युवाओं द्वारा विशेष उद्देश्य को लेकर बनाए नवसृजन ग्रुप की बैठक युवा मंडल मंडलेश्वर से सौजन्य से नगर की नार्मदीय धर्मशाला में संपन्न हुई। स्थानीय समाज के युवा अध्यक्ष रितेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया की रविवार को नवसृजन ग्रुप के आयोजन की शुरुवात रामघाट से हुई। जहा ग्रुप के युवाओं ने नार्मदीय युवा मंडल मंडलेश्वर के नेतृत्व में मधुकामिनी, पीपल, गुलमोहर, फाइकस, बादाम आदि के पौधे लगाए गए। तत्पश्चात ग्रुप द्वारा नगर परिषद के सौजन्य से घाट पर सफाई अभियान चलाया गया। इस अवसर पर स्थानीय समाज अध्यक्ष सिद्धनाथ उपाध्याय, कार्यकारी अध्यक्ष नंदकिशोर डोंगरे, विजय बड़ोले एवं शरद वैद्य युवाओं के साथ विशेष रूप से उपस्थित रहे।




नप अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे ने जानकारी देते हुए बताया की नार्मदीय समाज के युवाओं ने समाज के अंतिम युवा को समाज से जोड़ने के उद्देश्य से नवसृजन ग्रुप का निर्माण किया है जिसने निमाड़ क्षेत्र की लगभग 12 इकाइयों के युवा जुड़े हुए है। इस ग्रुप से जुड़े युवाओं ने नार्मदीय युवा मंडल मंडलेश्वर के नेतृत्व में घाट पर सफाई अभियान चलाकर वृक्षारोपण किया। उक्त वृक्षारोपण को संरक्षित करने का कार्य नगर परिषद करेगी।

बैठक में समाज के युवाओं ने ग्रुप के उद्देश्य को सार्थकता प्रदान करने हेतु विभिन्न सुझाव दिए। उपस्थित सदस्यो ने एकमत से समाज के अंतिम युवा को समाज से जोड़ने का संकल्प लिया। स्थानीय युवा कुलदीप उपाध्याय ने समाज के युवाओ के लिए रोजगार एवं वैवाहिक रिश्तो की समस्या पर अपने विचार व्यक्त किए। स्थानीय ब्रह्म समाज अध्यक्ष चैतन्य पटवारी, खरगोन के जयेश परसाई, बड़वाह से अखिलेश चौकड़े, कसरावद से रोहित शुक्ला एवं शरद केशरे, ब्राह्मण गांव से अनुराग सोहनी, माकड़खेड़ा से कृष्णकांत डोंगरे सहित अन्य ने भी अपने सुझाव व्यक्त किए। इस अवसर पर समाज के युवा नितिन शर्मा, सौरभ शुक्ला, जयप्रकाश मोयदे, सावन बिल्लोरे, भरत उपाध्याय, राघव उपाध्याय, अक्षय बिल्लोरे, अजय बार्चे, अमेंय शर्मा, अथर्व शुक्ला, वैदिक शुक्ला, वेदांत भटोरे, रोहित शर्मा आदि उपस्थित थे।

# पूर्व मंत्री एवं दमोह विधायक श्री मलैया द्वारा बच्चों को पोलियो रोधी दवा, दो बूंद जिंदगी की पिलाकर पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत की गई



दमोह ~23 जून 2024 राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

जिला चिकित्सालय परिसर मे गरिमामयी संक्षिप्त समारोह पूर्व मंत्री एवं दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल, सीएमएचओ डॉ. सरोजनी जेम्स बेक, डीआईओ डॉ. रेक्सन एल्बर्ट की उपस्थिति मे पल्स पोलियो अभियान का शुभारम्भ हुआ। शुभारम्भ के दौरान विधायक श्री मलैया द्वारा शहरी क्षेत्र दमोह के शिवानी सोनी उम्र 4 माह एवं हर्ष उम्र 4 माह के बच्चे को पोलियो रोधी दवा, दो बूंद जिंदगी की पिलाकर जिले मे पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत की गयी। इस मौके पर विधायक श्री मलैया एवं जिला पंचायत प्रतिनिधि श्री पटेल, सीएमएचओ श्रीमती जेम्स बेक व डीआईओ श्री अल्बर्ट ने जिले के समस्त ग्रामीण एवं शहरी नागरिकों से आग्रह करते हुये कहा कि आईये हम सब मिलकर पोलियो मुक्त भारत की यथा स्थिति बनाये रखने अपने व आसपास के सभी पांच वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलवायें एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को शत प्रतिशत जन्म से पांच साल तक के बच्चों को पल्स पोलियो वैक्सीन पिलवाने मे अपेक्षित सहयोग प्रदान करें।

डॉ. रेक्शन एल्बर्ट ने बताया कि यद्यपि भारत पोलियो मुक्त हो चुका है किंतु बच्चों में पोलियो के प्रति, रोग प्रतिरोधक क्षमता बनाये रखने के लिये हर बार पांच वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों को राष्ट्रीय प्रतिरक्षण दिवस के मौके पर दो बूंद जिंदगी की पल्स पोलियो दवा पिलाना बेहद जरूरी है। उन्होने कहा कि जिले का पल्स पोलियो अभियान के लिये लक्ष्य 201250 है, जिसके लिये 1640 टीम कार्य कर रही हैं जिनकी सतत् मानिटरिंग 249 सुपरवाईजर टीम द्वारा की जा रही है। 59 ट्रॉजिट टीम बनायी गयी हैं जो कि रेल्वे स्टेशन, बस स्टैंड इत्यादि जगह पर शहर से आने-जाने वाले बच्चों को पोलियो वैक्सीन की दो बूंद जिंदगी की पिलायेंगी।

# शाह मोहम्मद शाह सुप्रसिद्ध 855 वें काठा पीर मेले में सफाई व्यवस्था धुवस्त, चारो और गंदगी के ढेर में खोई काठा पीर मेले की रौनक



*अनिल वर्मा/ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान*

हरिद्वार ग्रामीण पथरी/ क्षेत्र स्थित शाह मोहम्मद शाह 855 वें काठा पीर मेले में साफ-सफाई की व्यवस्था पूर्ण रूप से ध्वस्त नज़र आ रही है। जिसके चलते सुप्रसिद्ध काठा पीर मेले में हर तरफ गंदगी के ढेर लगे दिखाई दे रहे है। वही इस कदर बिखरी गंदगी में जायरीनों सहित दुकानदारों व मेला दर्शको को भी बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस गंदगी की वजह से सुप्रसिद्ध काठा पीर मेले की रौनक ध्वस्त होती नजर आ रही है। इससे देखा जा रहा कि मानों वर्षो से यहा पर किसी भी प्रकार की साफ-सफाई की व्यवस्था ही नही हो पाई है। जबकि यहां मेले में दर्शको की संख्या को लाखों में पहुचने की असंका को देखतें हुए साफ-सफाई की व्यवस्था पर अहम भूमिका निभाने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। वही बावजूद इसके भी यहां पर साफ-सफाई पर कोई ध्यान ही नही दिया जा रही है जिससे यहां पर आने वाले जायरीनों व दुकानदारों में भी नाराज़गी बनी हुई है। हालांकि प्रशासन द्वारा बाकायदा मेले में साफ-सफाई व्यवस्था का ठेका दिया जाता है। जिसका ठेका इस बार मेले के मुख्य ठेकेदार वरिश अहमद को दिया गया है मगर इसके बाद भी सफाई व्यवस्था ध्वस्त ही दिख रही है और मेले में चारों तरफ गंदगी के अंबार लगे हुए हैं। जिसके कारण पूरे मेले का वातावरण अस्वच्छ हो रहा हैं और मेले में चारों तरफ बिखरी गंदगी के कारण अज्ञात बिमारियां उत्पन होने का खतरा भी बना हुआ है। बतादे की काठा पीर मेला शुरू हुने से लेकर वर्तमान तक मेले में लगे कूड़ेदानों व चारो और फैली गंदगी ने पूरी साफ-सफाई व्यवस्था की पोल खोल दी है। सफाई के लिए नियुक्त ठेकेदार द्वारा सफाई के नाम पर मात्र औपचारिकता अदा की जा रही है और ठेकेदार द्वारा अपनी जिम्मेवारी से पल्लू झाड़ा जा रहा है। जिससे प्रशासन ने ठेकेदार की कार्य प्रणाली के विरुद्ध काफी रोष व्यापक किया है। वही मेला देखने पहुंचने वाले लोगों का कहना है कि सफाई व्यवस्था के लिए तैनात ठेकेदार सिर्फ सफाई कर्मियों को दिशा निर्देश दे रहा है मगर ठेकेदार अपनी जिम्मेदारी से काम नहीं कर रहा है। वही मेले में दुकानदारो व झूले ठेकेदारो ने बताया कि मेले में सफाई व्यवस्था को लेकर शर्मसार नौबत से गुजरना पड़ रहा है। वही मेला प्रभारी विजयपाल रस्तोगी का कहना हैं कि सफाई ठेकेदार को कड़े निर्देश दिए गए हैं कि मेले की सफाई व्यवस्था जल्द ही पूर्ण रूप से सुदृढ़ करवाई जाए।

# मिशन शक्ति के तहत एन्टी रोमियो अभियान

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान औरैया से ब्यूरो विपिन मित्तल की रिपोर्ट

औरैया 23 जून। पुलिस अधीक्षक महोदया औरैया श्रीमती चारू निगम के निर्देशानुसार थानों की एन्टी रोमियों टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र अन्तर्गत सार्वजनिक स्थानों व स्कूल/कालेजों के आस-पास चेकिंग की गई। इस अवसर पर बिना कारण घूमने वाले लड़को /शोहदों की चेकिंग की गयी साथ ही साथ टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के अन्तर्गत कालेजों में महिला/छात्राओं से उनकी सुरक्षा के सम्बन्ध मे साइबर अपराधों से बचने व सोशल मीडिया का प्रयोग करने में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा छात्राओं को सशक्त व स्वावलंबन बनने व सशक्त करने हेतु महिला हेल्पलाइन नं0-1090,181,112, महिला अपराध की जानकारी देकर तथा उनके अधिकारो के प्रति जागरुक किया गया तथा अपील की गई ।





# 'अखंड भारत' के स्वप्नद्रष्टा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी

दुर्गेश्वर सोनी केसरिया हिन्दुस्तान

ब्यूरो चीफ देवरिया।

भाटपार रानी,देवरिया।उपनगर के सहाय निवास पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस पर सहाय निवास भाटपार रानी पर विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ अरविन्द सहाय ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी एक देश में एक प्रधान, एक विधान और एक निशान विचार के पुरोधा श्रद्धेय मुखर्जी जी ने कश्मीर से धारा-370 को हटाने के लिए व्यापक आंदोलन किया। राष्ट्र की सुरक्षा के लिए उन्हें अपने प्राण त्यागने पड़े। माँ भारती की सेवा के लिए वे सदैव याद किए जाएंगे।कार्यक्रम में सभासद राजेश गुप्ता, शशिभुषण चौबे, संजय कुशवाहा, सुरेंद्र यादव,पवन गुप्ता, तारकेश्वर कुशवाहा, मंटू वर्मा, मनोज पटेल, भृगु पटेल, गजानन्द कुशवाहा, राजेन्द्र खरवार, पवन कुशवाहा आदि भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी गढ़ शामिल हुए।

# नई किरण प्रोजेक्ट के अंतर्गत विखरे परिवारों को एक सूत्र में बांधा

औरैया 23 जून। पुलिस अधीक्षक औरैया श्रीमती चारू निगम के निर्देशानुसार महिला थाना ककोर व महिला थाना बिधूना प्रभारी की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट नई किरण का आयोजन किया गया जिसमें आज



महिला थाना ककोर व बिधूना मे क्रमशः 15 व 05 फाइलें दायर की गई जिनमें क्रमशः 09 व 02 परिवार जो आपसी वैचारिक मतभेद की वजह से कुछ दिनो से अलग रह रहे थे एक दूसरे के साथ रहने को राजी नही थे जिसके कारण परिवार टूटने की कगार पर था जिसे समझा बुझाकर पति-पत्नी के मध्य मन मुटाव कलह को दूर कर एक साथ रहने को राजी कर परिवार से मिलाया गया। परिवार को हसी खुशी बिदा किया गया। नई किरण प्रोजेक्ट के अन्तर्गत विखरे परिवारों को एक सूत्र में बांधने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान प्रोजेक्ट नई किरण के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

# तमंचा लेकर घूम रहे युवक गिरफ्तार

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान (जालौन) से जिला रिपोर्टर सुयश पाण्डेय की रिपोर्ट

कुठौंद जालौन !कुठौंद बस स्टैंड पर स्वच्छंद रूप से तमंचा के साथ भ्रमण कर रहे युवक को थाना पुलिस ने गिरफ्तार करजेल भेज दिया है।



मिली जानकारी के अनुसार सोनू और कक्का पुत्र रामचंद्र उम्र 21 वर्ष निवासी हाजीपुर थाना कुठौंद को शाम के समय अपराधी को पुलिस ने बस स्टैंड के पास अवैध 32 बोर का तमंचा एक कारतूस लिए गिरफ्तार कर लिया गिरफ्तार किए गए युवक के खिलाफ थाना पुलिस ने धारा 3/25 आर्म्स एक्ट एवं 504 /506 के तहत मामला पंजीकृत कर युवक को जेल भेज दिया है।

# लघु सिंचाई विभाग का भ्रष्ट कारनामा अटल भूजल के टेंडर में किया खेल

*रमेश रैकवार चित्रकूट*

चित्रकूट लघु सिंचाई विभाग चित्रकूट भ्रष्टाचार के नए-नए कारनामा खुलकर सामने आ रहे हैं। एक तरफ मोदी योगी सरकार भ्रष्टाचार को लेकर भ्रष्टाचारी विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही के आदेश दे रखे हैं। दूसरी तरफ मोदी योगी सरकार का कोई भय लघु सिंचाई विभाग चित्रकूट में नहीं दिख रहा। बताते चलें कि लघु सिंचाई विभाग चित्रकूट के कार्यालय अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई प्रखंड चित्रकूट द्वारा पत्रांक 713/ल.सि. लेखा निविदा 2023 24 दिनांक 25 जुलाई 2023 मे अल्पकालीन निविदा सूचना का प्रकाशन किया गया। जिसमें मऊ विकासखंड में 9 तालाब करबी विकासखंड में पांच एवं रामनगर विकासखंड में दो तालाब कुल मिलाकर 16 तालाब में कई करोड़ रुपए के टेंडर



प्रक्रिया होना था। अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई प्रखंड चित्रकूट द्वारा टेंडर प्रक्रिया पालन में जमकर गड़बड़ी की गई है। टेंडर डालने के लिए ठेकेदार द्वारा?100 के स्टांप पेपर में 120 दिन तक वैध माना जाता है।परंतु 6 महीना बीत जाने के बाद भी विभाग द्वारा टेंडर नहीं खोला गया ना निरस्त किया गया। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक गोपनीय तरीके से लघु सिंचाई विभाग प्रखंड चित्रकूट द्वारा चाहते ठेकेदारों से साथ गांठ कर पुराने टेंडर प्रक्रिया में खेल किया जा रहा है। जहां पारदर्शी तरीके से टेंडर प्रक्रिया का पालन होना चाहिए था परंतु लघु सिंचाई विभाग प्रखंड चित्रकूट द्वारा पालन नहीं किया गया। सिंचाई विभाग प्रखंड चित्रकूट योगी सरकार के नीति को भ्रष्टाचारी खुलेआम चैलेंज कर रहे हैं। अब देखना होगा अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई प्रखंड चित्रकूट के विरुद्ध क्या कार्यवाही होती है।

# क्रिकेट खिलाड़ी इरफान पठान के मेकअप आर्टिस्ट नगीना निवासी फैयाज अंसारी की वेस्टइंडीज में स्विमिंग पूल में डूबने से मौत

नगीना।भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ऑलराउंडर तथा वर्तमान में वेस्टइंडीज में कॉमेंटेटर इरफान पठान के मैकअप आर्टिस्ट नगीना निवासी फय्याज अंसारी की वेस्टइंडीज के होटल के स्विमिंग पूल में नहाते समय मृत्यु हो गई है।फय्याज इंडिया की कमेंट्री टीम के साथ वेस्टइंडीज में ही इरफान पठान के साथ होटल में ठहरे हुए थे।इरफान पठान फय्याज के शव को लेकर दिल्ली आएंगे।



नगीना के मोहल्ला काज़ी सराय प्रथम निवासी फय्याज अंसारी (22 वर्ष)मरहूम फरीद अहमद पिछले सात साल से मुंबई में ही सैलून चलाते थे।इस दौरान फय्याज पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान का मैकअप आर्टिस्ट बन गया था और इरफान पठान के विदेशी दौरों पर भी जाता था।

इस समय आईसीसी मेंस टी ट्वेंटी वर्ल्ड कप 2024 खेला जा रहा है और टर्नामेंट के सुपर 8 के मैच वेस्टइंडीज में खेले जा रहे है।इरफान पठान स्टार स्पोर्ट्स की कमेंट्री टीम के साथ वेस्टइंडीज में हैं।फय्याज अंसारी भी इरफान पठान के साथ ही था।

फय्याज अंसारी के ताऊ के बेटे तथा नगर पालिका परिषद के सभासद मोहम्मद अहमद ने बताया कि शुक्रवार 21 जून को फय्याज वेस्टइंडीज के होटल के स्विमिंग पूल में नहा रहा था।इसी दौरान उसकी स्विमिंग पूल में ही मौत हो गई।सभासद मोहम्मद अहमद ने बताया कि इरफान पठान ही वेस्टइंडीज में सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद फय्याज अंसारी के शव को लेकर दिल्ली आएंगे। उसके बाद परिजन दिल्ली से शव लेकर नगीना आएंगे।मोहम्मद अहमद ने यह भी बताया कि दो माह पूर्व फय्याज की शादी अकबराबाद में हुई थी।सात आठ दिन पूर्व ही फय्याज नगीना से मुंबई गया था।

# कौशांबी...अस्पताल की जांच को पहुंचे एसडीएम से बदसुलूकी ,5 गिरफ्तार

## देर रात CO चायल ने एसडीएम को अस्पताल से आजाद कराया,सोमवार को डिप्टी सीएमओ ने मरीज के मौत पर अस्पताल किया था सीज

*दैनिक केसरिया हिंदुस्तान अखबार*




*ब्यूरो चीफ गुलाम वारिस*

कौशांबी। तिल्हापुर मोड़ स्थित निजी अस्पताल अरमान हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर में एसडीएम चायल से बीती रात बदसुलूकी हुई है। अस्पताल कर्मियों व संचालक ने सीज अस्पताल में इलाज करा रहे मरीजों का वीडियो बनाने पर मोबाइल छीन कर एसडीएम से धक्का मुक्की की है। वारदात की सूचना पर ष्टह्र चायल ने भारी पुलिस के साथ मौके पर जाकर एसडीएम को अपनी सुरक्षा में आजाद कराया। पुलिस ने अस्पताल के 5 कर्मियों को हिरासत में लिया है। थाना पुलिस विधिक कार्यवाही के एसडीएम की तहरीर का इंतजार कर रही है। मामला रात करीब 12 बजे का बताया जा रहा है। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर एसडीएम चायल योगेश कुमार गौड़ 2 कर्मियों के साथ तिल्हापुर स्थित अरमान अस्पताल एंड ट्रामा सेंटर पहुंचे। उन्हें सोमवार को डिप्टी सीएमओ हिंद मणि ने बिना रजिस्ट्रेशन संचालित अरमान अस्पताल में मरीज की मौत मामले के बाद सीज होने के बाद भी मरीज भर्ती कर इलाज किए जाने की सूचना मिली थी।

बताया जा रहा एसडीएम चायल

# बलिदान दिवस पर भाजपा ने दी डॉ. श्यामा प्रसाद को श्रद्धांजंलि

मथुरा। भारतीय जनता पार्टी ने बलिदान दिवस के अवसर पर डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजंलि अर्पित की। रविवार को जिला भाजपा कार्यालय पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गयी जिसमें कार्यकर्ताओं ने डॉ मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए। महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी ने कहा कि संसार मे ऐसे कम लोग हैं जिन्होंने जीवन के केवल 52 साल के अंतिम 14 साल राजनीति में बिताए हों और इसी अल्पावधि में वे महानतम ऊँचाई को छूकर इतिहास में अमर हो गए हों। ऐसे ही थे डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी। देश की एकता को लेकर उन्होंने एक देशए एक निशान एक विधान का नारा दिया था। उन्होंने कहा कि उनके विचार और लोगों के प्रति उनके सेवा की इच्छाशक्ति हमें प्रेरणा देती रहेंगी, राष्ट्र की एकता के लिए उनके द्वारा किये गए प्रयासों को भुलाया नहीं जाएगा। महानगर



महामंत्री प्रदीप गोस्वामी ने कहा कि महान राष्ट्रवादी नेता व चिंतक जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष एक देश मे दो निशान दो प्रधान दो विधान नहीं चलेंगे का नारा देने वाले और देश की एकता और अखंडता हेतु अपने प्राणो का उत्सर्ग करने वाले श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनके बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेते हैं। मीडिया प्रभारी दीपांकर भाटिया ने बताया कि महानगर के सभी बूथों पर कार्यकर्ताओं द्वारा सभा आयोजित कर डॉ मुखर्जी को श्रद्धांजलि दी गयी और उनके विचारों पर चर्चा की गयी। इस अवसर पर सुल्तान सिंह तरकर अवधेश उपाध्याय ज्ञानेंद्र राणा राजेंद्र पटेल नितिन शर्मा अनिल खंडेलवाल युद्धपाल माहौर शुभम ठाकुर आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# इंदौर-उज्जैन के मध्य शुरू होगा मेट्रो ट्रेन संचालन - मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## केन्द्रीय रेल मंत्री श्री वैष्णव से हुई मुख्यमंत्री की चर्चा*

## प्रदेश के बड़े नगरों के लिए जनप्रतिनिधियों की सहमति से लागू होंगे ट्रैफिक प्लान*

गोपाल त्रिपाठी की रिपोर्ट

भिण्ड। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के बड़े नगरों के लिए नए ट्रैफिक प्लान की जरूरत को देखते हुए राज्य सरकार महत्वपूर्ण कदम उठाने जा रही है। इस दिशा में सबसे महत्वपूर्ण इंदौर-उज्जैन के मध्य मेट्रो ट्रेन के संचालन का निर्णय शामिल है, जो सिंहस्थ 2028 में श्रद्धालुओं के लिए आवाजाही की सुविधा की दृष्टि से भी उपयोगी होगा। इंदौर-उज्जैन के मध्य मेट्रो चलाने से संबंधित फिजिबिलिटी सर्वे की रिपोर्ट प्राप्त हुई है। आने वाले समय में इंदौर एयरपोर्ट से महाकाल मंदिर तक वंदे मेट्रो की सुविधा प्रदेशवासियों और देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं के लिए एक अहम सौगात होगी। विभिन्न नगर परस्पर बेहतर ढंग से जुड़ सकेंगे। भोपाल में एम्स से करोंद चौराहे तक कुल 16.74 किलोमीटर की लंबाई में मेट्रो की लाइन तैयार करने का कार्य तीन चरणों में पूरा होगा। प्रथम चरण सात किलोमीटर का है, जिसमें 8 स्टेशन (एलिवेटेड) शामिल हैं। इंदौर मेट्रो की प्रगति पर भी बताया गया कि कुल 31.32 किलोमीटर में कार्य हो रहा है। इंदौर में कुल 28 स्टेशन बनेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शनिवार को मुख्यमंत्री निवास कार्यालय स्थित समत्व भवन में हुई बैठक में भोपाल और इंदौर के मेट्रो प्रोजेक्ट की प्रगति की समीक्षा के बाद कहा कि सुगम यातायात के लिए प्रदेश के बड़े नगरों जैसे भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और उज्जैन में मेट्रो के साथ वंदे मेट्रो, रोप-वे, इलेक्ट्रिक-बस और केबल-कार जैसे साधनों का उपयोग किया जाएगा। आगामी आवश्यकताओं की दृष्टि से स्थानीय जनप्रतिनिधियों को विश्वास में लेकर आवश्यक प्रबंध किए जाएंगे। यातायात के विकल्पों के उपयोग के अंतर्गत उज्जैन से ओंकारेश्वर रूट, भोपाल से इंदौर, जबलपुर से ग्वालियर के लिए भी विचार कर जरूरी निर्णय लिए जाएंगे।



### *वंदे मेट्रो सर्किल ट्रेन चलेंगी*

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केन्द्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव से हाल ही में हुई चर्चा के अनुसार मध्यप्रदेश में विभिन्न नगरों के लिए वंदे मेट्रो चलाने पर सहमति हुई है। पुरानी मेट्रो के स्थान पर वंदे मेट्रो सर्किल ट्रेन नागरिकों के लिए एक बड़ी सौगात होगी। ऐसे नगरों में जहाँ यातायात का दबाव बढ़ रहा है, वहाँ मेट्रो ट्रेन संचालन की दृष्टि से समेकित रूप से योजना बनाने के लिए सर्किल ट्रेन की सुविधा प्रारंभ करने पर सहमति हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की रेल मंत्री से मेट्रो ट्रेन की स्पीड से अधिक स्पीड से चलने वाली वंदे मेट्रो के संचालन, अत्याधुनिक तकनीक के प्रयोग और पीथमपुर-देवास जैसे औद्योगिक क्षेत्रों को लाभान्वित करने के संबंध में भी चर्चा हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में कुछ नगरों में उपलब्ध नेरो-गेज एवं अन्य रेल लाइन का उपयोग करने के संबंध में कहा कि इसका सर्वे एवं अध्ययन पूर्ण किया जाए ताकि वर्तमान में उपयोग में नहीं आ रहे रेल ट्रेक का उपयोग किया जा सके।

बैठक में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय श्री संजय कुमार शुक्ला, प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास श्री नीरज मंडलोई और मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कार्पोरेशन लिमिटेड के अधिकारी उपस्थित थे।

### *भोपाल मेट्रो रेल परियोजना की प्रगति*

भोपाल में मेट्रो ट्रेन संचालन का परीक्षण भी गत अक्टूबर माह में किया जा चुका है। ऑरेंज लाइन में कुल 16 स्टेशन बनेंगे, जिसमें 14 एलीवेटेड और 02 भूमिगत होंगे। द्वितीय चरण में भदभदा चौराहे से रत्नागिरी तिराहा लंबाई 14.21 किलोमीटर (ब्लू लाइन) में कुल 14 एलीवेटेड स्टेशन बनेंगे। तृतीय चरण में सुभाष नगर से करोंद चौराहा 9.74 किलोमीटर का कार्य शामिल है। सुभाष नगर में संयुक्त मेट्रो रेल डिपो और दोनों लाइन के मध्य पुल बोगदा एक इंटरचेंज स्टेशन है। प्रथम चरण में सिविल और सिस्टम कार्य प्रगति पर है। द्वितीय चरण में सिविल कार्य के लिए शीघ्र अनुबंध किया जा रहा है, जबकि तृतीय चरण के एलिवेटेड और भूमिगत संबंधी अनुबंध संपन्न हो चुके हैं। प्रथम चरण में मेट्रो ट्रेन का कॉमर्शियल परिचालन आगामी महीनों में प्रारंभ होगा। द्वितीय और तृतीय चरण का कार्य कॉमर्शियल परिचालन की दृष्टि से वर्ष 2027 में पूरा होगा।

### *मेट्रो ट्रेन में यात्रियों को मिलेंगी अनेक सुविधाएं*

मेट्रो स्टेशन पर अनेक जनसुविधाएं रहेंगी। इसमें सामान सुरक्षा जांच, यात्री सुरक्षा जांच, पेयजल, वॉशरूम, प्राथमिक चिकित्सा, व्हीलचेयर, स्ट्रेचर, मैनुअल कॉल पॉइंट, अग्निशामक उपकरण, लिफ्ट, स्वचालित सीढ़ियां, प्लेटफार्म स्क्रीन डोर, यात्री मार्ग नक्शा, यात्री सूचना प्रणाली, आपातकालीन स्टॉप पलन्जर, आपातकालीन ट्रिप प्रणाली, आपातकालीन सहायता बटन, प्रतीक्षा बेंच शामिल हैं। इसी तरह ट्रेन में उपलब्ध सुविधाओं में एयर कन्डिशनिंग, ग्रैब पोल और ग्रैब हैन्डल, बैठक व्यवस्था, मार्गदर्शिका, यात्री उद्घघोषणा, कैमरा एवं मोबाइल चार्जिंग पाइंट, आपातकालीन संचार प्रणाली, आपातकालीन निकासी द्वार, धुआं/आग डिटेक्शन शामिल हैं। महिलाओं, दिव्यांग जन का विशेष ध्यान रखा जाएगा। शिशु देखभाल कक्ष भी रहेगा। दिव्यांग जन के लिए शौचालय में कॉल बटन, सहायता कर्मी, सड़क से लिफ्ट तक रैम्प, स्पर्श पथ और व्हीलचेयर की सुविधा रहेगी। केन्द्रीकृत नियंत्रण कक्ष से सम्पूर्ण मॉनीटरिंग की व्यवस्था रहेगी।




## पल्स पोलियो अभियान का हुआ शुभारंभ

मैहर। सिविल अस्पताल मैहर में पल्स पोलियो अभियान की सुरुआत

मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी व सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी ने नवजात शिशुओं को दो बूंद जिंदगी की पल्स पोलियो की दो बूंद पिलाकर शुभारंभ किया गया पल्स पोलियो अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष के बच्चों को 23 जून से 25 जून तक यह अभियान के तहत पल्स पोलियों की खुराक पिलाने का लक्ष्य के साथ आज शुभारम्भ किया गया, इस मौके पर पार्षद लक्ष्मण गुप्ता बीएमओ डॉ ज्ञानेश गौतम,डॉ व्ही के गौतम, डॉ सुदीप अवधिया, सुधीर सोनी, पत्रकार गोवर्धन गुप्ता, नीरज यादव, सहित सैकड़ो नवजात शिशुओं की माताए बहने उपस्थित रही।

## मोरटक्का रेलवे ब्रिज को तोड़ने के दौरान निकाले जा रहे पत्थरों का उपयोग नर्मदा किनारे स्थित स्नान घाटों के विस्तारीकरण एवं नवीन स्नान घाटों के निर्माण में किया जाना चाहिए

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान विकास यादव खरगोन जिला ब्यूरो चीफ

रिपोर्ट आशीष शर्मा सनावद -मोरटक्का रेलवे ब्रिज को तोड़ने के दौरान निकाले जा रहे पत्थरों का उपयोग नर्मदा किनारे स्थित स्नान घाटों के विस्तारीकरण एवं नवीन स्नान घाटों के निर्माण में किया जाना चाहिए।

ये मांग विधायक सचिन बिरला ने रेल मंत्री,मुख्यमंत्री और वरिष्ठ रेल अधिकारियों को प्रेषित पत्र में की है। विधायक ने कहा है कि मीटरगेज रेलवे लाइन को ब्रॉडगेज में तब्दील करने के कारण पुराने रेलवे ब्रिज को तोड़ा जा रहा है। पुराने रेलवे पुल के निर्माण में मजबूत पत्थरों का उपयोग किया गया है। विधायक ने कहा कि रेलवे पुल से निकले पत्थरों से नावघाटखेड़ी के स्नान घाटों का विस्तारीकरण और नवीन स्नान घाटों का निर्माण किया जा सकता है। आगामी उज्जैन सिंहस्थ 2028 को दृष्टिगत रखते हुए मोरटक्का और नावघाटखेड़ी स्थित स्नान घाटों का विस्तारीकरण एवं नवीन स्नान घाटों का निर्माण करना अत्यंत आवश्यक है। सिंहस्थ के दौरान देश भर से लाखों श्रद्धालु नर्मदा स्नान हेतु ओंकारेश्वर आएंगे। ऐसी स्थिति में नर्मदा के तटों पर मौजूद स्नान घाटों का विस्तारीकरण और नवीन घाटों का निर्माण अत्यंत आवश्यक है। इसके अलावा नावघाटखेड़ी में रेलवे ब्रिज से निकले पत्थरों की बड़े पैमाने पर उपलब्धता के कारण घाटों के विस्तारीकरण एवं निर्माण की लागत भी काफी कम होगी।क्षेत्र के नागरिकों की भी मांग है कि तोड़े जा रहे रेलवे ब्रिज के पत्थरों का उपयोग नर्मदा नदी के स्नान घाटों के विस्तारीकरण एवं नवीन स्नान घाटों के निर्माण में किया जाए।

## व्यवस्था को कोसते नजर आए लोग, यातायात की बदहाल व्यवस्था से लोगों में नाराजगी नगर वासियों का कहना,कुछ नहीं कर रही यातायात पुलिस

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/मनोज सिंह/जिला ब्यूरो

टीकमगढ़ । नगर की यातायात व्यवस्था दिनों दिन बद हाल हो रही है जहां आए दिन सुबह से ही नगर के मुख्य मार्गों और मुख्य चौराहों पर जाम लग जाते हैं जहां से लोगों का निकलना दूभर हो जाता है रविवार 23 जून 2024 की सुबह करीब 10.30 बजे नजाई दरवाजे के सामने जाम लग गया जहां लोग जाम खुलने का इंतजार करते रहे जहां इस मौके पर कोई भी ट्रैफिक व्यवस्था बनाने वाले यातायात पुलिस का सिपाही वहां मौजूद नहीं था लोगों ने स्वयं अपनी व्यवस्था जैसे तैसे बनाई तब वहां जाम खुल पाया हालात यातायात व्यवस्था के इस तरह खराब हो चुके हैं कि लोग अब यातायात पुलिस की कार्य प्रणाली कोसते नजर आते हैं जाम में फसे लोगों का कहना था कि यातायात पुलिस कुछ नहीं कर रही है केवल ड्यूटी के नाम पर फॉर्मेलिटी हो रही है जहां शहर में यातायात व्यवस्था पूरी तरह से लड़खड़ा चुकी है और यातायात पुलिस इस ओर कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है लोगों ने यातायात व्यवस्था को दुरुस्त न बताते हुए यह कहा है कि यातायात व्यवस्था पूरी तरह से नगर की चौपट है जिनके कंधों पर यातायात का भार है वह गहरी नींद में सोए हुए हैं।



# कमीशन खोरी व दलाली की भेंट चढ़ रहे नव निर्माण कार्य

मेहर -रामनगर --/-- क्षेत्र में जारी नव निर्माण कार्यो का काला सच,ऊपर से नीचे तक सरकारी साम्राज्य में भ्र्ष्टाचार चरम पर,,आज के बिकाऊ युग मे टिकाऊपन की बात करना हवा में तीर मारने जैसा ही है,जिसके चलते क्षेत्र में ऑन लाइन टेंडर के माध्यम से स्वीकृत निर्माण कार्यो में जमकर कमीशन खोरी किये जाने की खबर है,जिसके चलते मजबूरी में निर्माण एजेंसी/संविदाकार को निर्माण कार्यो की गुणवत्ता में समझौता करके आम जनता व कार्यो को पलीता लगाया जा रहा है,प्राप्त खबर के अनुसार क्षेत्र की जनपद पंचायत में जंहा सात प्रतिशत का नजराना टीएस या एप्रूवल के लिए फिक्स है वही नगर परिषद में चालू दयानत दारी से छह या साढ़े छह प्रतिशत में ही भुगतान हो जाता है,वही ऊपरी विभागों में तो खेल लंबे तक जाने का समाचार है,जिसके चलते क्षेत्रीय निर्माण कार्यो की जिंदगी,व स्वास्थ्य आम इंसानों जैसा ही हो रहा है कि कब टें बोल जाए कुछ पता नही है वही बीपी सुगर,या हार्ट डिजीज की तरह,क्रैक,सीलन,टूट-फुट,तो आम है,, !आज के समय मे जिस तरह से देश प्रदेश,जिले या नगरों ग्रामो में इंसानी,भोजन शिक्षा,स्वास्थ्य व रोजगार में इतना ज्यादा मिलावटी पन भ्र्ष्टाचार देखने को मिल रहा है,पैसों की अहमियत के सामने हर वस्तु बौनी नजर आने लगी है,जिसको पाने के लिए आज कल कोई भी कुछ भी कभी भी कही भी कैसा भी गुल खिला सकते है,खासकर इन दिनों जब गुलाब ,चमेली,रातरानी को उखाड़कर लोग,नदी,तालाबो को खत्म करके गली,मुहल्लों के कीचड़ में कमल खिलाकर सौभाग्यवती होकर श्री की उपासना में रत होकर *संघे शक्ति कलियुगे* का जयघोष करते हुए *सर्वनिष्ठ* में बड़ी शिद्दत से चूना पोतकर चकाचक होते हुए खटाखट या पटापट,आतिशबाजी के कमाल से रद्दी क्रंकीट युक्त धरती बनाकर,टीना टप्पर सजाते हुए प्लास्टिक के डिब्बो पर नाच नाचते हुए विकास की मीनार चुनवा कर,दलाल पथ पर चलते हुए हुंडी गलाने का कारोबार सामने है,,तरक्की कितनी होगी कह नही सकते कारण जंहा अंग्रेजो,मुगलों,या राजा महाराजाओं द्वारा किये गए सदियों,पूर्व के निर्माणों में आज भी ताजगी दिखती है लेकिन भारी भरकम बजट गायब कर,किये गए सरकारी नव निर्माण कार्यो की स्थिति पर गौर करना लाजिमी होगा।





# ग्वालियर में 2 से 12 अगस्त तक आयोजित होगी अग्निवीर भर्ती रैली



## लगभग साढ़े नौ हजार अभ्यर्थी भर्ती रैली में होंगे शामिल

## भर्ती की तैयारियों को लेकर कलेक्टर श्रीमती चौहान की अध्यक्षता में हुई अहम बैठक

## कलेक्टर, एसपी, निदेशक आर्मी भर्ती, नगर निगम आयुक्त एवं अन्य अधिकारियों ने भर्ती स्थल का जायजा भी लिया

*गोपाल त्रिपाठी की रिपोर्ट

ग्वालियर के अटल बिहारी वाजपेयी दिव्यांग खेल प्रशिक्षण केन्द्र में आगामी 2 से 12 अगस्त तक अग्निवीर भर्ती रैली आयोजित होगी। इस भर्ती रैली को सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के लिये व्यापक स्तर पर तैयारियाँ की जा रही हैं। भर्ती की तैयारियों के सिलसिले में शनिवार को कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह की मौजूदगी में भर्ती स्थल पर जिला प्रशासन, पुलिस, नगर निगम एवं अग्निवीर भर्ती से जुड़े सेना के अधिकारियों की प्रारंभिक बैठक हुई। साथ ही सभी अधिकारियों ने विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर अटल बिहारी वाजपेयी दिव्यांग खेल प्रशिक्षण केन्द्र का जायजा भी लिया। जिला प्रशासन, पुलिस व सेना भर्ती कार्यालय के अधिकारियों की बैठक में अग्निवीर भर्ती से संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं को पुख्ता ढंग से अंजाम देने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। साथ ही दिव्यांग खेल स्टेडियम परिसर में अभ्यर्थियों के प्रवेश, निकास एवं शारीरिक परीक्षा स्थल इत्यादि का सभी अधिकारियों ने संयुक्त रूप से जायजा लिया।

# कहार समाज जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में रोपे छायादार पौधे

## दीपक नागर द्वारा कराया जा रहा है पौधरोपण

औबेदुल्लागंज। नगर के सलकनपुर मार्ग पर स्थित जल संसाधन विभाग में पौधरोपण किया गया। कहार समाज के जिला अध्यक्ष बब्लू कहार के नेतृत्व में पीपल, नीम, शीशम के पौधे रोपे गए। हर साल नगर में सामाजिक कार्यकर्ता दीपक नागर द्वारा पौधरोपण कराया जाता है, जिसमें अब तक पांच सौ पेड़ पलकर बड़े हो चुके हैं।

रविवार सुबह 11 बजे पं.संतोष तिवारी शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चरण कर पौधरोपण की शुरुआत कराई। बब्लू कहार के पिता पूरन उस्ताद ने नगर में प्रसिद्ध मावा-बॉटी की शुरुआत की थी। स्व.पूरन उत्साद की स्मृति में बब्लू कहार ने छायादार पौधे रोपे। दो दर्जन लोग जल संसाधन विभाग में एकत्रित हुए थे। सभी ने नगर में चलाए जा रहे पौधरोपण अभियान की सराहना भी की। इस मौके पर सुरजीत सिंह बिल्ले, पार्षद आमीर ममनून, आसिफ खान, अरूण भावसार, कमेलश लौधी, वचन लोधी, इग्लेश यादव, सुरेश केवट, उपेंद्र मालवीय, भूपेंद्र मेहरा, प्रीतम राजपूत, योगेश श्रीवास्तव, राजकुमार लोधी, देवीदास आदि मौजूद रहे।



# भाजपा ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनो का भारत बनाया है: अमिताभ जैन

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

मनोज सिंह/जिला ब्यूरो

टीकमगढ़7 भारतीय संविधान सभा के सदस्य, स्वतंत्र भारत की पहली सरकार के मंत्री और भाजपा के पितृ पुरुष स्व श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पूरे देश में मनाई गई। इसी क्रम में टीकमगढ़ में भी अलग अलग जगह पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी को याद किया गया और उन्हें विन्यांजलि दी गई। इसी क्रम में टीकमगढ़ नगर के वरिष्ठ भाजपा नेता श्री अमिताभ जैन और अन्य बीजेपी के लोगो के द्वारा चेतन्य सदन स्थिति अपने आवास कार्यालय पर श्री मुखर्जी को श्रद्धा सुमन समर्पित किए गए। श्री अमिताभ जैन ने कहा की श्यामा प्रसाद मुखर्जी भाजपा के पितृ पुरुष है राष्ट्रवादी विचारों को जनता के मन तक पहुंचाने के लिए उन्होंने जनसंघ की स्थापना की थी जो आज वट वृक्ष का रूप ले चुका है और भाजपा के रूप में हम सब के सामने है। आज मोदी जी के नेतृत्व बाली भाजपा ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सारे सपने साकार किए है। श्यामा प्रसाद मुखर्जी जिस उद्देश्य को लेकर कश्मीर की धरती पर गए थे और जहा बह शहीद हुए थे आज अनुच्छेद 370 हटने के बाद सही मायनों में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित हुई है। संप्रभुता को सही मायनों में लोगो को समझाने वाले श्री मुखर्जी हम सभी भाजपा के कार्यकर्ताओं का अपने विचारो, आदर्शो के माध्यम मार्गदर्शित करते रहे है। भाजपा का को आज अनुशासन देखने में मिलता है बह सब श्री मुखर्जी की सोच का ही परिणाम है। एसे महान व्यक्ति को हम सभी श्रद्धा सुमन अर्पित करते है। इस कार्यक्रम में आदि जैन, अभी जैन, नसीम खान, दीपक यादव, आसू विश्वकर्मा, जानू खान आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आभार अभी जैन ने किया।



राष्ट्रीय दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान खबरें बेबाक, बेखौफ, बिन्दास

# नौनिहालों की सुरक्षा में कोई चूक न होने दें- रीवा विधायक उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल







## दो बूँद ज़िंदगी की पिलाकर पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया

## दो बूँद हर बार पोलियो – पर जीत रहे बरकरार

*दैनिक केसरिया हिंदुस्तान*

*रीवा संभाग ब्यूरो भूपेंद्र सिंह*

उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने जिला शीघ्र हस्तक्षेप इकाई (जयप्रकाश चिकित्सालय परिसर) में पोलियो ड्राप पिलाकर मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि हमारा मध्यप्रदेश वर्ष 2008 से आज तक पोलियो मुक्त बना हुआ है। उन्होंने प्रदेश के समस्त नागरिकों, अभिभावकों से अपील की है कि अपने नौनिहालों की सुरक्षा में कोई चूक न होने दें। प्रदेश में शुरू हो रहे राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान में 0 से 5 वर्ष आयु के बच्चों को नज़दीकी पोलियो बूथ में जाकर दो बूँद ज़िंदगी की अवश्य दिलायें और देश और प्रदेश को पोलियो मुक्त बनाए रखने में अपना योगदान दें। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने उपस्थित जनों को पोलियो ड्रॉप और वैक्सीनेशन अभियान में सहयोग करने का संकल्प दिलाया।

### *स्वस्थ और सशक्त भारत के निर्माण में सभी नागरिक सहयोग दें*

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि 25 जून से प्रदेश में दस्तक अभियान शुरु किया जा रहा हैं। इस अभियान में घर-घर जाकर स्वास्थ्य विभाग का अमला घर-घर जाकर दस्तक देगा। अभियान में बच्चों की वैक्सीनेशन के साथ-साथ अन्य जाँच भी की जाएगी और आवश्यकतानुसार उपचार के व्यवस्था की जाएगी। उप मुख्यमंत्री ने स्वस्थ और सशक्त भारत के निर्माण में सभी नागरिक सहयोग दें। उपचार की व्यवस्था के लिए पर्याप्त अधोसंरचना और मैनपॉवर की व्यवस्था शासन द्वारा की जा रही है। उन्होंने कहा कि उपचार की व्यवस्था के संपूर्ण स्वास्थ्य सुनिश्चित करने के लिए दिनचर्या में योग व्यायाम और उचित आहार को शामिल करें। उप मुख्यमंत्री ने शिक्षारत चिकित्सकों से अपील की है कि ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था दुरुस्त करने में आगे आयें।

### स्वास्थ्य विभाग के अमले को नागरिक सहयोग प्रदान करें – राज्य मंत्री श्री पटेल

लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री श्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने कहा कि यह गौरव का विषय है कि हम पोलियो से मुक्त हैं। इस अवस्था को बनाये रखने के लिए सतत सजग और सचेत रहने की ज़रूरत है। स्वास्थ्य विभाग का अमला सतत कार्य कर रहा है इस अभियान में सभी नागरिकों के सहयोग की ज़रूरत है। कार्यक्रम में राज्य मंत्री श्री पटेल, विधायक श्री भगवानदास सबनानी ने नौनिहालों को पोलियो ड्रॉप पिलाई।

### 1 करोड़ 11 लाख 0–5 वर्ष के बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाने काई लक्ष्य

प्रदेश में पोलियो सुरक्षा चक्र बनाये रखने के लिए 23 जून से 25 जून तक प्रदेशव्यापी अभियान चलाया जा रहा है। प्रदेश में लगभग 1 करोड़ 11 लाख 0-5 वर्ष के बच्चों को लक्षित किया गया है। प्रथम दिवस (पोलियो रविवार) 54 हजार 742 बूथ, 1237 ट्रांजिट बूथ, 6130 हाई रिस्क एरिया एवं माईग्रटरी बूथ बनाये गये हैं। जिनमें 55,958 वैक्सीनेटर्स द्वारा पोलियो की खुराक पिलाई जायेगी। जिसकी मॉनिटरिंग 7,366 सुपरवाईजरों द्वारा सुनिश्चित की जावेगी। अभियान के दूसरे एवं तीसरे दिन 27,271 टीमों द्वारा 1 करोड़ 28 लाख घरों का भ्रमण कर, बच्चों को पोलियो की खुराक दी जावेगी।

प्रदेश में आयोजित मेला स्थलों, बजारों, एयरपोर्ट, रेल्वे स्टेशन, बस स्टेण्ड इत्यादि स्थलों पर पोलियो दवा पिलाने हेतु 1,237 ट्रांजिट बूथ स्थापित किये गये है। साथ ही एक भी बच्चा पोलियो दवा से वंचित ना रहे इसको ध्यान में रखते हुये हाई रिस्क क्षेत्रों (यथा- ईंट भट्टे, क्रेशर, निर्माण स्थल, घुमक्कड़ आबादी एवं झुग्गी बस्तियों) में 500 मोबाईल टीम की व्यवस्था की गई है। प्रदेश में अभियान के लिये 1 करोड़ 45 लाख पोलियो डोज़ की व्यवस्था की गई है। कलेक्टर भोपाल श्री कौशलेंद्र विक्रम सिंह, संचालक मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम डॉ अरुणा कुमार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ प्रभाकर तिवारी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, चिकित्सकीय स्टाफ, नौनिहालों के साथ अभिभावक और आमजन उपस्थित थे।



26

## आगनवाडी आशा कार्य करताओ ने पिलाई पोलियों की खुराक

देनिक केसरिया हिंदुस्तान /

संडावता - रविवार को आगनवाडी आशा कार्य करताओ ने बच्चो को पिलाई गई दो बूँद हर बार पोलियो पर जीत रहे बरकरार पोलियो दिवस 23 जून 2024 को हर बार कि तरह इस बार भी पोलियो की खुराक पिलाई गई गई । भारत पोलियो मुक्त है। लेकिन पोलियो कुछ देशों में अभी है और फिर लोट सकता है। अपने बच्चे की सुरक्षा में कोई चूक न होने दें। पोलियो की खुराक हर बार दिलाएं। पोलियों पर देश की जीत बनाए रखने में योगदान दें।

अधिक जानकारी के लिए आशा ए.एन.एम. आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से मिले लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश ने 5 साल तक के हर बच्चे को पिलाने का लक्ष लिया है यह अभियान लगातार तीन दिनों तक चलेगा

## मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/ *रीवा संभाग ब्यूरो भूपेंद्र सिंह

कलेक्टर ने परीक्षा केन्द्र का किया निरीक्षण

रीवा जिले में मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा 12 केन्द्रों में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। यह परीक्षा दो पालियों में सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली में दोपहर 2.15 बजे से शाम 4.15 बजे तक संपन्न हुई। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जेलमार्ग सरस्वती स्कूल में बनाए गए परीक्षा केन्द्र का भ्रमण कर परीक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान एसडीएम मनगवां पीएस त्रिपाठी एवं संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय भी उपस्थित रहे। प्रारंभिक परीक्षा के लिए नियुक्त संभागीय प्रेक्षक सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी केएस गौतम के अतिरिक्त परीक्षा के लिए नियुक्त पर्यवेक्षकों व फ्लाइंग स्क्वाड के दल द्वारा परीक्षा व्यवस्थाओं का सतत निरीक्षण किया गया।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जगह जगह कराया योग

### ग्राम शिवतला ,पलकाश्री में कराया गया योग का आयोजन

शैलेन्द्र चौहान भोपाल संभाग रिपोर्टर

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान बाड़ी, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के शुभ अवसर ग्राम शिवतला एवं पलकाश्री स्कूलों में योग कराया गया । बच्चों को योग से होने वाले फायदे के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई । करो योग रहो निरोग के साथ सूर्य नमस्कार एवं योग के कई आसनों को कराया गया । पलकाश्री स्कूल में मुकेश टैगोर शिक्षक ने बच्चों को योग करवाया। और योग से होने वाले फायदे की विस्तार से जानकारी दी गई ।इस अवसर पर शाला प्रभारी संतोष पुलिस्त्य एवं राकेश ठाकुर ,सत्यम ठाकुर सहित ग्राम के वरिष्ठ लोग सम्मिलित हुए। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के बारे में शाला प्रभारी द्वारा भी विस्तार से जानकारी दी गई।इसी क्रम में ग्राम पंचायत शिवतला में भी बच्चों को योग करवाया गया। शिक्षक खुमान सिंह चौहान ने योग कराया एवं योग दिवस के बारे में विस्तार से बताया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से शाला के बच्चों सहित दिनेश साहू शिक्षक,भारती साहू शिक्षक,पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा होशियार सिंह चौहान, ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि मितेश चौहान उपस्थित रहे।





# दो बूंद जिंदगी की पिलाकर पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत

### विधायक, कलेक्टर एवं नगर पालिका अध्यक्ष ने जिला चिकित्सालय में पल्स पोलियो अभियान का किया शुभारंभ

### 05 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का दिलाया गया संकल्प*

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/जिला सीहोर
ब्यूरो दिनेश चौरसिया की रिपोर्ट
सीहोर 23 जून 2024

जिला चिकित?सालय में आयोजित कार्यक्रम में विधायक सुदेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर तथा कलेक्टर प्रवीण सिंह ने दो बूंद जिंदगी की पोलियो ड्राप पिलाकर पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया। यह अभियान जिले में 23 जून से 25 जून तक चलाया जाएगा । विधायक सुदेश राय तथा कलेक्टर प्रवीण सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों, शासकीय सेवकों को अपने परिवार तथा आसपास के 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का संकल्प दिलाने के साथ ही सभी आमजन से शून्य से 5 वर्ष तक के बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाकर देश का भविष्य सुरक्षित करने की अपील की है। उन्होंने आह्वान किया कि सभी यह



सुनिश्चित करें की इस अभियान में कोई भी बच्चा पोलियो रोधी खुराक पीने से वंचित न रहे। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.सुधीर कुमार डेहरिया, सिविल सर्जन डॉक्टर प्रवीर गुप्ता सहित अन्य चिकित्सक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान की शत प्रतिशत सफलता के लिए कलेक्टर प्रवीण सिंह के दिशा निर्देशन में सूक्ष्म कार्ययोजना बनाकर व्यापक तैयारियां की गई है। राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान अभियान के अंतर्गत 23 जून को पोलियो बूथ पर तथा 24 एवं 25 जून 2024 को पोलियो खुराक से छूटे बच्चों को घर-घर पहुंचकर दो बूंद जिंदगी की पिलाई जाएगी। शून्य से 5 वर्ष तक के करीब एक लाख 98 हजार 310 बच्चों को दो बूंद जिंदगी की पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

पल्स पोलियो अभियान की शत प्रतिशत सफलता के लिए कुल 1604 पोलियो बूथ बनाए गए हैं। जिसमें 1443 बी टाईप बूथ एवं 161 सी टाईप बूथ हैं।अभियान की शत प्रतिशत सफलता के लिए विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की ड्यूटी समस्त विकासखण्ड स्तर पर मॉनीटरिंग की जा रही है। इस अभियान के लिए 43 मोबाईल टीमों को दो बूंद पिलाने के लिए मैदानी स्तर पर तैनात किया गया है। इस अभियान में 55 ट्रांजिट टीमों को लगाया गया है। 3632 वैक्सीनेटर, 210 सुपरवाईजर्स तथा 70 वाहनों को अभियान की सफलता में लगाया गया है।

### विकासखंडवार 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों की संख्या

जिले में कुल 01 लाख 98 हजार 310 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी इसमें आष्टा विकासखण्ड में 52 हजार 957, बुदनी 21 हजार 295, इछावर 22 हजार 701, भैरूंदा 31 हजार 676. श्यामपुर 48 हजार 279 बच्चों तथा जिला चिकित्सालय शहरी क्षेत्र में 21 हजार 502 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

# छल रहित, सत्य की राह पर चलने वालों को मिलता है ईश्वर का साथ: ब्रह्माकुमारी

## गीता ज्ञान यज्ञ के समापन दिवस पर बुराईयों को छोड़ने का लिया संकल्प



देनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो / देवीलाल कुशवाह राजगढ़

630152532

सारंगपुर। नगर के मनकामनेश्वर मंदिर वार्ड क्रमांक 2 में सात दिवसीय गीता ज्ञान यज्ञ के समापन दिवस पर भ्राता वंशी लाल पुष्पद, श्रीमति पुष्पा पुष्पद, ओम पुष्पद, दीपक विश्वकर्मा, आनंदीलाल गुप्ता, दुर्गेश चंद्रवंशी, श्याम प्रेमी सदस्य सोलंकी परिवार समेत अन्य गणमान्यों ने दीप प्रज्वलन कर कथा में उपास्थिति दी और व्यासपीठ का सम्मान किया। कथा प्रवक्ता ब्रह्माकुमारी भाग्यलक्ष्मी दीदी ने कहा कि हमारे ऊंचे और श्रेष्ठ कर्म ही हमारे जीवन को सुखदायी और यशस्वी बनाते हैं। हमें महज ज्ञान को सुनना नहीं बल्कि जीवन में उतारकर ईश्वरीय आदेशों के अनुसार जीवन बनाना है। दीदी ने ज्ञान और विज्ञान को सहज रीति समझाते हुए गीता के व्याख्यान के माध्यम से समझाया कि अर्जुन जब अधीर हो गए और उन्होंने अपना मनोबल खो दिया तब भगवान ने उन्हें उनके निज स्वरूप की पहचान देकर कर्म का

सुंदर ज्ञान दिया। ज्ञान ही वो अस्त्र है जिससे हम विषम परिस्थिति में अपने आपको स्थिर बनाए रख सकते हैं। सदैव याद रहे ईश्वरीय ऊर्जा हमारे साथ है, हमारे साथ सदैव अच्छे से अच्छा होगा, ऐसे सकारात्मक विचार हमें निरंतर सही दिशा में आगे लेकर जाएंगे और हम अन्य की प्रेरणा के भी पात्र बनेंगे। दीदी ने सहज व सरल मेडिटेशन के माध्यम से ईश्वरीय अनुभूति कराई साथ ही बुराइयों को हवन कुंड में स्वाहा भी कराया। इस सफल आयोजन के लिए आयोजक श्यामलाल द्रोपदी जाटव ने सभी को हृदय से धन्यवाद किया और दीदी ने भी सभी को बधाई दी। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं द्वारा दीदी का सम्मान किया गया। इस अवसर पर नगरजनों ने कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। दीदी ने सभी से एकाग्रता और समझ को विकसित करने के लिए नियमित मेडिटेशन का आग्रह किया। जिससे तन और मन दोनों स्वस्थ रहे और शीघ्र लक्ष्य प्राप्ति में सफलता मिल सके। साथ ही समय के सदुपयोग की बात भी कही। प्रसादी वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



# युवाओं ने किया समाज का नाम रोशन

शैलेन्द्र चौहान भोपाल संभाग रिपोर्टर

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान बाड़ी,अखिल भारतीय किरार क्षत्रिय महासभा जिला अध्यक्ष संजय सिंह चौहान और मंजू चौहान भाभीजी, उत्कर्ष नताशा चौहान भोपाल ने समाज के प्रतिभाशाली युवाओ का श्रीफल,शॉल, पुष्प माला पहनाकर अपने निवास पर किया सम्मान और बधाई दी जिसमे mppsc चायनित छात्र छात्राओं में mp 3rd रैंक पूजा चौहान एसडीएम, भुवनेश चौहान डीएसपी, रंजना चौहान नायब तहसीलदार को बधाई दी महासभा के पदाधिकारी और युवाओं के मार्गदर्शक शिव हरोड़े जी, एडवोकेट तुलसीराम पटेल जी , आरडी सोलंकी जी मौजूद रहे जिला टीम से डालचंद चौहान (डीएस), जयदेव चौहान (जेडी), वीर सिंह चौहान, कन्हैया चौहान, योगेंद्र पटेल, रामदास चौहान, शुभम और जिला टीम मौजूद रही नवनिर्मित चयनित अधिकारियों के द्वारा समाज के युवाओं को अपने लक्ष्य को पाने के लिए मार्गदर्शन भी दिया

# एक राष्ट्र, एक निशान, एक विधान... डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का एक सपना जिसे पीएम मोदी ने किया साकार प्रदेश अध्यक्ष नरेश धाकड़..

श्योपुर*।राष्ट्रीय एकता व अखंडता के पर्याय, महान शिक्षाविद्, प्रखर राष्ट्रवादी विचारक और भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी राष्ट्रीय विचार मंच मध्य प्रदेश अध्यक्ष नरेश धाकड़ ने कहा कि..*एक राष्ट्र, एक निशान, एक विधान... डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का एक सपना जिसे पीएम मोदी ने किया साकार! देश की एकता को और अधिक मजबूत करने की दिशा में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के अद्वितीय प्रयासों के लिए प्रत्येक भारतीय उनका ऋणी है।

भाजपा मिडिया प्रभारी नरेश धाकड़ जिला श्योपुर ने आज ग्राम व ग्राम



पंचायत इंद्रपुरा में अपने निजी निवास पर श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।और कहा आज सारे देश में भाजपा के कार्यकर्ता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी का बलिदान दिवस मना रहे हैं। 23 जून, 1953 को श्रीनगर की जेल में संदेहात्मक स्थिति में उन्होंने अंतिम सांस ली थी। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी ने एक विचारधारा के लिए अपना पूरा जीवन लगा दिया। वो कभी सत्ता पर बैठने के लिए नहीं आए, वो अनेकों बार सत्ता पर आए और हमेशा विचार के लिए सत्ता को त्यागा। श्री धाकड़ ने श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और सएकड्डपेड़ड्डमॉड्डकेड्डनाम अभियान के अंतर्गत पौधा रोपण किया। इस अवसर पर नरेश धाकड़,राजेंद्र प्रसाद नागर,बबलू नागर,राकेश नागर आदि उपस्थित रहे।

# सी. एल. आई. ए. वेलफेयर एसोसिएशन मंडल का चुनाव सम्पन्न






**प्रकाश सिंह परिहार**

शहडोल/अनूपपुर। सी. डब्लू. ए. भारतीय जीवन बीमा निगम के मुख्य जीवन बीमा सलाहकारों का वेलफेयर संगठन है जो एक सफल उद्यमी के साथ-साथ एक सफल गुरु कैसे बनना है उसका मार्ग प्रशस्त करता है. उक्त उद्गार सेंट्रल जोन की एकता यात्रा के दौरान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश झावर ने व्यक्त करते हुए कहा कि वर्ष 2008 से प्रारंभ हुआ मुख्य जीवन बीमा सलाहकार का चौनल अब पौधे से वृक्ष का रूप ले चुका है जिसका विस्तार पूरे भारत में और तेजी के साथ करना है. भारतीय जीवन बीमा निगम मंडल शहडोल के मुख्य जीवन बीमा सलाहकारों की बैठक के दौरान ही शहडोल मंडल की कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से सत्येंद्र पाठक को अध्यक्ष, संतोष कुमार देवानी को उपाध्यक्ष, राधेश्याम तिवारी को सचिव, रामजियावन सोनी को कोषाध्यक्ष, तथा महेश साहू को ट्रेंड द ट्रेनर बनाया गया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष के अलावा सेंट्रल जोन के अध्यक्ष गिरिराज गुप्ता, राष्ट्रीय सदस्यता अध्यक्ष कृष्ण मुरारी तिवारी, सेंट्रल जोन के सचिव दिलीप तिवारी, शहडोल नगर पालिका अध्यक्ष घनश्यामदास जायसवाल, अरुण कुमार जैन, एच.पी.गुप्ता,सुभद्रा त्रिपाठी, अनिल सोनी, धर्मेंद्र नामदेव, ओमकार सोनी, अशोक कुमार शुक्ला, ज्ञानेंद्र तिवारी, अशफाक अहमद, रामेश्वर प्रसाद गुप्ता सहित कोतमा शहडोल बुढार मनेंद्रगढ़, व्यवहारी के कई मुख्य जीवन बीमा सलाहकार उपस्थित रहे।

# एनसीसी कैडेट्स अपने जीवन की दिशा तय करे - कमिश्नर

## युवा पीढ़ी को सोशल मीडिया की लत से निकलना होगा बाहर - एडीजीपी

शहडोल। अनूपपुर जिले के अमरकंटक में एनसीसी कैडेट्स के ऑल इंडिया ट्रैकिंग कैंप समापन समारोह आयोजित किया गया। अमरकंटक में ऑल इंडिया ट्रैकिंग कैंप समापन समारोह में एनसीसी कैडेट्स को संबोधित करते हुए कमिश्नर शहडोल संभाग बीएस जामोद ने कहा कि अमरकंटक एक पवित्र स्थल है यहां से मध्य प्रदेश और गुजरात की जीवनदायिनी नर्मदा नदी का उद्गम स्थल है। उन्होंने कहा कि एनसीसी कैडेट अपने जीवन की दिशा तय करे और उस दिशा में निरंतर आगे बढ़ने का कार्य करें। कमिश्नर ने कहा कि आजादी मिलने के पश्चात हमारे जितने भी बड़े-बड़े राजनेता, समाजसेवी, वैज्ञानिक इंजीनियर हुए है उन्हे हम श्रद्धा पूर्वक नमन करते हैं, सिर्फ इसलिए कि उन्होंने हमारे देश, समाज के कल्याण और विकास के लिए काम किया है और जो बड़े-बड़े नाम हैं वे जन्म से ही ये इतने अच्छे गुण लेकर नही आए है, उन्होंने अपने आप में ऐसे गुणों का विकास किया है और जब मानव का जन्म लिया फिर उसके बाद देश के कल्याण के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि कई एनसीसी कैडेट में ऐसे होंगे जो उन्हीं के अनुरूप महान कार्य कर सकते हैं और अपना नाम रोशन कर सकते हैं इतना नाम रोशन कर सकते हैं, कि आने वाली पीढ़ियां आपको ईश्वर के रूप में देखें, उदाहरण के तौर पर हमारे पूजनीय महात्मा गांधी है जो अकेले लड़ते गए उन्होंने अहिंसा का सहारा लिया और सत्य को अपना हथियार बनाया, उसी के बल पर देश को आजाद कराया। उन्होंने कहा कि हमारे कई ऐसे



देश भक्त थे जिन्होंने अंग्रेजों के अत्याचार को सहन नही कर पाए और लड़ाई का पीड़ा उठाया और देश के लिए काम किया। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि एनसीसी कैडेट में ऐसे कई लोग होगे जो स्कूल और कॉलेजों में अध्यनरत होंगे, उन्हें किसी भी हालत पर पढ़ाई नहीं छोड़ना है आपको मंजिल खुद तय करना होगा और हौसले रखना होगा, मुसीबत को बताएं कि हममें कितना हौसला है, निश्चित तौर पर जो चाहेंगे वह हासिल होगा हमें हर क्षेत्र में हौसला बनाए रखना होगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एडीजीपी शहडोल जोन डीसी से सागर ने कहा कि आज के युवा ज्यादातर सोशल मीडिया की लत के शिकार हो रहे हैं। सोशल मीडिया का हमारे शरीर में बहुत ही बुरा असर पड़ रहा है। सोशल मीडिया की अत्यधिक लत के कारण नींद ना आना, सेहत खराब होना, आंखें खराब होना जैसे अन्य कई बीमारियों से शरीर ग्रसित हो जाता है, युवा पीढ़ी को जल्द से जल्द सोशल मीडिया की लत से बाहर निकलना होगा। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गय। कार्यक्रम में ब्रिगेडियर बरबरे, कर्नल विजय सहित काफी संख्या में मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ सहित अन्य प्रदेशों के एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे।

# जल गंगा संवर्धन कैचमेन्ट, ट्रीटमेन्ट कार्य सिद्धबाबा नाला का विधायक ने किया भूमि पूजन

शहडोल। जनपद पंचायत जयसिहनगर अन्तर्गत ग्राम पंचायत कतिरा मे महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी स्कीम अन्तर्गत प्रदेश सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना जल गंगा संवर्धन कैचमेन्ट, ट्रीटमेन्ट कार्य सिद्धबाबा नाला का विधानसभा क्षेत्र जयसिंहनगर की विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने 14.91 लाख रू0 की लागत से भूमि पूजन किया गया। उक्त कार्य की स्वीकृति से वर्तमान में 5000 घन मीटर भराव क्षमता वाले नाला क्लोजर जो कि वहां आने वाले श्रद्धालुओ के स्नान एवं पूजन हेतु उपयोग होता है उक्त कार्य के निर्माण से 10000 घन मीटर भराव क्षमता में वृद्धि होगी। इस अवसर पर समाजसेवी कमल प्रताप सिंह, सीईओ जनपद अशोक मरावी, श्रीमती मालती सिंह अध्यक्ष जनपद पंचायत जयसिहनगर, जनपद पंचायत जयसिहनगर, अरूण गौतम



अध्यक्ष, अन्त्योदय समिति जनपद जयसिंहनगर, श्रीमती कलावती कोल सरपंच ग्राम पंचायत कतिरा सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। गौरतलब है कि जनपद पंचायत जयसिंहनगर अन्तर्गत सिद्धबाबा आश्रम चूदी नंदी के तट पर स्थिति है जो कि जयसिंहनगर एवं आस-पास के क्षेत्र के लोगो की आस्था का केन्द्र है वहां पर स्थिति नाला के संबर्धन एवं कैचमेन्ट के ट्रीटमेन्ट के कार्य की लम्बे अरसे से स्थानीय जनप्रतिनिधियो एवं श्रद्धालुओ द्वारा मांग की जा रही थी उक्त मांग को दृष्टिगत रखते हुये मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शहडोल राजेश जैन के भ्रमण के दौरान उक्त धार्मिक स्थिल को विकसित किये जाने हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जयसिंहनगर अशोक मरावी को निर्देश दिये गये थे। जिसके पालन मे उक्त कार्य की स्वीकृति प्रदाय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जयसिंहनगर अशोक मरावी द्वारा दी गई।

# 5 साल तक के बच्चे को पोलियो की दवा अवश्य पिलाएं

## विधायक व कलेक्टर ने बच्चो को पिलाई पोलियो की खुराक

शहडोल। विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह व कलेक्टर तरुण भटनागर ने रविवार को जिला अस्पताल शहडोल पहुंचकर पल्स पोलियो अभियान का किया शुभारंभ तथा राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष तक के बच्चो को पोलियो की खुराक पिलाई। कलेक्टर ने परिजनों से चर्चा करते हुए कहा की 25 जून तक 0 से 5 वर्ष तक के बच्चो को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी, इस दौरान सभी नागरिक अपने 5 वर्ष तक के बच्चो को पोलियो की दवा जरूर पिलाए। कलेक्टर ने




मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एके लाल से राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी प्राप्त की। जिस पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने कलेक्टर को अवगत कराया की जिले में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चो को पोलियो की खुराक पिलाने हेतु 1000 पोलियो बूथ बनाया गया है। गौरतलब है कि राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान 25 जून 2024 तक चलाया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एके लाल, सिविल सर्जन डॉ जीएस परिहार ने भी 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाया।

# 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाना न भूलें - कलेक्टर

## 23 से 25 जून तक जिले में चलेगा पल्स पोलियो अभियान



शहडोल। कलेक्टर तरुण भटनागर ने शहडोल जिले के नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि जिले में 23 से 25 जून तक राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा है कि राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत जिले के नागरिक अपने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की सुरक्षा कवच पहनाने के लिये अपने बच्चों को लेकर पोलियो बूथ पर जाकर और पोलियो की खुराक जरूर पिलाए। कलेक्टर ने कहा कि जिले में पल्स पोलियो अभियान की तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं तथा पल्स पोलियो अभियान के लिये गठित टीमों को जिले के जन्म से पाँच वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पोलियो रोधी खुराक पिलाने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने कहा कि 23 जून को पोलियो बूथ पर और स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा 24 एवं 25 जून को घर-घर जाकर पोलियों की दवाई पिलाई जाएगी।

# अवैध तरीके से शराब होम डिलेवरी करने वाले आरोपियों के विरूद्ध शहडोल पुलिस की कार्यवाही



शहडोल। कतिपय समाचार पत्रों और इलेक्ट्रानिक मीडिया में शहडोल जिले में धनपुरी थाना क्षेत्रांतर्गत अवैध तरीके से शराब की होम डिलीवरी करने एवं किराना सामान की तरह बाइक से घर-घर शराब पहुंचाने के संबंध में खबर प्रकाशित हुई थी। प्रकाशित खबर को पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक द्वारा तत्काल संज्ञान में लेते हुए थाना प्रभारी को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। जिसके बाद धनपुरी पुलिस की अलग-अलग टीमों ने दो स्थानों पर रेड कार्यवाही की। आरोपी 1. मथुरा जायसवाल उम्र 53 साल एवं 2. नारायण जायसवाल उम्र 46 साल दोनों निवासी अमरकंटक रोड धनपुरी के द्वारा अवैध शराब बिक्री हेतु रखे पाये जाने पर उनके कब्जे से कुल 66 पाव देशी शराब कीमती 3900 रूपये की जप्त की गई है, तथा दोनों आरोपियों के विरूद्ध पृथक-पृथक आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किये गए हैं।

# प्रथम सत्र में 1757 और द्वितीय सत्र में 1740 परीक्षार्थी हुए शामिल

## म. प्र. लोक सेवा आयोग 2024 की प्रारंभिक परीक्षा संपन्न

शहडोल। संभागीय मुख्यालय शहडोल में बनाए गए परीक्षा केंद्रों में लोक सेवा आयोग 2024 की प्रारंभिक परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा प्रभारी श्रीमती एंतोनिया एक्का ने जानकारी दी है कि परीक्षा केंद्र शासकीय बालक हायर सेकेंडरी स्कूल सोहागपुर में छात्र संख्या 300 में 218 उपस्थित एवं 82 छात्र अनुपस्थित, परीक्षा केंद्र शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल सोहागपुर में 300 छात्र में 220 उपस्थित तथा 80 अनुपस्थित, परीक्षा केंद्र



शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल स्टेडियम रोड शहडोल में 350 छात्रों में से 254 छात्र उपस्थिति तथा 96 अनुपस्थित, परीक्षा केंद्र शासकीय रघुराज हायर सेकेंडरी स्कूल नंबर 1 में 400 छात्रों में से 308 छात्र उपस्थिति तथा 92 छात्र अनुपस्थित, परीक्षा केंद्र शासकीय इंदिरा गांधी कन्या महाविद्यालय पांडव नगर में 400 छात्रों में से 299 छात्र उपस्थिति तथा 101 साथ अनुपस्थित, परीक्षा केंद्र सेंट्रल एकेडमी हायर सेकेंडरी स्कूल शहडोल में 350 छात्रों में से 275 छात्र उपस्थिति तथा 75 छात्र अनुपस्थित, परीक्षा केंद्र शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई हायर सेकेंडरी स्कूल में 253 छात्रों में से 183 छात्र उपस्थिति तथा 70 छात्र अनुपस्थित रहे। इस प्रकार कुल प्रथम पाली की परीक्षा में 2353 छात्रों में से 1757 छात्र उपस्थिति तथा 596 छात्र अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार द्वितीय पाली की परीक्षा में परीक्षा केंद्र शासकीय बालक हायर सेकेंडरी स्कूल सोहागपुर में 300 छात्रों में से 215 छात्र उपस्थिति तथा 85 छात्र अनुपस्थित, परीक्षा केंद्र शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल सोहागपुर में 300 छात्रों में से 220 छात्र उपस्थिति तथा 80 छात्र अनुपस्थित, परीक्षा केंद्र शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल स्टेडियम रोड शहडोल में 350 छात्रों में से 251 छात्र उपस्थित तथा 99 छात्र अनुपस्थित, परीक्षा केंद्र शासकीय रघुराज हायर सेकेंडरी स्कूल नंबर 1 में 400 छात्रों में से 303 छात्र उपस्थिति तथा 97 छात्र अनुपस्थित, शासकीय इंदिरा गांधी कन्या महाविद्यालय पांडव नगर शहडोल में 400 छात्रों में से 297 छात्र उपस्थिति तथा 103 छात्र अनुपस्थित, परीक्षा केंद्र सेंट्रल एकेडमी हायर सेकेंडरी स्कूल शहडोल में 350 छात्रों में से 272 छात्र उपस्थिति तथा 78 छात्र अनुपस्थित, परीक्षा केंद्र शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई हायर सेकेंडरी स्कूल में 253 छात्रों में से 182 छात्र उपस्थिति तथा 71 छात्र अनुपस्थित रहे। इस तरह द्वितीय पाली की परीक्षा में कुल 2353 छात्रों में से 1740 छात्र उपस्थिति तथा 613 छात्र अनुपस्थित रहे। साथ ही परीक्षा पर्यवेक्षक महेंद्र सिंह भिलाला (से. नि. आईएएस) ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण भी किया। गौरतलब है कि म. प्र. लोक सेवा आयोग 2024 की प्रारंभिक परीक्षा दो सत्रों में आयोजित की गई थी।




# पुलिस द्वारा नशामुक्ति जनजागृति सप्ताह का आयोजन

शहडोल। पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेशानुसार अंतर्राष्ट्रीय नशामुक्ति दिवस 26 जून 2024 के परिपेक्ष्य में नशामुक्ति जनजागृति सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक शहडोक कुमार प्रतीक के निर्देशन में नशामुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। नशीले पदार्थों का उपयोग समाज में तेजी बढ़ रहा है साथ ही यह एक सामाजिक समस्या का रूप ले रहा है। उक्त प्रवृति युवाओं विशेषकर स्कूल/कॉलेज के छात्र/छात्राओं में तेजी से बढ़ती जा रही है। जिसके कारण उनके मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ रहा है। साथ ही यह प्रवृति इनको अपराध घटित करने के लिए भी प्रेरित कर रही है। इसे रोकने हेतु देश व्यापी अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत शहडोल पुलिस द्वारा भी रविवार को शहडोल पुलिस द्वारा सभी थाना क्षेत्रों में नशामुक्ति जनजागृति अभियान का आयोजन किया गया एवं लोगों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए इससे बचने की समझाइश दी गई।

# कमिश्नर ने बच्चों को पिलाई पोलियो निरोधी दवा



शहडोल। कमिश्नर शहडोल संभाग बीएस जामोद ने रविवार को पल्स पोलियो अभियान के तहत जिला चिकित्सालय शहडोल में बच्चों को पोलियो निरोधी दवा पिलाई। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ए.के. लाल, शिविल सर्जन जिला चिकित्सालय डॉ जीएस परिहार ने भी बच्चों को पोलियो निरोधी दवा पिलाई। इस मौके पर कमिश्नर ने बच्चों के परिजनों से चर्चा की तथा उन्हें पोलियो निरोधी दवाई के महत्व के संबंध में समझाईस दी। कमिश्नर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान की तैयारियों के संबंध में भी विस्तृत जानकारी ली।

# कमिश्नर ने पीएससी परीक्षा केन्द्र का किया निरीक्षण

शहडोल। कमिश्नर शहडोल संभाग बीएस जामोद ने रविवार को संभागीय मुख्यालय शहडोल के शासकीय इंदिरा गांधी महाविद्यालय में चल रही लोक सेवा आयोग के परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने महाविद्यालय में बनाए गए नियंत्रण कक्ष का भी निरीक्षण किया और महाविद्यालय में लोक सेवा आयोग 2024 की प्रारंभिक परीक्षा के लिए की गई व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। इस मौके पर प्राचार्य शासकीय इंदिरा गांधी महाविद्यालय मुकेश तिवारी भी साथ रहे।



स्वामित्व प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक रविंद्र सिंह द्वारा पवैया प्रिंटर्स मुरार, 6 चौराहा मुरार, ग्वालियर ( मध्य प्रदेश ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक : रविन्द्र सिंह , संपादक : अशोक सोनी (9009601101) , स्थानीय संपादक ग्वालियर कपित गोयल, भोपाल कार्यालय पता-- प्रेस काम्प्लेक्स महाराणा प्रताप अपार्टमेंट एम पी नगर जोन 1 भोपाल मध्य प्रदेश दूरभाष--755,3596045 मोबाइल 9644811407 Email id :hindustannews404@gmail.com, R.N.I. No. MPHIN/2021/82530

# सरकार हाठधर्मिता के रहते परीक्षा को नए सिरे से न कराकर बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है

**डॉ यथार्थ शुक्ल दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान**

सीतापुर। युवक कोंग्रेस के एक दौर मे शिखर पुरुष रहे स्वर्गीय संजय गांधी की पुण्य तिथि पर कोंग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष डॉ यथार्थ शुक्ल ने नीट परीक्षा को लेकर केंद्र सरकार पर बड़ा हमला बोला है ।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि सरकार हाठधर्मिता के रहते परीक्षा को नए सिरे से न कराकर बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है एशिक्षा मंत्री को युवा शक्ति से टकराव का रास्ता छोड़कर बच्चों के भविष्य के बारे मे सोचना चाहिए एबड़ा सवाल तो ये है कि अगर इस पेपर आउट से किसी अपात्र का चयन हुआ और उसके इलाज से किसी के जीवन पर बन आइ तो क्या उसकी गारंटी केंद्र सरकार और शिक्षा मंत्री लेंगे ।



डॉ यथार्थ ने सवाल उठाते हुए कहा कि नीट परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि के बाद एक सप्ताह डेट बढ़ाई गई लेकिन अस्चर्यजनक रूप से एक माह के बाद केवल एक दिन के लिए ये विंडो कियु खोली गई और उस दिन कौन कौन फॉर्म भरे गये उनका खुलाशा होना चाहिए । डॉ यथार्थ ने कहा कि पूरे जिले के अभ्यर्थियों से भेंट कर उन्होंने एम पी राकेश राठौर को पूरी रिपोर्ट सौंपी है जो दिल्ली मे ये आवाज़ उठाने का काम करेंगे ।उन्होंने कहा कि यदि एक सप्ताह के अंदर परीक्षा पुनः कराने का निर्णय न हुआ तो जिले मे भी बड़ा आंदोलन् शुरु किया जायेगा।

# स्वास्थ्य विभाग के संरक्षण में प्राइवेट अस्पताल,नर्सिंगहोम अवैध रूप से संचालित

सीतापुर। जनपद तंबौर कस्बे में स्वास्थ्य विभाग के संरक्षण में दर्जनों प्राइवेट अस्पताल,नर्सिंगहोम व प्रसव केंद्र अवैध रूप से संचालित किये जा रहे है।इस संबंध में अख़बारों में लगातार खबरें प्रकाशित की जा रही है।लेकिन स्वास्थ्य विभाग की मिलीभगत के चलते कार्यवाही नहीं हो पा रही है।इस संबंध में समाजसेवी इंजीनियर नुसरत अली ने मुख्यमंत्री को प्रार्थना पत्र व जनसुनवाई के माध्यम से अवगत कराया है कि योगी सरकार आम जनमानस के स्वास्थ्य की सेवा को बेहतर बनाने को लेकर रात दिन अग्रसर व सजग है।वहीं तहसील लहरपुर के कस्बा तंबौर में दर्जनों अवैध व मानक विहीन अस्पताल व जाँच के नाम पर पैथालॉजी स्वास्थ्य अधीक्षक के संरक्षण में अवैध रूप से संचालित है।जिला प्रशासन स्वास्थ्य विभाग मूकदर्शक बनकर कुम्भकर्णी नींद में सो रहा है।कस्बा तंबौर में अधिकतर अवैध रूप से संचालित अस्पतालों के पास संचालन व अनुमति पत्र नहीं है।तथा अस्पतालों में डॉक्टर भी नहीं है।स्वास्थ्य अधीक्षक के संरक्षण में अस्पताल व पैथालॉजी संचालकों ने मकड़जाल बना रखा है।सभी अस्पतालों में लखनऊ के डॉक्टरों के नाम पर बड़े बड़े बैनर पोस्टर लगा रखे है।बैनर पोस्टरों में जिन डॉक्टरों के नाम लिखे है उनमे से एक भी डॉक्टर इन अस्पतालों में नहीं बैठते है।इन अस्पताल संचालकों व सामुदायिक स्वास्थ्य विभाग की मिलीभगत के चलते लोगों की जान के साथ खिलवाड़ करने का घिनौना खेल खेला जा रहा है।




## उठ जाता फोन तो नही मरती पापा की परी।

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान**

सीतापुर। अगर पांवर हाउस के जिम्मेदारों ने फोन उठा लिया होता और समय रहते पांवर पाउस के कर्मचारियों से सेटडाउन कर दिया होता है तो एक मासूम की सांस बच सकती थी होनी को कुछ मंजूर हो लेकिन इस घटना के बाद से बिजली विभाग के अधिकारियों पर उंगली उठने लगी है। जब बच्ची तड़प रही थी तो गांव के जागरूक लगातार पांवर हाउस पर फोन कर रहे थे और कुछ लोगो द्वारा दावा किया जा रहा है कि हमने स्थानीय बिजली विभाग के अधिकारियों को भी फोन किया लेकिन किसी का फोन नही उठा इस कारण सेटडाउन नही हो सका और किसी पापा की परी दुनिया से चली गई। घटना क्रम पर प्रकाश डाला जाये तो पता चलता है कि रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र के एक गांव में को एक मासूम करंट की चपेट में आ गई। मौके ही पर उसकी दर्दनाक मौत हो गई। ग्रामीणों ने बिजली विभाग को घटना की सूचना दी है। विभागीय अधिकारियों ने जांच की बात कही है। महिमापुर गांव निवासी पप्पू गौतम की पुत्री पायल (5) गांव के अन्य बच्चों के साथ खेल रही थी। घर के पास में लगे बिजली के पोल से जमीन के अंदर जा रहे अर्थिंग तार की चपेट में आ गई। तार में तकनीकी खामी के कारण हाई वोल्टेज करंट आ रहा था। पायल ने खेलने के दौरान अज्ञानतावश उसी तार को पकड़ लिया। तार छूते ही पायल उसी में चिपक गई। पायल की दर्दनाक मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि जब यह घटना हुई तो आसपास मौजूद लोगों ने उपकेंद्र व डायल 1912 पर कई बार फोन मिलाय। लेकिन दोनों नंबर पर घंटी जाती रही। फोन ही नहीं उठा। इस वजह से बच्ची को नहीं बचाया जा सका। रंजीत सिंह, जेई, बांसुरा, विद्युत उपकेंद्र ने बताया कि अर्थिंग के लिए एलटी लाइन से तार जमीन में डाा गया था। हो सकता है किजो आंधी चली है, उस वजह से करंट उतरआया हो। घटना की जांच करवाई जायेगी । वहीं क्षेत्र के लोगों का कहना है कि पावर हाउस के अधिकारी और कर्मचारी फोन तक नही उठाते है इसी कारण अनहोनी हो जाती है।

## परिषद द्वारा रामचरितमानस सुंदरकांड पाठ

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान**

सीतापुर।

राष्ट्रीय सेवा परिषद द्वारा रामचरितमानस सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। पाठ शनिवार की देर शाम शहर के गौशाला स्थित गौरी शंकर मंदिर पर आयोजित हुआ। कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारीयो मे जिला अध्यक्ष सचिन त्रिपाठी, जिला महासचिव विजय शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष डा शांति स्वरूप रस्तोगी, वरिष्ठ नागरिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष राम कुमार कटियार, जिला मंत्री विनोद त्रिपाठी, संजय पाण्डेय, व्यापार प्रकोष्ठ अध्यक्ष संजय शुक्ला जिला प्रवक्त लक्ष्मीकान्त बाजपेयी, युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रियंका सिंह, शशि सिंह, शशिकांति तिवारी, रामदत्त मिश्रा, विश्वंभर दयाल तिवारी, ओम प्रकाश मिश्रा, के अलावा बड़ी संख्या में श्रद्धालुओ ने पाठ किया। पाठ के समापन के उपरांत संगठन के जिला प्रवक्ता लक्ष्मीकन्त बाजपेयी की वैवाहिक वर्षगांठ मनाया गया। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश राय, जिला अध्यक्ष सचिन त्रिपाठी, महासचिव विजय शुक्ला, डॉ शांति स्वरुप रस्तोगी, शशिकांति तिवारी ने भेट देकर व राष्ट्रीय महासचिव शिव बालक त्रिवेदी ने पूजित पुष्प भेट कर शुभकामनाऐ दी। अंत मे आरती व प्रसाद के वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

## बिसवां में मनरेगा कार्यो में जमकर फर्जीवाड़ा करना सचिव को पड़ा महंगा

**अमित यादव प्रा संवाददाता दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान**

सीतापुर(बिसवां) मनरेगा कार्यो फर्जीवाड़ा को लेकर खण्ड विकास अधिकारी बिसवां ने सख्त रुख दिखाते हुए ग्राम विकास अधिकारी पर निलंबन की कार्यवाही की गई।

बताते चले कि विकास खंड बिसवां की ग्राम पंचायत भागीपुर में पिछ्ले वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा के अंतर्गत कराये गए कार्य अमर सिंह के खेत का समतलीकरण का खण्ड विकास अधिकारी बिसवां ने तकनीकी सहायक व जेई के संग निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भारी कमिया पायी गयी, जिसमे मौके पर यह भी देखा गया कि कार्य पूर्ण नही हुआ है कार्य होने की जगह पर गन्ने की फसल पायी गई।उक्त कार्य पर 1लाख 28 हजार 370 रुपये के स्टीमेट बना कर कार्य स्वीकृत कराया गया,वही अप्रैल माह तक 258 मनरेगा श्रमिको की हाजिरी दर्ज कर लगभग 61 हजार रुपये का भुगतान भी कर दिया गया,बीडीओ बिसवां के द्वारा मास्टर रोल व अन्य पत्रावलियों की जांच की गई जिसमें ग्राम विकास अधिकारी पंकज कुमार सागर की कमिया पायी गयी, व बिना फर्जी तरीके से बिना कार्य के भुगतान कर दिया गया, उसके बाद ग्राम विकास अधिकारी को बीडीओ के द्वारा तलब किया गया, उस दौरान ग्राम विकास अधिकारी सवालों के उत्तर नही दे पाए व वह पर प्रकरण में दोषी पाए गए, जिसके चलते जिला विकास अधिकारी के द्वारा ग्राम विकास अधिकारी को निलंबित करने की कार्यवाही की गई।

## अब नही हो सकेगा गड़बड़ 15 से छात्रो की ऑनलाइन लगेगी हाजिरी

सीतापुर। अब कोई भी शिक्षक गड़बड़ी नही कर पायेगे। जितने छात्र होगे उसकी पक्की पक्की जानकारी विभाग के पास होगी और उसी हिसाब से हर हिस्सटम चलेगा। कोई भी शिक्षक अपने स्कूल में फर्जी छात्रों को प्रवेश नही कर सकेगा। जितने छात्रों की उपस्थित होगी वह सभी छात्र जिम्मेदार अधिकारियों की नजर में रहेगे। शिक्षा व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के लिये इस तरह योजना चलाई गई है। परिषदीय विद्यालय के शिक्षक व नौनिहालों की ऑनलाइन हाजिरी 15 जुलाई से अनिवार्य होगी। टैबलेट के माध्यम से यह काम किया जाएगा। प्रधानाध्यापक इस हाजिरी को प्रमाणित करेंगे। इसके अलावा 12 डिजिटल पंजिकाएं भी प्रभावी रहेंगी। यानि विद्यालय में हाजिरी से लेकर एमडीएम तक सब कुछ ऑनलाइन करने की व्यवस्था तेज कर दी गई है। परिषदीय विद्यालय में 12 तरह की पंजिकाएं चल रही है। इनके जरिए विद्यालय में होने वाली हर गतिविधि अंकित की जाती है। परिषदीय विद्यालयों को इससे पहले टैबलेट दिए जा चुके है। इनके सिम खरीदने व रिचार्ज की व्यवस्था कंपोजिट ग्रांट से की गई है।अब इनके विद्यालय संचालन में भरपूर प्रयोग किया जाएगा। 15 जुलाई से विद्यालय में शिक्षक व नौनिहालों की ऑनलाइन हाजिरी ही मान्य होगी। हाजिरी लगाने के बाद प्रधानाध्यापक इसको प्रमाणित करेंगे।शिक्षक विद्यालय आगमन व प्रस्थान यानि दो बार हाजिरी लगाएंगे। इनमें उपस्थिति पंजिका, प्रवेश पंजिका, कक्षावार छात्र उपस्थिति पंजिका, एमडीएम पंजिका,समेकित निशुल्क सामग्री वितरण पंजिका, स्टॉक पंजिका, आय व्यय एवं चेक इश्यू पंजिका, बैठक पंजिका, निरीक्षण पंजिका, पत्र व्यवहार पंजिका, बाल गणना पंजिका व पुस्तकालय एवं खेलकूद पंजिका शामिल है।एक अप्रैल से 30 सितंबर तक सुबह 7.45 से आठ बजे के बीच हाजिरी लगाएंगे। प्रस्थान के समय 2.15 से 2.30 बजे के बीच करेंगे। गर्मी के चलते फिलहाल समय परिवर्तन हो गया है। एक जुलाई से अग्रिम आदेश तक सुबह 7.15 से 7.30 व वापसी के समय दोपहर 1.30 से 1.45 के बीच करेंगे।

# बीडीओ हरगांव के सरंक्षण में फलफूल रहे मनरेगा घोटाले बाज

## सरकार भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश की बात कर रही है,वही बी डी ओ हरगांव भ्रष्टाचारियो को संरक्षण दे रहे है।

**अमित यादव प्रा0 संवाददात दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान**

सीतापुर ।जनपद में मनरेगा योजना में जमकर भृष्टाचार किया जा रहा है, जिम्मेदार अधिकारी जानबूझ कर अंजान बनने का नाटक कर रहे है, मनरेगा कार्यो में ऑनलाइन दर्ज की हाजिरी और मोके पर कार्य करने वाले श्रमिको की संख्या में जमीन आसमान फर्क देखने को मिल रहा हैं, वही सम्बन्धित अधिकारियों ने मनरेगा ऑनलाइन हाजिरी का मख़ौल बना कर रख दिया है जारी शासनादेश का मजाक उड़ाया जा रहा है, तकनीकी सहायक से लेकर डी सी मनरेगा व खंड विकास अधिकारी सभी के सभी या तो ऑनलाइन लगने वाली हाजिरी को कभी देखते ही नही है या फिर देखकर आंखों पर नोटों की पट्टी बांध लेते है जिससे कि उन्हें कुछ दिखाई नही देता है।

हालांकि जँहा एक तरफ खण्ड विकास अधिकारी बिसवां मनरेगा कार्यो में हो रहे घोटाले को लेकर एक्शन मूड में है वही दूसरी तरफ खंड विकास अधिकारी हरगांव जमकर घोटालेबाजो को संरक्षण दे रहे है।




विकास खंड बिसवां की ग्राम पंचायत न्यामतपुर में मनरेगा से तीन काम चल रहे है, तीनो कार्यो पर जमकर फर्जी हाजिरी दर्ज की जा रही है,पहले कार्य नसीम के खेत से रसीदन के खेत तक चकमार्ग कार्य पर बिना कार्य कराए ही 50 श्रमिको की उपस्थिति दर्ज की गई है, दूसरे कार्य सरदार वल्लभ भाई पटेल अमृत सरोवर निर्माण कार्य पर 40 श्रमिको की हाज़िरी दर्ज कर मात्र 4 श्रमिको से कार्य कराया जा रहा है। वही तीसरे कार्य गोनिया तालाब की खुदाई कार्य पर 47 श्रमिको की हाजिरी दर्ज कर 22 से काम कराया जा रहा है, तीनो ही कामो पर पुरानी फ़ोटो अपलोड कर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है।

ग्राम पंचायत मदिया सेमरी में बड़का तालाब भाग 1 खुदाई कार्य पर 80 श्रमिको की फर्जी दर्ज की जा रही है, ऑनलाइन लगने वाली हाजिरी में पुरानी फ़ोटो का प्रयोग कर घोटाला किया जा रहा है।

ग्राम पंचायत गुरेरा में खबर प्रकाशन के बाद बी डी ओ बिसवां ने सख्ती दिखाते हुए सम्बंधितो को निर्देश भी दिए थे उसके बाद भी फर्जी हाजिरी का सिलसिला थमने का नाम नही ले रहा है, ग्राम पंचायत में रोजगार सेवक ने बी डी ओ की निर्देशो को ताख पर रख कर रात के 10ः35 में हाज़िरी दर्ज कर दी,दिन रविवार को भी डॉ0 भीमराव अम्बेडकर अमृत सरोवर निर्माण कार्य पर 5 श्रमिको से कार्य कराया जा रहा था।

ग्राम पंचायत गोवर्धनपुर में अवधपाल सिंह के खेत से नहर तक चकबन्ध निर्माण कार्य पर 49 श्रमिको की हाजिरी दर्ज की जा रही है, काम बंद होने के कारण दर्ज की गई हाज़िरी में पुरानी फ़ोटो अपलोड कर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है।

विकास खंड हरगांव की ग्राम पंचायत नयागांव फिरोजपुर में बालाजी मंदिर के पीछे अमृत सरोवर निर्माण कार्य पर 49 श्रमिको की फर्जी हाजिरी दर्ज कर घोटाला किया जा रहा है, ऑनलाइन दर्ज की हाजीरी में पुरानी फोटो को अपलोड कर घोटाला किया जा रहा है।

ग्राम पंचायत मदनापुर में भतैया तालाब खुदाई कार्य मे फर्जीवाड़ा किया जा रहा है, इस कार्य पर बिना कार्य के फर्जी हाजिरी दर्ज कर की जा रही है, जिम्मेदारो के द्वारा लगातार पुरानी फ़ोटो की फ़ोटो अपलोड कर 58 श्रमिको की फर्जी श्रमिक हाजिरी दर्ज की गई है।

ग्राम पंचायत कटका में छत्रपाल के खेत से काली रोड तक संपर्क मार्ग निर्माण कार्य पर भी काम बंद चल रहा है,फिर भी जिम्मेदारो के द्वारा पुरानी फ़ोटो की फ़ोटो लगातार अपलोड कर प्रतिदिन 75 श्रमिको की फर्जी हाजिरी दर्ज की जा रही है।

## कवि सम्मेलन का आयोजन

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान**

बिसवां सीतापुर - कबीर जयंती के उपलक्ष में शनिवार को साहित्य संस्था साहित्य सुधा गीतांजलि द्वारा एक कवि सम्मेलन का आयोजन सौभाग्य लान सेठ गंज में आयोजित किया गया ।जिसमें कवियों ने अपने काव्य के माध्यम से कबीर को याद किया ।कवि सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य अतिथि अरुणेश मिश्रा व कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संत पवन दास द्वारा दीप प्रज्वलित कर व संत कबीर के चित्र पर माल्यार्पण द्वारा किया गया । कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि व राष्ट्रीय कवि कमलेश मौर्य ने कबीर का दोहा कबीरा खड़ा बाजार में, मांगे सबकी खैर ।ना काहू से दोस्ती ना काहू से बैर। पढ़कर काव्य का शुभारंभ किया। कवि सम्मेलन में डॉक्टर सरला अवस्थी, रजनीश मिश्रा, सरोज गुप्ता, इकबाल बिसवानी, झंकार नाथ शुक्ला, विजय रस्तोगी, शिवानंद प्रेमी, घनश्याम शर्मा, अरुण गवार, हरिशंकर मौर्य सहित कई कवियों ने अपने काव्य के माध्यम से संत कबीर के जीवन पर आधारित काव्य पाठ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संत पवन दास ने संत कबीर दास जी के आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कबीर दास भक्ति एवं शक्ति में अपने गुरु रामानंद से भी आगे निकल गए थे। उन्होंने कहा कि समाज को आडंबरों से दूर रखते हुए सत्य मार्ग का अनुसरण कर कबीर के बताएं मार्ग पर चलना चाहिए। कार्यक्रम का सफल संचालन कवि अरविंद सिंह मधुप ने किया ।अंत में कार्यक्रम के आयोजक अशोक पुष्प व समिति के लोगों द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए तथा अशोक पुष्प ने आए हुए अतिथियों को के प्रति आभार प्रकट किया ।इस अवसर पर शिवकुमार खेतान अमर मेहरोत्रात्रं वृंदारक नाथ मिश्रा आर. एन .सिंह परिक्रमा दीन गुप्ता सहित कबीर प्रेमी मौजूद रहे।




## यातायात नियमो का उल्लंघन करते हुए रील बनाते युवको के विरुद्ध कार्यवाही

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान**

सीतापुर।विभिन्न सोशल मीडिया हैंडल पर एक वीडियो प्रसारित हो रहा था जिसमें चार लड़के एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर प्लास्टिक ट्वाय गन लहराते हुए रील बनाकर यातायात निमयों का उल्लंघन कर रहे हैं जो थाना महमूदाबाद क्षेत्रांतर्गत नूरपुर वार्ड का बताया गया है। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र द्वारा थाना महमूदाबाद पुलिस को सोशल मीडिया पर यातायात नियमो का उल्लंघन कर रील बनाते युवको के वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। इस क्रम में प्रभारी निरीक्षक महमूदाबाद के नेतृत्व में थाना महमूदाबाद पुलिस द्वारा उक्त वायरल वीडियों की जांच से ज्ञात हुआ कि 1.अर्पित विश्वकर्मा पुत्र सन्तशरण निवासी ग्राम नकरसेन त्रिपुरा थाना रामपुर मथुरा जनपद सीतापुर उम्र करीब 19 वर्ष 2.ललित कुमार पुत्र हैसियत सिंह निवासी ग्राम नकरसेन त्रिपुरा थाना रामपुर मथुरा जनपद सीतापुर उम्र 18 वर्ष, अपने 02 अन्य किशोर साथियों के साथ मोटरसाइकिल नंबर यू पी 34ए एच5641 हीरो स्पलेंडर पर सवार होकर प्लास्टिक ट्वाय गन लहराते हुए रील बनाकर यातायात नियमों का उल्लंघन कर रहे थे। वायरल वीडियों के आधार पर प्लास्टिक ट्वाय गन लहराते हुए रील बनाकर यातायात निमयों का उल्लंघन कर रहे 1.अर्पित विश्वकर्मा 2.ललित कुमार उपरोक्त को शांति भंग के आरोप में आज दिनांक 23/06/2024 को सुबह नियमानुसार गिरफ्तार किया गया तथा 02 अन्य किशोरों को हिदायत देकर छोडा गया तथा वीडियों में दिख रही मोटरसाइकिल नंबर यू पी 34ए एच564 हीरो स्पलेंडर को अंतर्गत धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया व प्लास्टिक ट्वाय गन को भी बरामद करते आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है ।



# मानसून देने आ रहा दस्तक तब आई नालों की सफाई की याद

**एक तो मनमानी ऊपर अतिक्रमण नही होने दे रहा सफाई का काम**

**अगर फारमेल्टी अदा की गई तो फिर होगा जलभराव**

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान**

सीतापुर। मानसून दस्तक देने के लिये बेताब है और आमसन में छा रहे बादल इसका संकेत है। वैसे 21 जून को मानसून आ जाता है लेकिन इस बार मानसून तेजी के साथ सीतापुर की तरफ बढ़ रहा है। आकाश में उमड़ रहे बादल साफ संकेत दे रहे है कि मानसून दस्तक देने के सीतापुर की ओर बढ़ रहा है। ऐसे हालातों में अब जिले की नगर पालिकाओं और पंचायतों को सफाई की याद आई है। नगर पालिका सीतापुर में सफाई अभियान चला यिा गया है और दावा किया जा रहा है कि बरसात होने से पहले नालों की सफाई हो जायेगी लेकिन यह संभव नही लग रहा है क्योकि नालों की सफाई में सबसे अधिक समस्या अतिक्रमण, कब्जेदार व पक्का निर्माण पैदा कर रहा है। नालों पर लोगों ने पक्का निर्माण कर लिया है इस

कारण नालों की विधिवत सफाई तो केवल सपना ही हो सकता है। इओ वैभव त्रिपाठी ने बताया कि गैंग लगाकर नगर के नालों की सफाई अभियान चलाया जा रहा है जो पलही बरसात के पहले ही पूरा कर लिया जायेगा। तो मिश्रिख नगर पालिका भी जाग गई है और नालों की सफाई की जा रही है मिश्रिख नगर पालिका का सफाई अभियान चर्चाओं के दौर से गुजर रहा है। यहां पर भी अतिक्रमण सफाई के रास्ते में बड़ा रोड़ा अटका रही है। नगर पंचायत महोली जो आदर्श नगर पंचायत है वहां भी नालों की सफाई दिखावा ही साबित हो रही है। यही हाल सिधौली, पैतेपुर, तम्बैर, हरगांव का है। करीब करीब हर जगह नालों पर अतिक्रमण हो चुका है तो कहीं कहीं पक्का निर्माण हो गया है तो ऐसे हालातों में नाले कीविधिवत सफाई हो पाना संभव नही लग रहा है। गौर तलब हो कि मानसून दस्तक देने वाला है लेकिन नालों की सफाई अभी तक पूरी नहीं हो सकी है। हालांकि नगर पालिका प्रशासन नालों की सफाई का दावा जरूर कर रहा है। शुक्रवार को कुछ देर की बारिश से हुए जलभराव ने पालिका प्रशासन के दावों की पोल खोल दी।नगर में 16 बड़े नाले और 12 छोटी नालियां हैं। मानसून किसी भी समय दस्तक दे सकता है लेकिन अब तक नाले व नालियों की सफाई का काम पूरा नहीं हो पाया है। कई मोहल्लों में नाले व नालियां गंदगी से पटी पड़ी हैं। नाला सफाई अभियान की पोल शुक्रवार को बारिश ने खोलकर रख दी। कुछ देर हुई बारिश से कई सड़कें जलमग्न हो गई थीं।नागरिकों को गंदे पानी में से होकर गुजरना पड़ा। स्थानीय निवासी राजू व कृष्ण मुरारी ने बताया कि हर साल नाला सफाई के नाम पर रस्म अदायगी की जाती है। बारिश होने पर जगह-जगह जलभराव की समस्या उत्पन्न हो जाती है। इससे लोगों कोभारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।शुक्रवार की बारिश ने यह संकेत दे दिए हैं कि इस बार भी जलभराव से लोगों को जूझना पड़ेगा। राजमल राठौर व संदीप का कहना है कि नगर पालिका ने जो नाले बनवाए हैं, वे अधूरे हैं। नाले व नालियों पर अतिक्रमण भी है। गंदगी से नाले-नालियां चोक हैं। इससे सड़क पर नालियों का गंदा पानी भरा हुआ है। हम लोगों को उसी में से होकर निकलनापड़ रहा है। गंदा पानी भरने से बीमारी फैलने का डर भी बना हुआ है। दीपक वर्मा, अभिनीत व अनिल आदि ने नाले व नालियों की ठीक से सफाई कराए जाने की मांग की है।अतिक्रमण भी सफाई कार्य में रोड़ा बनता है। नगर के संगत किला तालाब, शहजानी तालाब, राम कुंड, मोहल्ला भट्ठा, पुरानी बाजार, रमुवापुर सहित विभिन्न तालाबों पर कब्जा हो जाने से जलनिकासी व्यवस्था चैपट हो गई है। वहीं, नगर के विभिन्न मार्गों पर बनी नालियों पर लोगों ने अतिक्रमण कर लिया है जिससे सफाई नहीं हो पा रही है।शैलेंद्र दुबे, अधिशासी अधिकारी ने बताया कि एक माह तक नालों की सफाई का अभियान चलाया गया। शासन के निर्देशानुसार एक सप्ताह का विशेष सफाई अभियान भी चलाया जा रहा है। कहीं जलभराव नहीं है। अगर कहीं ऐसी स्थिति है तो वहां सफाई करवाई जाएगी। लहरपुर में नालों का अतिक्रमण सफाई अभियान में बाधक बन सकता है। नगर पंचायत सिधौली के नाले नालियां अतिक्रमण की चपेट में है इस कारण अनुमान लगाया जा रहा है कि अगर सफाई में लापरवाही हुई तो पहली बरसात ही कस्बे का नजारा तालाब जैसा कर सकती हैं

केसरिया हिन्दुस्तान

# आर्मी का जवान अपनी जमीन की सुरक्षा के लिए पिछले 45 दिन से लगा रहा अधिकारियों के चौखट का चक्कर

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर। लद्दाख ग्लेशियर में तैनात आर्मी का जवान अपनी जमीन की सुरक्षा के लिए पिछले 45 दिन से अधिकारियों के चौखट का चक्कर लगा रहा है, लेकिन अधिकारी हैं कि उसे एक दूसरे के पास भेज कर मामले को टरका रहे हैं। जवान का आरोप है कि उसे बार बार इधर से उधर दौड़ाया जा रहा है।

जलालपुर थाना इलाके के जीवत खुर्रम अली गांव के रहने वाले जगदम्बिका प्रसाद यादव आर्मी में जवान हैं। इस समय उनकी तैनाती लद्दाख ग्लेशियर में है। उन्होंने आज बताया कि उनकी जमीन की कोर्ट के आदेश




पर पैमाइश कर पत्थर नसब किया जा चुका है। उस जमीन पर आगे कोई विवाद न हो, इसलिए वह जमीन की बाउन्ड्रीवाल करना चाहते हैं, लेकिन गांव के ही विपक्षी उनको बाउन्ड्रीवॉल नहीं कराने दे रहे हैं। जब काम शुरू होता है तो विपक्षी एक जुट होकर गालियां देते हैं। मारपीट करते हैं।

उन्होंने बताया कि इस मामले को लेकर वह पिछले 45 दिनों से जलालपुर उपजिलाधिकारी, तहसीलदार और हल्का लेखपाल कानूनगो के पास जाते हैं, लेकिन सब एक दूसरे के पास भेजते हैं और कहते है कि जाओ खुद बाउंड्री करवाओ। कोई बाउंड्री करवाने नहीं जाएगा। उन्होंने मांग कि प्रशासन उनके मामले का जल्द निस्तारण कराए।

# लोक निर्माण विभाग के सड़क निर्माण में घटिया सामग्री उपयोग करने का आरोप, ग्रामीणों ने की शिकायत

### केतना बढीया बा जाहे जैस बटोर कय एकट्ठा कय दया- ग्रामीण.....*

अम्बेडकर नगर। लोक निर्माण विभाग की ओर से लाखों की लागत से ठेकेदारी पर मार्ग का निर्माण करवाया जा रहा है।लोक निर्माण विभाग की ओर से लाखों की लागत से ठेकेदारी पर मार्ग का निर्माण करवाया जा रहा है। मार्ग में घटिया सामग्री लगाए जाने से लोगों में रोष देखा जा रहा है।अकबरपुर तहसील के जैनापुर तमसा नदी पुल होते हुए सलाहुद्दीनपुर तक 35 लाख की लागत से लगभग 3 किलोमीटर बनाया जा रहा है आरोप है कि ठेकेदार की ओर से इस सड़क के निर्माण में मापदण्डों को दरकिनार किया जा रहा है.ग्रामीणों का कहना है कि मानक विहीन मार्ग जिसमें मानक के अनुसार नहीं डाली जा रही गिट्टी और तारकोल नहीं पड़ रहा है।ग्रामीणों का आरोप है कि नवनिर्मित सड़क में जमकर कोताही बरती जा रही है। ग्रामीणों ने मानक विहीन सड़क बनाई जाने की शिकायत।



# रेप के आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं पुलिस हाथ पे हाथ धरे बैठी

### परिवार वाले घर छोड़ने पर है मजबूर

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर। जनपद के भीटी थाना क्षेत्र की निवासिनी एक महिला के साथ दो लोगों द्वारा रेप किया जाता है लेकिन इस मामले को 18 दिन बीत गया है लेकिन रेप के आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं उनकी गिरफ्तारी नहीं हो रही है पूरा परिवार घर छोड़कर भाग चुका है उनकी दबंगई ऐसी चल रही है की पुलिस भी इनके ऊपरहाथ डालने से कतरा रही है महिला 6/6/24 को बाजार में सामान लेने आई थी तभी शैलेंद्र कुमार राम तीरथ अढनपुर के निवासी हैं दोनों ने महिला को लगभग 7- बजे मुंह में गमछा डालकर उसके साथ गलत काम किया जिसकी शिकायत मैंने बिपक्षी के चाचा रामतीरथ पुत्र स्वर्गीय रामेश्वर से करने गई तो रामतीरथ हमें मां-बहन की गंदी गंदी गाली देते हुए जान से मार डालने की धमकी देने लगा विपक्षी की छीना झपटी में गले की चैन भी कहीं गिर गई जो मुझे बाद में पता चला जिसकी शिकायत महिला ने भीटी थाना अध्यक्ष से की भीटी थाना अध्यक्ष ने तत्काल प्रभाव से महिला का मुकदमा दर्ज कर लिया है जिसमें पुलिस ने0169 /376 /341 /504 /506 के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कर लिया है थाना अध्यक्ष अमित कुमार पांडे ने बताया कि दोनों की तलाश जारी है जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# ऑपरेशन के बाद नवजात शिशु की मौतः प्रसूता की हालत गंभीर

### *नाराज परिजनों ने जमकर किया हंगामा, अस्पताल संचालक पर लापरवाही का आरोप*

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अयोध्या। अयोध्या में निजी अस्पताल में प्रसूता के ऑपरेशन के बाद नवजात शिशु की मौत हो गई। जबकि प्रसूता की हालत गंभीर बनी है। घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल संचालक पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाकर हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस आरोपी डॉक्टर को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मामला कुमारगंज थाना क्षेत्र का है।

तिंदौली निवासिनी सुधा दुबे पत्नी सोनू दुबे को 21 जून को प्रसव पीड़ा होने के बाद परिजन कुमारगंज बाजार के खण्डासा मार्ग पर अली हॉस्पिटल में ले गए। परिजनों ने बताया कि जहां अस्पताल संचालक भारत कुमार ने सोनू की पत्नी सुधा को ऑपरेशन कराने के लिए कहा। अन्यथा बच्चों के मुंह में गंदा पानी चला जाएगा, इस डर से सुधा दूबे ने ऑपरेशन के लिए हां कह दी। मगर उसे यह नहीं पता था कि उसका ऑपरेशन कोई सर्जन नहीं बल्कि अस्पताल का संचालक स्वयं ही कर देगा। अस्पताल संचालक भारत ने ऑपरेशन से पहले ब्लड के लिए 8000 हजार और 5000 कुल 13 हजार रूपए नगद भुगतान करा लिया और ऑपरेशन होने के बाद 40 हजार रुपए की और मांग की।

जब बच्चे की हालत बिगड़ने लगी तब अस्पताल संचालक ने कहा इसे जिला अस्पताल ले जाइए। परिजन बच्चे को प्राइवेट अस्पताल ले गए जहां पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। अस्पताल लौटे परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया। कुमारगंज पुलिस को लिखित प्रार्थना पत्र भी दिया। इसके बाद पुलिस ने अस्पताल संचालकों को पूछताछ के लिए थाने पर ले आई है।

घटना के बाद पीड़ित महिला के पति ने झोलाछाप डॉक्टर के खिलाफ शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। हालांकि महिला सुधा दुबे की हालत गंभीर बनी हुई है। प्रभारी निरीक्षक रतन सिंह ने बताया की तहरीर नहीं मिली है। तहरीर प्राप्त होते ही मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# मीटर रीडर ने किया गलत बिलिंग, अब आईडी होगी बंद

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अयोध्या।जिले के गोसाईंगंज विद्युत उपकेंद्र के सरैयां फीडर पर बिलिंग के लिए लगाए गया मीटर रीडर राम आशीष अब कार्य नहीं कर पाएगा। गलत बिलिंग व उपभोक्ता से धन उगाही करने के आरोप में उसकी आईडी बंद कर दी जाएगी। आईडी बंद करने के लिए विभाग को पत्र लिखा गया है गौहनिया गांव की दलित उपभोक्ता उर्मिला का कहना है कि राम आशीष पिछले दिनों घर पर आया। उसने एक मशीन में कुछ देखकर बताया कि आपका बिजली बिल 16 हजार हो गया है। मुझे केवल 8 हजार दे दो, मैं उस बिल को खत्म कर दूंगा। पीड़ित उपभोक्ता ने इसकी जानकारी जनसेवक व पत्रकार अमित तिवारी को दिया। उसके बाद श्री तिवारी ने मीटर रीडर को फटकार लगाया। मीटर रीडर का काम नहीं बना, तो उसने 5 सौ 21 यूनिट एक ही बार में डालकर बिल बना दिया। नतीजा हुआ कि उपभोक्ता का करीब 3 हजार बिल अचानक बढ़ गया। शनिवार को बढ़े बिल की जानकारी हुई तो अमित तिवारी ने एसडीओ अभिषेक कुमार को इस मामले से अवगत कराया। जिसके बाद सुपरवाइजर हरिओम तिवारी ने राम आशीष की आईडी बंद करने के लिए पत्र विभाग को लिखा है। एक सप्ताह के भीतर आईडी बंद हो जाएगी। और आरोपी मीटर रीडर काम नहीं कर पाएगा।

# राष्ट्रीय पल्स पोलियों अभियान के अंतर्गत

रिपोर्टर सुरभि व्यास, तहसील जीरापुर

दिनांक 23,24,25,जून 2024 को राष्ट्रीय पल्स पोलियों अभियान के



अन्तर्गत घर घर जाकर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चो को दवाई पिलाई जाने की शुरुआत की गई जिसके चलते जीरापुर के वार्ड क्रमांक 12 मुंदड़ा कालोनी में घर घर जाकर पोलियो की दवाई पिलाई गई इसके लिए 202 बूथ और 25 सेक्टर सुपर वायजर बनाए गए हैं और लगभग 25850 बच्चो को दवाई पिलाई जाने का लक्ष्य रखा गया है।

# केबिल चेक करने गये एसडीओ जेई से अभद्रता

## ग्राम प्रधान पखरौली सहित सात पर मुकदमा दर्ज

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

सुलतानपुर। जिले के पखरौली गांव मे गुरुवार की देर शाम केबिल चेक करने व बकाया वसूलने गयी विद्युत टीम को ग्रामीणों ने घेर लिया। प्रधान की मौजूदगी में महिलाओं ने बिजली कर्मियों तथा अवर अभियंता व उप खंड अधिकारी से अभद्रता कर धक्का मुक्की भी की और बंधक बना लिया । पुलिस के पहुंचने पर अधिकारी वाहन सही थाने गये और प्रधान सहित सात लोगों पर मुकदमा पंजीकृत कराया है। उधर प्रधान व ग्रामीणों ने भी बिजली अधिकारियों के खिलाफ तहरीर दी है।

लोलेपुर बिजली उपकेन्द्र के पखरौली गांव में गुरुवार को बिजली कर्मियों ने बकाया जमा व वसूली का कैंप लगाया था। शाम को अवर अभियंता रविशंकर मौर्य और उप खंड अधिकारी कुमार विकल्प की मौजूदगी में बिजली टीम बकायेदारों का कनेक्शन काटने गांव में पहुंची। पखरौली दलित, बस्ती में महिलाओं ने बकायेदारों का केबिल कनेक्शन काटने का विरोध किया। जिस पर अवर अभियंता व उप खंड अधिकारी को महिलाओं व ग्रामीणों ने घेर लिया तथा दुर्व्यवहार व गाली गलौज करने लगे। मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान विष्णु शंकर भी ग्रामीणों का साथ दिए और कनेक्शन काटने पर आपत्ति जताए।

जिसके बाद ग्रामीण उग्र हो गये और बिजली विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों से धक्का मुक्की कर लाठी डंडा लेकर वाहन सहित बंधक बना लिए। बिजली अधिकारियों ने पुलिस को फोन किया तो पुलिस ने उनको लेकर थाने पहुंची। अवर अभियंता बिजली विभाग लोलेपुर रविशंकर मौर्या की तहरीर पर पुलिस ने ग्राम प्रधान पखरौली विष्णु शंकर, सुशीला देवी, लाल चंद्र, राधेश्याम,आनंद कुमार , श्याम बहादुर व दो अन्य पर धमकी देने , गाली गलौज, सरकारी काम में बाधा मारपीट का मुकदमा पंजीकृत किया है। देहात कोतवाल सतेन्द्र कुमार सिह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच पड़ताल की जा रही है।

# तीन घरों को चोरों ने बनाया निशाना, लाखों के जेवरात लगभग 50000 रुपए चोरी

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर।जनपद के अहिरौली थाना क्षेत्र अंतर्गत अंतर्गत मुस्लिम पट्टी में आज रात तीन घरों को निशाना बनाया लाखों के जेवरात लगभग 50000 रुपए नगद पर हाथ साफ किया। मिली जानकारी अनुसार दल सिंगार यादव,पारस नाथ यादव एवं महाराज दिन के यहां चोरी हुई। बताया जाता है कि पारस नाथ यादव पुत्र स्व राम दुलार यादव लगभग 50 हजार नगद 8 थान जेवर करीब 100000 के महाराज दिन पुत्र स्व श्री राम अजोर यादव के यहां करीब लगभग 150000 के जेवरात एवं दल सिंगार यादव पुत्र स्व भगवान दीन यादव लगभग 5000 नगद की चोरों ने हाथ साफ किया ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने पहूंच कर स्थिति का जायजा लिया। मामले में थाना अध्यक्ष अहिरौली ने बताया कि मुकदमा लिखा गया है पुलिस चोरों को खोजने में लगी है जल्द ही चोरों को गिरफ्तार किया जाएगा।



# एससी एसटी सहित दो लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर। जनपद के भीटी थाना क्षेत्र के अमन कुमार पुत्र अमरेश कुमार निवासी बसंतपुर (खमपुर) ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि 21/6 /24 को शाम करीब 8-30 बजे सौच के लिए बाहर जा रहा था इसी समय राम तीरथ यादव पुत्र गुदद्न यादव तथा उनके ट्रैक्टर का ड्राइवर साहब दीन यादव जिसके पिता का नाम और पता अज्ञात है राम तीरथ यादव पुत्र गुदद्न यादव उक्त गांव के निवासी हैं पीड़ित को गाड़ी से टक्कर मार दिया जिससे पीड़ित गिर गया और उसे उसी वक्त साहबदीन जो की एक सातिर अपराधी है लात घूसों से मरने लगे और मां बहन और जाति सूचक शब्दों से गंदी-गंदी गाली देते हुए गुहार लगाने पर कुछ लोग पहुंचे और बीच बचाव किया पीडित द्वारा 112 पर कॉल करने पर मौके पर पुलिस पहुंच गई उसी समय विपक्षी फरार हो गए इसी तरह मोबाइल चोरी तथा छिनैती व मारपीट जैसे कई आपराधिक मामले कर चुके हैं आए दिन जान से मारने की धमकी देते हैं इस विषय पर जब थाना अध्यक्ष अमित कुमार पांडे से बात की गई तो उन्होंने बताया कि राम तीरथ यादव पुत्र गुदद् यादव साहबदीन पुत्रअज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है इस विषय पर थाना अध्यक्ष अमित पांडे से बात की गई तो उन्होंने बताया कि 323/ 504/ 506 एससी एसटी एक्ट के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है सिओ द्वारा जांच की जा रही है।

# अकबरपुर आरपीएफ प्रभारी एस गौतम ने चार लोगों का किया चालान

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर।उच्चाधिकारियो के निर्देश पर अकबरपुर जंक्शन पर तैनात आर पी एफ प्रभारी जी0एस0 गौतम के नेतृत्व में सुरक्षा कर्मियें ने रविवार को स्टेशन परिसर मे रुकने वाले असामाजिक तत्वों,अनधिकृत रूप से आरक्षित/महिला/दिव्यांग कोचों में यात्रा करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध अभियान चलाया!अभियान के दौरान आरपीएफ प्रभारी जी0एस0 गौतम ने स्लीपर कोच में अनधिकृत रूप से बैठ कर यात्रा कर रहे दो तथा गाली गलौज एवं अनधिकृत रूप से रेलवे लाइन क्रॉस कर रहे दो लोगो (कुल 4 लोग)को पकड़ कर चालान करने का दावा किया हैं! आरपीएफ प्रभारी जीएस गौतम ने बताया कि पोस्ट पर तैनात स0उ0नि0 मो0 जाफर अपने हमराह कांस्टेबल सुनील प्रसाद व रामजी यादव के साथ प्लेटफ़ॉर्म 01 पर खड़ी गाड़ी संख्या 13307 के स्लीपर कोच स-1 को चैक किया तो उसमें 02 व्यक्तियों दीप चन्द्र पुत्र स्व0 केशव प्रसाद(35)निवासी ग्राम- अमदरी थाना- फेफना जिला बलिया व पवन शर्मा पुत्र पण्डित उमाकान्त (20) निवासी ग्राम-भगवानपुर थाना- जलालपुर जिला अम्बेडकर नगर बिना आरक्षण टिकट लिए उसमें अनाधिकृत रूप से आरक्षित कोच में यात्रा करते मिले! मांगने पर जब कोई कागज न दिखा पाए तो दोपहर मे सवा 1 बजे हिरासत मे लेकर अ0सं0 87-88/ 2024 धारा 155 रेलवे अधिनियम के तहत जहाँ मुकदमा पंजीकृत किया गया वही दूसरी घटना मे स0उ0नि0 मो0 जाफर ने हमराह कांस्टेबल शैलेश कुमार के साथ रेलवे स्टेशन के फूट ओवर ब्रिज के पास 02 बाहरी व्यक्तियों रणजीत पुत्र राम करण(21) निवासी ग्राम-करोचा थाना- बसखारी जिला- अम्बेडकर नगर व रवि कुमार स/ह लक्ष्मीकान्त(21) निवासी ग्राम-हथिनाराम थाना- आलापुर जिला अम्बेडकर नगर को गाली- गलोच कर अभद्र भाषा का प्रयोग करने व अनधिकृत रूप से लाईनों को क्रास करते हुए सुबह सवा 9 बजे हिरासत मे लेकर अ0सं0 89-90/2024 धारा 147, 145 रेलवे अधि0 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर चालान किया गया।

# अंडरपास एवं ओवर ब्रिज की लाइटें लगभग दो वर्षों से नहीं जल रही अपील

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर।जनपद के आलापुर तहसील क्षेत्र के न्यौरी मुख्य चौक पर बने अंडरपास एवं ओवर ब्रिज की लाइटें लगभग दो वर्षों से नहीं जल रही हैं। जिसके कारण रात्रि में यात्रा करने वाले यात्रियों को अत्यधिक कठिनाइयों के साथ-साथ अपनी सुरक्षा को लेकर हमेशा डर बना रहता है। जिले के आलापुर तहसील क्षेत्र के न्यौरी मुख्य चौक पर एन एच 233 पर बने अंडरपास एवं ओवर ब्रिज की लाइटें लगभग दो वर्षों से नहीं जल रही हैं। जबकि न्यौरी चौक से मात्र 1 किलोमीटर की दूरी पर अमड़ी में टोल टैक्स पर हमेशा न एच आई के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहते हैं परंतु इन अधिकारियों की दो वर्षों से इस जटिल समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया जिसके कारण रात्रि में यात्रा करने वाले यात्रियों विशेष कर महिला यात्रियों को अपनी सुरक्षा को लेकर हमेशा डर बना रहता है। ग्राम प्रधान न्यौरी अबूजर फारुकी, अध्यक्ष अखिल भारतीय व्यापार मंडल न्यौरी सुरेश अग्रहरि द्वारा न एच 233 एवं न एच आई के अधिकारियों को लगभग दो वर्षों से लाइट ना जलने की समस्या से अवगत कराया गया परंतु आज तक इन अधिकारियों के उदासीनता के कारण लाइट नहीं जल रही है और ना ही कोई स्पष्ट कारण बताया जा रहा है की लाइट क्यों नहीं जल रही है। उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल जिला संगठन मंत्री श्री प्रकाश गुप्ता उर्फ प्रदुमन, वरिष्ठ समाजसेवी एवं व्यापार मंडल उपाध्यक्ष न्यौरी डॉ आसिम अबूजर फारुकी, समाजसेवी जैद फारूकी, व्यापार मंडल संरक्षक डॉक्टर परवेज आलम, वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल सिंह, भाजपा नेता अरविंद सिंह उर्फ मंटू,अमरनाथ गुप्ता, मोतीलाल गुप्ता ,हीरा गुप्ता, पिंटू सिंह, राकेश सिंह सहित स्थानीय व्यापारियों ने दो वर्षों से खराब पड़ी लाइटों को रात्रि में सुचारू रूप से जलवाने की शासन प्रशासन से अपील की है।

# *शहर में पुलिस का नहीं दिख रहा खौफ दबंगों पर पुलिस का खोफ

अयोध्या।नगर कोतवाली के देवकाली इलाके में चार दबंग युवको ने बीच सड़क पर युवक विवेक कुमार तिवारी निवासी बछड़ा सुल्तानपुर पुलिस चौकी देवकाली कोतवाली नगर को फिल्मी अंदाज मे इतना मारा की उसका सिर फट गया। उसके बाद आरोपी युवक शौर्य यादव ने उस घटना की वीडियो बना कर फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।गंभीर रूप से घायल युवक को लखनऊ रिफर किया गया है द्य घायल युवक के पिता की तहरीर पर नगर कोतवाली पुलिस ने घटना को विभिन्न धाराओं मे दर्ज किया है द्यइस घटना को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी राज करन नय्यर ने सीओ सिटी व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर अश्वनी पाण्डेय को इसमें शामिल सभी आरोपियों को शीघ्र से शीघ्र गिरफ्तार करने के निर्देश दिये।वही सीओ सिटी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि यह बहुत ही गंभीर मामला है टीम गठित कर आरोपियों को गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है।

# कैसे खत्म हो लोवोल्टेज की समस्या जब ओवर लोड हो रहे ट्रान्सफार्मर

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

सीतापुर। सीएम योगी लगातार निर्देश दे रहे है बिजली व्यवस्था दुरूस्त हो तो बिजली विभाग के अधिकारी सक्रिय है लेकिन मांग और गर्मी के कारण पावर हाउस की मशीनों सहित ट्रान्सफार्मर ओवर लोड हो रहे है। लोवोल्टेज की समस्या को दूर करने के लिये बिजली विभाग के अधिकारी तरह की जतन कर रहे है यहां तक पावर हाउसों में मशीनो के पास कूलर रखकर उनको ठण्डा रखने का प्रयास किया जा रहा है कि लेकिन इसके बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है। लोहारबाग, विजय लक्ष्मी नगर, व इसके इर्द गिर्द मोहल्लो में तो लोवोल्टेज एक मुसीबत बन गई है। लोग परेशान है क्योकि आये दिन इन मोहल्ले में पंखे चलते नही

रेंगते है। गौरतलब हो कि शहर के 20 से अधिक मोहल्लों में इस भीषण गर्मी में लो-वोल्टेज मुसीबत बन गया है। वोल्टेज कम आने से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण अपनी क्षमता के अनुसार नहीं चल पा रहे हैं। वहीं रोजाना पांच से छह घंटे की अघोषित कटौती से लोगों में आक्रोश पनपा हुआ है। शनिवार को भवानीपुर व पुराने सीतापुर उपकेंद्र से जुड़े मोहल्लों में चार से पांच घंटे की कटौती हुई। इस समय जिले में भीषण गर्मी पड़ रही है। सुबह से उमस का शुरू हुआ सिलसिला देर रात तक बना रहता है। जब लोग गर्मी से राहत पाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का प्रयोग करते हैं तो उन्हें यह दगा दे रहे हैं।शहर के विकास नगर, खूबपुर, श्रीनगर, विश्राम नगर, पांडेय नगर, चुंगी चैकी, श्यामनाथ सहित 20 से अधिक मोहल्लों में वोल्टेज बहुत ही कम आ रहा है। इसके चलते उपकरण चल नहीं पा रहे हैं। सौरभ ने बताया इसके लिए स्टेप्लाइजर खरीदना पड़ रहा है। करीब पांच हजार रुपये अतिरिक्त रूप से खर्च करने पड़ रहे हैं। वहीं बिजली विभाग शिकायत के बाद राहत नहीं दे पा रहा है।शनिवार को अघोषित कटौती ने भी खूब परेशान किया। भवानीपुर व पुराने सीतापुर उपकेंद्र से जुड़े मोहल्लों में चार से पांच घंटे की लंबी कटौती हुई। एक घंटे में तीन से चार बार ट्रिपिंग हुई। इससे उपभोक्ताओं में उपकरण फुंकने का भी डर सताता रहा। इस भीषण गर्मी में वह काफी परेशान रहे।नंदलाल, अधीक्षण अभियंता ने बताया कि गर्मी के चलते ट्रांसफॉर्मर ओवरलोड हो रहे हैं। लोड अधिक होने के चलते वोल्टेज लो हो जा रहा है। ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता बढ़ाए जाने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। बिजली विभाग के अधिकारी हर तरह की जतन कर रहे है जिससे

लोवोल्टेज की समस्या को जाये इसके लिये प्रयास और पस्ताव दोनो पर ही काम चल रहा है।

# सतसंग में महात्मा महापुरुष की बातों को दोहराया जाता है, बात रटा दी जाती है, बिना सतसंग के आदमी भूल और भ्रम में फंस जाता है

जबलपुर (म.प्र.) इस समय के पूरे समरथ सन्त सतगुरु दुःखहर्ता, उज्जैन वाले बाबा उमाकान्त जी महाराज ने अधिकृत यूट्यूब चैनल जयगुरुदेवयूकेएम पर लाइव प्रसारित संदेश में बताया कि हमेशा इस धरती पर सन्त रहते हैं। सन्त कभी गुप्त रूप में रहते हैं तो कभी प्रकट रूप में रहते हैं। गुप्त रूप में जो संत उस समय की जो अवतरित शक्तियां होती है। उस समय के जो संत होते हैं। वह उनको पहचानते हैं। कहां है? कौन है? क्या है। (मुझे) गुरु महाराज के पास रहने का 40सों साल मौका मिला। जब गुरु महाराज के पास (मैं) पहुंचा था तब कुछ नहीं जानता था कि सन्तमत क्या होता है, गुरु क्या होता है। पढ़ाई-लिखाई कर रहा था उस समय पर तो बस वही दिखाई पड़ रहा था कि बढ़िया नौकरी, बढ़िया कोई काम मिल जाएगा, नाम हो जाएगा, काम कर लेंगे, पैसा कमा लेंगे, गृहस्थी बढ़ा लेंगे, यही सब दिमाग में रहता था, जो आमतौर से बच्चों के रहता है। लेकिन गुरु महाराज ने खींचा। गुरु सन्त अपने जीवों को खींचते हैं। वह समझते हैं, कौन, कैसा, क्या है। गुरु महाराज ने शरण दिया। बहुत कुछ सिखाया, पढ़ाया, अपने बच्चों की तरह से पाले-पोसे, तकलीफ हुई तो इलाज करवाया, खाने-पीने का ध्यान रखते थे कि खाया या नहीं खाया। इतना ध्यान रखा कि कोई अपने बच्चे का क्या ध्यान रखेगा। और जब गुरु के पास रहना सीख गया, गुरु की कुछ दया हुई तो चिट्ठी लिख करके भेजते थे कि इनको उमाकान्त तिवारी को मैं भेज रहा



हूं, समझ लो, मैं ही आ गया हूं। तो गुरु महाराज जब खाली बैठे थे तो बहुत सारी बात बताते रहते थे। तो हम साथ में पीछे-पीछे लगाए रहते थे तो हम ही से बात करते थे। तो बताया गुरु महाराज ने कि (पुरानी बात है) हम लोग (दादा गुरु जिनको कहते हैं, उनके साथ) जा रहे थे। उस समय पर लोग पैदल चलते थे। तो आराम करने के लिए पेड़ के नीचे बैठ गए। थोड़ी दूर चलने के बाद अगर आदमी आराम कर ले तो थकावट कम हो जाती है। वहीं पर एक किसान खेत की जुताई कर रहे थे। दादा गुरु ने जो गुरु महाराज के (साथ के) लोग रहे थे, उन लोगों से कहा, की देखो यह पूरे हैं। इनका आना-जाना उस देश का है, जहां से जीवात्मा आई है, जो सबके पिता, बाप है, जिनका जन्म मरण नहीं होता है, जो मृत्यु लोक में नहीं आते हैं, वह सबके पिता है। साहब सबका बाप है, बेटा काहू का नहीं बेटा होकर जो जन्मे, वह तो साहब नाहीं। वह तो पावर भेजता है मनुष्य शरीर में, वह खुद नहीं आता है। अब गुरु महाराज के साथ एक आदमी थे। उनका विश्वास नहीं हुआ। फिर वहां से यह सब लोग चल पड़े। उसी समय पर उन्होंने अपना हल खोल दिया, हल कंधे पर रखा और बैलों को लेकर चले गए, घर पास में ही था। तो गुरु महाराज, दादा गुरु सब आगे बढ़ गए। और वह (व्यक्ति) उनकी तरफ चले गए कि उनसे पूछे कि आप पूरे हो, अधूरे हो, या ऐसी कोई जो भी उनके अंदर इच्छा रही होगी। तो वह देखते ही बोले, मेरे पास क्यों आ गया? अरे वह पूरे हैं, जिनके साथ तू जा रहा है, जो तेरे को मिले हैं। उनको आदेश है, तेरे को संभालने के लिए। तेरे को वह संभालेंगे, जिनके साथ तू जा रहा है। जा, तू यही पूछने आया है कि मैं पूरा हूं या अधूरा हूं। जो तेरे गुरु ने कहा, वही सत्य है। जा, मैं भेज रहा हूं वहां। ऐसे ही छिप कर रहते हैं लेकिन जिसको आदेश होता है, उससे काम होता है। इसलिए कहा गया है वक्त के मास्टर के पास बच्चे को पढ़ने के लिए भेजना, वक्त की डॉक्टर, वैद्य के पास इलाज के लिए जाना, समय एक गुरु को अपनाना पड़ता है, समय के नाम से ही उद्धार होता है।

### *सतसंग में क्या बताया जाता है*

सतसंग में कोई बहुत नई चीज नहीं बताई जाती है। जो महात्मा महापुरुष कह करके गए, वही बातें दोहराई, याद दिलाई जाती है। बार-बार किसी को कोई चीज याद दिला दिया जाए तो वह बात रट जाती है। सतसंग जब नहीं मिलता है तो आदमी भूल जाता है। और फिर भूला, लौट करके आया और गृहस्थी को सेट करने लग गया तब फिर फंस गया। गृहस्थी आज तक किसी की सेट हुई? किसी की भी नहीं हुई। और जितना इसको सेट करने में आदमी लगता है, उतनी ही यह उलझती जाती है। और इस कदर आदमी इसमें फंस जाता है जैसे बंदर पतले मुंह वाली सुराही में रखे चने के लालच में बंद मुट्ठी न खोलता हुआ फंस जाता है। कहा गया है- मरकट सम तुम बने अनाड़ी, मुट्ठी दीन्हा घड़े पसारी।

# पांच परिवर्तन से होगा देश का विकास.. धनगर

## पोलायकला में स्वदेशी मंच एक दिवसीय विचार वर्ग संपन्न

दैनंक कसारंया हिंदुस्तान ब्यूरोशाजापुर मुकेश पांचाल

शाजापुर स्वदेशी जागरण मंच शाजापुर जिले का एक दिवसीय विचार/प्रशिक्षण वर्ग पोलाय कला में संपन्न हुआ स्वदेशी मंच के संस्थापक श्री दत्तोपंत ठेंगड़ी, पंडित दीनदयाल ,भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। जिले के स्वदेशी जागरण मंच के कार्यकर्ताओं को इस दौरान अलग-अलग विषय अनुसार स्वावलंबी भारत अभियान के तहत विभिन्न प्रकार की जानकारी प्रदान की गई।

जिसमें प्रांत ,विभाग और जिले के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे! मालवा प्रांत के संयोजक डॉक्टर हरिओम वर्मा ,सहसंयोजक प्रोफेसर विशाल पुरोहित कार्यक्रम की अध्यक्षता चंद्रशेखर बारोड द्वारा की गई। मुख्य वक्ता डॉ हरिओम वर्मा ने कहा इस अभियान से देश की आर्थिक व्यवस्था में बदलाव लाना है। इस सत्र में पुरोहित ने कहा कि स्वदेशी जागरण मंच इस अभियान के माध्यम से मालवा प्रांत में स्वदेशी मेले का आयोजन जल्दी करने जा रहा है।

इस सत्र का संचालन जिला संयोजक रामकृष्ण राजपूत ने किया।

वहीं दूसरे सत्र के दौरान मुख्य वक्ता राहुल विश्वकर्मा ने स्वदेशी के पुरोधा पंडित दीनदयाल जी उपाध्याय के जीवन प्रसंग को कार्यकर्ताओं की बीच व्यक्त किया। इस सत्र में विधायक घनश्याम चंद्रवंशी ने बताया कि हम स्वयं अपने घर को स्वदेशी घर बनाने के लिए प्रयास करें, जिससे हमारा दैनिक जीवन स्व आधारित बने।

### सत्र का संचालन जिला सह संयोजक हेमंत जायसवाल ने किया

तीसरे सत्र के दौरान श्रद्धा दत्तोपंत ठेंगड़ी जी के जीवन को लेकर कपिल गुर्जर ने अपने विचार व्यक्त रखे।

वही संत श्री......... ने गौ सेवा को रोजगार का साधन भी बताया।



इसी सत्र में संघ चालक हुकुम धनगर में कहा कि सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा के लिए हम समाज का काम कर रहे हैं। संघ की अपेक्षा पांच परिवर्तन के लेकर है जिसमें समरसता ,पर्यावरण, नागरिक शिष्टाचार, स्वदेशी एवं कुटुंब प्रबोधन प्रमुख है।

तभी हम समाज को सही दिशा दे सकते हैं। मंच का संचालन कमल सांखला ने किया।

### जिला तहसील के विभिन्न दायित्व की घोषणा

जिला संघ चालक की श्री हुकम जी धनगर ने कुछ नई नवीन दायित्व की घोषणा की, मुकेश पांचाल सह जिला संयोजक,धर्मेंद्र चौधरी जिला प्रचार प्रमुख ,आनंद मेवाड़ा जिला सह प्रचार प्रमुख, सहसंयोजक शुजालपुर तहसील नरेंद्र जायसवाल,प्रचार प्रमुख रामजी पाटीदार ,सहसंयोजक शुभम शर्मा, युवा प्रमुख राकेश पांचाल कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### ये भी रहे मौजूद..

धनसिंह जी राजपूत , विनोद चंद्रवंशी, जिला कार्यालय प्रमुख सुरेंद्र सिंह डोडिया, तहसील संयोजक सौदानसिंह गुर्जर सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

कार्यक्रम के समापन सत्र में कार्यक्रम का आभार विनोद जी पाटीदार द्वारा माना गया कार्यक्रम के तत्पश्चात पोलर नगर में स्वदेशी पत्रको का वितरण किया गया नगर के नागरिको से स्वदेशी वस्तुओं उपयोग करने की अपील की गई।

# कई महीनो से प्रभारी विहीन चल रही मनिकवार चौकी फरियादी किसको सुनाएं अपनी फरियाद

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

*रीवा संभाग ब्यूरो भूपेंद्र सिंह*

रीवा जिले के मनगवां थाना में लगने वाली मनकिवार चौकी कई महीनो से प्रभारी विहीन चल रही है चौकी क्षेत्र के लोगों ने बताया कि कुछ महीना पहले चौकी प्रभारी महेंद्र बागरी को लाइन अटैच कर दिया गया था तब से मनिकवार चौकी प्रभारी विहीन चल रहा है चौकी का इंचार्ज ना होने से क्षेत्र में असामाजिक तत्वों का दहशत रहता है आए दिन क्षेत्र में मारपीट




की घटनाएं बढ़ रही हैं और फरियादी चौकी पहुंचते हैं तो प्रभारी नहीं होने की वजह से उनको 30 किलोमीटर दूर मनगवां जाना पड़ता है क्षेत्र के लोगों को कहना है कि पुलिस महकमा में कितने निरीक्षक एवं उप निरीक्षक रहने के बावजूद भी चौकी प्रभारी विहीन है इससे बड़ी दुर्भाग्य क्या हो सकती है लोगों ने पुलिस अधीक्षक से मांग करते हुए कहा कि जल्द से जल्द मनिकवार चौकी को नए प्रभारी उपलब्ध कराया जाए ताकि क्षेत्र में शांति बनी रहे।

# युग तुलसी पार्टी ने जोगिंद्र सिंह को बनाया हरियाणा युवक संगठन का प्रदेश अध्यक्ष

केसरिया हिन्दुस्तान अखबार गोटेगांव संवाददाता भानु प्रताप राय ??

वाराणसी। युग तुलसी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कोली शेट्टी शिवकुमार ने



छारा झज्जर हरियाणा के रहने वाले गौभक्त जोगिंद्र सिंह को युग तुलसी पार्टी का हरियाणा का युवक संगठन का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया हैं। उक्त जानकारी साझा करते हुए गौमाता हेतु अपना जीवन समर्पित करने वाले वर्तमान संसदीय चुनाव में काशी से प्रतिभाग करने वाले युग तुलसी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कोली शेट्टी शिवकुमार ने बताया कि हमारी युग तुलसी पार्टी ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामिश्री॰ अविमुक्तेश्वरानंद॰ सरस्वती जी महाराज के निर्देशानुसार गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करवाने व गौकशी बंद करवाने के साथ राष्ट्र में 33 करोड़ गौमतदाता बनाने हेतु कार्य कर रही है।उसी क्रम में हरियाणा में गौमाता के रक्षा,गौसंरक्षण व संवर्धन हेतु गौभक्त जोगिंद्र सिंह को युग तुलसी पार्टी का हरियाणा का युवक संगठन का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।साथ आगामी चुनाव में यूग तुलसी पार्टी हरियाणा के हर विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी उतार कर गौमाता के आवाज को बुलंद करेगी।गौमाता के बिना सनातनधर्म अस्तित्वहीन हो जाएगा।सनातनधर्म व राष्ट्र की आधार गौमाता को बचाना हर सनातनधर्मी का प्रथम कर्तव्य है।अगर गौमाता नही बची तो हम भी नही बचेंगे।आज संसार मे जितने भी कष्ट हैं वो गौमाता के दुखी होने के कारण ही है।

## श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी अमर रहें

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो शाजापुर मुकेश पांचाल

शाजालपुर शाजापुर




आज विधायक कार्यालय शुजालपुर पर भाजपा नगर मण्डल द्वार मानवता के उपासक, प्रखर राष्ट्रवादी एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण किया। राष्ट्र निर्माण में उनके विचार, उनकी विरासत जीवित है और हमारे महान राष्ट्र के भविष्य को आकार दे रही है, हमें प्रेरित कर रही है। इस अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री आदरणीय भाईसाहब श्री इंदर सिंह परमार जी जिला अध्यक्ष श्री अशोक नायक जी नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती बबीता बेनी प्रसाद परमार जी, जन भागीदारी अध्यक्ष श्री आलोक खन्ना जी,मंडल अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी जी,जिला कोषाध्यक्ष सिमित जैन जी,पार्षदगण,पदाधिकारि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# छतरपुर के पूर्व विधायक आलोक पर हुई एफआईआर, विधायक ने कहा महाराज जी ने ही चलाया लठ,की अभद्रता

*पूर्व विधायक राकेश गिरी भी चक्काजाम कर बैठे, किया समर्थन*

टीकमगढ़ । के बैतपुर खदान जो छतरपुर के पूर्व विधायक आलोक चतुर्वेदी की बताई जा रही है को लेकर बड़ा विवाद शुरू हो चला है देहात थाना पुलिस ने छतरपुर के पूर्व विधायक आलोक चतुर्वेदी सहित अन्य पर एफआईआर दर्ज की है धजरई तिगैला स्थित त्रिदेव मंदिर के महंत सीताराम दास ने बताया कि बैतपुर जगंल के पेड़ काटकर वहां खदान लगाई जा रही है जिसे रोकने के लिए अपने भक्तों के साथ वहां गये थे इसी बात को लेकर छतरपुर के पूर्व विधायक आलोक चतुर्वेदी अपने सौ- डेढ़ सौ साथियों के साथ मंदिर परिसर में आये और मारपीट करने लगे,जब गांव के लोग इकट्ठे हो गये तो भाग गये । इस मामले की देहात थाने में राजेंद्र शुक्ला उर्फ रामभजन दास ने रिपोर्ट दर्ज कराई है जिस पर पुलिस ने आरोपी आलोक चतुर्वेदी,अनीस खान व एक अन्य के खिलाफ धारा 323,147, 149,452 के तहत मामला पंजीबद्ध किया है इसके पूर्व दोपहर बाद महंत





सीताराम दास अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ धजरई तिगैला पर चक्काजाम कर बैठे गये उनकी मांग थी कि जब तक पूर्व विधायक आलोक चतुर्वेदी पज्जन जेल नहीं जायेंगे तब तक उठेंगे नहीं । इधर पूर्व विधायक आलोक चतुर्वेदी ने बताया कि हमारी कंपनी खजुराहो मिनरल्स के नाम से बैतपुर खदान शासन से स्वीकृत हुई है जिसकी प्राथमिक कार्यवाहियां चल रही है इसी बीच महंत सीताराम दास अपने साथियों के साथ खदान पर गये थे और वहां तोड़ फोड़ करने लगे, जिसकी सूचना पर जब वहां पहुंचे तो महंत जी जा चुके थे इसलिए मैं बात चीत करने मंदिर पहुंचा तो महंत जी बात करने को तैयार ही नहीं थे और सीधे अपनी लाठी से हम लोगों पर बार करने लगे, अभद्रता करने लगे,विवाद बढ़ता देख हम लोग वहां से चले आये। उन्होंने कहा इसमें राजनीतिक चेहरे हैं जो पीछे से षड्यंत्र रच रहे हैं वो धीरे-धीरे सामने आ रहे हैं । बहरहाल मामले ने राजनैतिक रंग ले लिया है दोनों पक्ष एक दूसरे के खिलाफ बात कर रहे हैं पर जो भी हो प्रशासन और पुलिस पूरे मामले पर नजर बनाए हुए हैं। इधर कुछ तस्वीरें एवं वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई है जो घटना की सच्चाई बयां कर रही है।

### इनका कहना है –

घटना शर्मनाक है महाराज जी ने वृक्ष बचाने का संकल्प लिया है जिसे बचाने के लिए महाराज जी वहां गये थे इसलिए कुछ लोगों ने हमला किया है घटना की निंदा करते हैं । - राकेश गिरी पूर्व विधायक टीकमगढ़

# पल्स पोलियो अभियान का हुआ शुभारंभ

### *पल्स पोलियो अभियान में पाँच साल तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई*

*दैनिक केसरिया हिंदुस्तान रीवा शिवेंद सिंह*

रीवा जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में तीन दिन तक चलने वाले पल्स पोलियो अभियान का आज शुभारंभ हुआ। मेडिकल कालेज ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल एवं राज्य हज कमेटी के अध्यक्ष बफत वारसी एवं कलेक्टर प्रतिभा पाल की उपस्थिति में पाँच साल तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई।

इस अवसर पर अपने उद्बोधन में जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि यह अभियान बच्चों की सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। कोई भी गली एवं मोहल्ला इस अभियान से छूटे नहीं। इसमें पाँच साल तक के सभी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाए। अपने उद्बोधन में राज्य हज कमेटी के अध्यक्ष बफत वारसी ने कहा कि हमारे देश से पोलियो का उन्मूलन हो चुका है, लेकिन पड़ोसी देशों में इसके प्रकरण मिलने के कारण यह अभियान संचालित किया जा रहा है ताकि हमारे देश का प्रत्येक बच्चा इस बीमारी से दूर रहे। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ अन्य विभागों की अभियान में सहभागिता की अपेक्षा की। शुभारंभ अवसर पर कलेक्टर प्रतिभा पाल ने बताया कि जिले में 390140 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। इस अभियान में मीजल्स और रूबेला का भी टीका लगेगा। अतः स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य विभाग बूथ



स्थल के अतिरिक्त डोर टू डोर संपर्क कर सभी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी बच्चों को नियत समय पर लगने वाले टीके लगाए जाएं तथा जो बच्चे इसमें छूट गए हैं उनका भी टीकाकरण करें। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के साथ ही महिला एवं बाल विकास तथा अन्य विभागों को अभियान में पूरी तत्परता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रथम दिवस पर अधिकतम बच्चों को बूथ में पोलियो की दवा पिलाई जाए और यदि किसी कारणवश बच्चे बूथ में न पहुंचे तो उनके घर जाकर इसका डोज दें। इस अवसर पर राज्य टीकाकरण अधिकारी डॉ संतोष शुक्ला ने कहा कि रीवा में कोविड वैक्सीनेशन में उल्लेखनीय कार्य हुआ साथ ही जन्म के समय ही बच्चे को टीके का डोज लगाने में भी रीवा प्रथम स्थान पर रहा है। टीकाकरण के मामले में रीवा में हुए नवाचार को देश में प्रसंशा मिली है।

उन्होंने पल्स पोलियो अभियान में बच्चों को दो बूंद की खुराक पिलाकर डबल सुरक्षा कवच देने में सभी से सहयोग की अपेक्षा की। इससे पूर्व अभियान के बारे में जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला ने बताया कि अभियान के दौरान 390140 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। पोलियो की दवा पिलाने के लिए जिले भर में 2490 पोलियो बूथ बनाए गए हैं। इनमें दवा पिलाने के लिए प्रशिक्षित कर्मचारी तैनात किए गए हैं। पोलियो बूथ आंगनवाड़ी केन्द्र, पंचायत भवन तथा स्कूलों में बनाए गए हैं। पोलियो की दवा पिलाने के लिए 48 ट्रांजिट टीमें तथा 23 मोबाइल दल भी बनाए गए हैं। रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड, बड़े हॉट बाजारों, बड़े निर्माण स्थलों पर भी पोलियो की दवा पिलाने की व्यवस्था की गई है। बूथ न पहुंचने वाले बच्चों को 24 एवं 25 जून को घर-घर जाकर दवा पिलाई जाएगी। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि राजेश पाण्डेय, डॉ नितिन कोठारी, प्रभारी डीन डॉ पीके लखटकिया, डॉ केएल नामदेव, अधीक्षक डॉ राहुल मिश्र, डॉ बीके अग्निहोत्री सहित स्वास्थ्य एवं अन्य विभागों के अधिकारी/नौनिहाल के साथ उनके अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ सुनील अवस्थी ने किया।

# *ऐसा वातावरण निर्मित कर पढ़ाई करें जिससे बच्चे दौड़े चले आए स्कूल

## नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं का रोली चंदन लगाकर किया गया स्वागत*

*दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मऊगंज शिवेंद्र सिंह ।*

विद्यालय जाने की उम्र के सभी बच्चों का विद्यालय में प्रवेश सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देश पर स्कूल चले हम अभियान मऊगंज जिले के सभी विद्यालयों में 18 जून से 20 जून तक प्रवेश उत्सव के रूप में मनाया गया। अभियान के अंतिम दिन मऊगंज जिले के नईगढ़ी विकासखंड अंतर्गत आने वाली शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल भीर में कलेक्टर अजय श्रीवास्तव ने नव प्रवेशी विद्यार्थियों का रोली चंदन लगाकर प्रवेश दिलाया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों का भी विद्यालय में स्वागत किया गया।

प्रवेशोत्सव के तीसरे दिन जिले के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल भीर पहुंचे कलेक्टर अजय श्रीवास्तव ने कहां की सभी बच्चे नियमित रूप से स्कूल आए और पढ़ाई करें। उन्होंने कहा कि जीवन में शिक्षा ही ऐसी अमूल संपत्ति है जिसे कोई भी छुड़ा नहीं सकता। इसलिए मन लगाकर पढ़ाई करें। पढ़ाई के साथ-साथ खेल का भी आनंद ले। इस दौरान कलेक्टर द्वारा बच्चों से कई सवाल भी किए गए। तो वहीं जिले के मुखिया को अपने बीच पाकर बच्चे भी काफी प्रफुल्लित नजर आए। उपस्थित बच्चों ने जिलाधीश से वायदा किया कि प्रतिदिन स्कूल आएंगे और अच्छी पढ़ाई करेंगे। इस बीच कलेक्टर ने कहा कि शिक्षक भी विद्यालय में ऐसा वातावरण निर्मित करें कि कोई भी छात्र विद्यालय आने से कतराए नहीं बल्कि दौड़ा चला आए। यह सब शिक्षक की पढ़ाई एवं व्यवहार पर लागू होता है। कलेक्टर अजय श्रीवास्तव ने कहा कि सभी बच्चों के मन में प्रश्न उठना चाहिए और मन में आए प्रश्न को शिक्षक से करना चाहिए तो वहीं बच्चों के प्रश्नों का उत्तर शिक्षक जरुर देवें। उन्होंने कहा कि छात्र द्वारा किए गए प्रश्न का शिक्षक द्वारा उत्तर देने से छात्र का मन कभी भी नहीं टूटेगा। यह सब शिक्षक पर लागू होता है कि वह बच्चों को कैसी शिक्षा प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान भी प्रदान करें। ध्यान रहे प्रतिदिन बच्चों से कम से कम 10 से 15 मिनट क्षेत्र प्रांत एवं देश विदेश के साथ-साथ खेल भौगोलिक राजनीतिक स्थिति पर चर्चा जरूर करें जिससे बच्चों का ज्ञान बढ़ेगा। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि यदि हम अपने कार्यशैली में थोड़ा सा परिवर्तन करें तो बच्चो को विशेष शैक्षणिक स्थान प्रदान करने में कामयाब हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि बच्चों से परंपरागत व्यवहारिक प्रश्न करें। सभी बच्चों को उनकी इच्छा अनुकूल खेल विद्या से जोड़ें। जिससे बच्चों को प्रतिदिन स्कूल आने के साथ-साथ पढ़ाई में भी मन लगेगा। वहीं उन्होंने कहा कि शिक्षकों द्वारा पढ़ाई गई विषय वस्तु का आकलन संस्था के प्रमुख अनिवार्य रूप से करें। संस्था प्रमुख को निर्देश दिए की खेल सामग्री बच्चों को उपलब्ध कराए। यदि खेल सामग्री नहीं है तो क्रय करें। वही विद्यालय के अंदर एक कमरे को खेल सामग्री रखने एवं बच्चों के खेल हेतु उपलब्ध कराए। जिन विद्यालयों में शिक्षकों की कमी है वहां शासन की योजना अनुसार अतिथि शिक्षकों की भर्ती करें लेकिन ध्यान रखें की योग्य अतिथि शिक्षक की ही भर्ती करें। कलेक्टर श्री श्रीवास्तव ने कहा कि पानी संरक्षण एवं पौधारोपण में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाएं। यदि समय रहते पानी का संरक्षण नहीं किया गया और वृक्षारोपण नहीं किया गया तो आने वाला समय बहुत मुश्किलों भरा होगा। इसलिए पानी की बचत करें कम से कम पानी प्रयोग करने की आदत डालें ।आवश्यकता से अधिक पानी न बहाए। पौधे जरूर लगाए लेकिन यह भी ध्यान रखें की पौधों की सुरक्षा परिवार के सदस्यों की तरह करना है। कलेक्टर श्रीवास्तव ने कहा कि पानी की बचत एवं पौधारोपण तथा रखरखाव में बच्चों को आगे लाने का प्रयास करें जिससे बच्चे भी बड़े बुजुर्गों की तरह पानी एवं पेड़ पौधों के महत्व को समझ सके और ऐसे पुनीत कार्य में अपनी ज्यादा से ज्यादा सहभागिता दर्ज कराए। स्कूल चले हम अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम के बीच शिक्षा समिति के अध्यक्ष जुल्फी लाल साकेत द्वारा नल जल योजना की सूखी पड़ी टंकी एवं छात्रावास में अनियमितता की बात रखी गई जिस पर कलेक्टर श्रीवास्तव ने मौके पर ही विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सुचारू रूप से व्यवस्था बनाएं। वहीं संस्था प्राचार्य देवेंद्र चतुर्वेदी द्वारा बताया गया कि बीते आठ माह पूर्व विद्यालय के नवीन भवन को संविदाकार द्वारा शिक्षा विभाग को सौपा गया था लेकिन घटिया एवं प्राक्कलन के विपरीत निर्माण के कारण भवन की स्थिति अति खराब है। जिस पर कलेक्टर श्री श्रीवास्तव द्वारा संबंधी विभाग के अधिकारियों को भवन निर्माण में बर्ती गई अनियमितता की जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। वही कलेक्टर द्वारा विद्यालय परिसर में खराब पड़े पुराने नलकूप को रीबोरिंग के लिए पीएचई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर एवं अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान कलेक्टर अजय श्रीवास्तव एवं नईगढ़ी जनपद शिक्षा समिति के अध्यक्ष जुल्फी लाल साकेत तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी राम सुशील वर्मा का संस्था के प्राचार्य देवेंद्र चतुर्वेदी एवं शिक्षकों द्वारा माल्यार्पण के साथ स्वागत किया गया। इस मौके पर अभिभावकगण शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।





# संसद के ग्रह ग्राम चांदौन में आभार अभिनंदन सभा का आयोजन




*बलिदान दिवस के रूप में मनायी श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती*

*सांसद ने किया पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ*

*यह चुनाव लड़े भी आप जीते भी आप- सांसद दर्शन सिंह*

*श्योपुर*।बनखेड़ी नजदीकी ग्राम चांदौन में सांसद दर्शन सिंह चौधरी का जन अभिनंदन कार्यक्रम संपन्न हुआ। चांदौन लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी का गृह ग्राम है। लोकसभा चुनाव खत्म होने के बाद सांसद महोदय के द्वारा जगह-जगह विभिन्न विकास कार्यों को भूमि पूजन एवं जन आभार सभा का आयोजन किया जा रहे हैं। मिडिया प्रभारी नरेश धाकड़ जिला श्योपुर ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि रविवार को ग्रह ग्राम चांदौन में आयोजित जन आभार कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने बलिदान दिवस के अवसर पर डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए नवनिर्वाचित सांसद चौधरी दर्शन सिंह ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक बहुआयामी व्यक्तित्व के स्वामी ही नहीं, एक महान शिक्षाविद्, देशभक्त, राजनेता, सांसद, अदम्य साहस के धनी और सहृदय और मानवतावादी थे। भारत के राष्ट्रवादी महापुरूष डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के विचारों में संपूर्ण भारत दिखता था। वे सम्पूर्ण भारत को एक रूप मानते थे। डॉ. मुखर्जी इस धारणा के प्रबल समर्थक थे कि सांस्कृतिक दृष्टि से हम सब एक हैं। इसलिए धर्म के आधार पर वे विभाजन के कट्टर विरोधी थे। वे मानते थे कि विभाजन संबंधी उत्पन्न हुई परिस्थिति ऐतिहासिक और सामाजिक कारणों से थी। वे मानते थे कि आधारभूत सत्य यह है कि हम सब एक हैं। हममें कोई अंतर क्यूनहीं है। हम सब एक ही रक्त के हैं। एक ही भाषा, एक ही संस्कृति और एक ही हमारी विरासत है। परन्तु उनके इन विचारों को अन्य राजनैतिक दल के तत्कालीन नेताओं ने अन्यथा रूप से प्रचारित-प्रसारित किया। बावजूद इसके लोगों के दिलों में उनके प्रति अथाह प्यार और समर्थन बढ़ता गया।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि यह चुनाव मैं नहीं आप सब ने लड़ा जिसका सुपरिणाम है यह प्रचंड जीत है मैं आज कृतज्ञता पूर्वक आप सभी का आभार अभिनंदन करता हूं

इस अवसर पर पल्स पोलो अभियान का शुभारंभ करते हुए सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को पोलियो मिलकर पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया।

# खड्डी प्राचार्य के खिलाफ एडी ने बैठाई जांच, लीड कॉलेज से दो दिन में मांगी रिपोर्ट

### कभी कॉलेज न आने और अतिथि विद्धान को जिम्मेदारी देने की हुई थी शिकायत

सीधी।

सीधी जिले के शासकीय कॉलेज खड्डी में प्रभारी प्राचार्य की मनमानी को लेकर शिकायत अतिरिक्त संचालक रीवा से की गई थी, जिसके बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए एडी रीवा ने सीधी लीड कॉलेज के प्राचार्य को सभी बिंदुओ में जांच के निर्देश दिए हैं। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी। जानकारी के मुताबिक अधिवक्ता मानवेन्द्र द्विवेदी ने एडी रीवा डॉ.आरपी सिंह से शिकायत कर बताया था कि खड्डी के प्रभारी प्राचार्य डॉ.विनोद दुबे कभी कॉलेज नहीं जाते हैं और अपनी जिम्मेदारी स्थानीय अतिथि विद्धान डॉ.अजय सिंह को दे रखी है। उसके द्वारा मनमानी कर अन्य स्टॉफ पर धौंस दिखाई जाती है व नियमित रूप से पदस्थ्य सुखसेन नाम का कर्मचारी भी कभी नहीं आता। जिसके बाद इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एडी रीवा ने लीड कॉलेज प्राचार्य को जांच के निर्देश दिए हैं। दो दिन में जांच रिपोर्ट प्रस्तु करने के लिए कहा गया है।

#### अतिथि विद्धानों के फर्जीवाड़े की चर्चा

वहीं अधिवक्ता ने शिकायत में खड्डी कॉलेज में पदस्थ्य अतिथि विद्धान डॉ.अजय सिंह को लेकर भी शिकायत की थी कि उनका फालेन आऊट नियम विरूद्ध हुआ है और खड्डी कॉलेज में आने के लिए उन्होंने फर्जीवाड़ा किया है। क्योंकि खड्डी के समीप ही उनका गांव हैए वह इसके पहले केदारनाथ महाविद्यालय मऊगंज में थे। इस मामले के प्रकाश में आने के बाद अतिथि विद्धानों के बीच हड़कंप मचा हुआ है। वह तरह.तरह की चर्चाएं कर रहे हैं। अतिथि विद्धानों का कहना है कि डॉ.अजय सिंह के फॉलेन आऊट में जो वजह लिखी है वह गलत है।

#### कॉलेज में दिखने लगा स्टॉफ

बताया गया कि शिकायत के बाद से कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य के करीबी स्टॉफ जो कभी कभार कॉलेज आते थें वह भी अब कॉलेज में दिखने लगे हैं। इतना ही नहीं अब तक किए गए हेर.फेर को दस्तावेजों में ठीक करने का प्रयास भी किया जा रहा है।

#### इनका कहना है -

खड्डी प्राचार्य के खिलाफप्राप्त शिकायत में लीड कॉलेज सीधी के प्राचार्य को जांच के निर्देश दिए हैं। दो दिन में रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाही की जाएगी।

डॉ.आरपी सिंह,
अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा रीवा।

# लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न

सीधी। सीधी जिले में लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा के लिए 03 केन्द्र बनाये गये थे। प्रारंभिक परीक्षा के संबंध में लोक सेवा आयोग द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराते हुए परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। परीक्षा दो पालियों में सुबह 10 बजे से 12 बजे तक तथा दोपहर 2.15 बजे से शाम 4.15 बजे तक आयोजित की गई। प्रारंभिक परीक्षा के प्रथम पाली में जिले में 1474 परीक्षार्थियों में 1084 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए एवं 390 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जबकि द्वितीय पाली में 1074 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए एवं 400 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

प्रथम पाली में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 में 500 परीक्षार्थी में से 392 सम्मिलित हुए 108 अनुपस्थित रहे, एसआईटी कालेज रीवा रोड जमोडी सीधी में 500 परीक्षार्थी में से 356 सम्मिलित हुए 144 अनुपस्थित रहे तथा शासकीय कन्या महाविद्यालय सीधी में 474 परीक्षार्थी में से 336 सम्मिलित हुए 138 अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 में 500 परीक्षार्थी में से 389 सम्मिलित हुए 111 अनुपस्थित रहे, एसआईटी कालेज रीवा रोड जमोडी सीधी में 500 परीक्षार्थी में से 352 सम्मिलित हुए 148 अनुपस्थित रहे तथा शासकीय कन्या महाविद्यालय सीधी में 474 परीक्षार्थी में से 333 सम्मिलित हुए 141 अनुपस्थित रहे।

# खरीफ फसलों की बुआई के लिए डीएपी की जगह एनपीके एवं एसएसपी उर्वरक फायदेमंद - उपसंचालक कृषि

सीधी

उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास ने किसान भाइयों से अपील की है कि धान, उड़द एवं मूंग खरीफ फसलों की बुवाई के लिए डीएपी उर्वरक के स्थान पर एनपीके उर्वरक का उपयोग करें। उन्होने बताया कि डीएपी में नाईट्रोजन, फास्फोरस तत्व होते हैं, जबकि एनपीके में नाईट्रोजन फास्फोरस के साथ पोटाश तत्व भी पाया जाता है जो कि फसल के लिए अति महत्वपूर्ण एवं आवश्यक तत्व है। किसान भाई डीएपी के स्थान पर एनपीके उर्वरक को बेहतर विकल्प के रूप में खेतों में डालकर अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही एपीएस एवं एसएसपी उर्वरक का भी उपयोग करने की सलाह देते हुये बताया गया कि एपीएस मे नाईट्रोजन, फास्फोरस तथा सल्फर तत्व पाये जाते हैं जो फसलों के उत्पादन बढ़ाने के लिए अतिआवाश्यक है। एसएसपी उर्वकर का उपयोग करने से फास्फोरस 16 प्रतिशत, सल्फर 11 प्रतिशत एवं कैल्सियम 21 प्रतिशत फसलों का प्राप्त होता है। जिससे उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ तिलहनी फसलों में तेल की मात्रा बढ़ती है। किसान भाई यह ध्यान रखें कि कम से कम 4-5 इंच वर्षा होने के बाद ही फसलों की सीडड्रिल के माध्यम से बुवाई करे और बुवाई करने से पहले बीजों का बीजोपचार फफूंदनाशक दवा, कीटनाशक एवं नैनो डीएपी से आवश्य करें ताकि फसलों को बीज जनित एवं मृदा जनित रोगो से बचाया जा सके।

# सांसद एवं विधायक ने किया राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

## 24 एवं 25 जून को गृह भेंट कर छूटे बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की खुराक





सीधी

जिला चिकित्सालत परिसर सीधी में आयोजित कार्यक्रम में सांसद डॉ. राजेश मिश्रा एवं विधायक सीधी रीती पाठक ने पोलियो बूथ में ''दो बूद जिंदगी की'' पोलियो वैक्सीन बच्चों को पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर देव कुमार सिंह चौहान, अमलेश्वर चतुर्वेदी, विश्वबंधुधर द्विवेदी, पुनीत नारायण शुक्ला, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकार डॉ. आई.जे. गुप्ता, सिविल सर्जन डॉ. एस.बी. खरे, जिला टीकाकरण अधिकारी. डॉ. नागेन्द्र बिहारी दुबे, रीतेश पाण्डेय डाटा मैनेजर, विकास सिंह जिला वैक्सीन कोल्ड चौन मैनेजर सीधी सहित जिला चिकित्सालय सीधी के समस्त चिकित्सकगण व स्टाफ उपस्थित रहे।

सांसद तथा विधायक ने उपस्थित 0-5 वर्ष के बच्चों को दो बूँद पोलियो की खुराक पिलाई एवं समस्त नागरिकों से अपील की है कि अपने 0 से पॉच वर्ष तक के बच्चों को आवश्यक रूप से पोलियो बूथ पर ले जाकर दो बूँद पोलियो की खुराक पिलवाये जिससे देश में पोलियो पुनः न पनपने पाये।

विकासखण्ड स्तर पर सेमरिया में बी.ई.ई. सरोज सेन, बीपीएम रिंकू पाण्डेय, बीसीएम. अनीता श्रीवास्तव एवं अन्य चिकिसालयीन स्टाफ रामपुर नैकिन में देवेन्द्र मिश्रा सामाजिक कार्यकर्ता, बीएमओ डॉ. प्रेरणा पाठक, बीपीएम अनुज सिंह परिहार, चुरहट में चिकित्सा अधिकारी डॉ. वरूण सिंह, कमला गुप्ता बी.ई.ई., सुपरवाईजर रामेश्वर द्विवेदी, कोल्ड चौन हैण्डलर्स एवं अन्य चिकित्सकीय स्टाफ सिहावल में मुन्नी प्रजापति सरपंच, डॉ. संजय पटेल बीएमओ, बीपीएम एवं बीईई सिहावल अन्य चिकित्सकीय स्टाफ मझौली में हितेश गुप्ता पार्षद नगर पंचायत मझौली, बालमीक साकेत तहसीलदार मझौली, डॉ पी.एल.सागर बीएमओ, बी.पी.एम. कमलेश चौधरी, सावित्री त्रिपाठी बी.ई. तथा कुसमी में जनपद अध्यक्ष श्यामवती सिंह, हीराबाई सिंह जिला पंचायत सदस्य, बीएमओ डॉ. अजय प्रजापति, अरविन्द द्विवेदी बीपीएम एवं अन्य समस्त चिकित्सालयीन स्टाफके द्वारा पोलियो बूथ पर पोलियो की दवा पिलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

समस्त अभिभावको से अपील है कि जन्म से 5 वर्ष तक के जो बच्चे बूथ पर दवा पीने से वंचित रह गये हो, तो दिनांक 24 जून एवं 25 जून 2024 को गृह संपर्क में पोलियो दवा अवश्य पिलवाए।

# 'उज्ज्वल बदलाव हम से'' शिक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित

## समाज में बदलाव हमसे ही आयेगा, संवेदनशील सोच विकसित करने के लिये दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित हुआ



सीधी। समाज में लिंग भेद समाप्त हो एवं लड़कियों और महिलाओं के प्रति संवेदनशील सोच विकसित हो इसके लिये जीवन कौशल शिक्षा के तहत उज्वल प्रशिक्षण आयोजित किया गया। एक श्रेष्ठ समाज के निर्माण में लड़कों की भागीदारी बहुत महत्वपूर्ण है। जब लड़के या पुरूष लड़कियों या महिलाओं के प्रति संवेदनशील होंगे तो लिंग आधारित भेद मिटाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। समाज में किसी भी भेद को हम मिटाना चाहते हैं तो वह हमसे ही मिटेगा। बदलाव हमसे आता है। जब हम बदलेंगे तभी समाज बदलेगा। छात्रों के बीच सकारात्मक मर्दानगी क्या है एक बेहतर समाज में लड़के या पुरूष क्या भूमिका निभा सकते हैं इसी विषय पर स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित उमंग कार्यक्रम के अन्तर्गत उज्वल प्रशिक्षण आयोजित हुआ।

शासकीय विद्यालयों के नोडल शिक्षकों का जिला स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन शासकीय आदर्श कन्या हाई स्कूल सीधी में 21 एवं 22 जून को आयोजित हुआ। भोपाल से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कराते हुये कक्षा 09 से 12 तक छात्रों में छात्राओं एवं महिलाओं के प्रति सम्मान को बढ़ावा देने के उद्देश्य के साथ प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

राज्य स्तर से प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनर श्रीमती कृष्णा मिश्रा, श्रीमती पूजा सिंह चौहान, संजय कुमार सोनी एवं राकेश रतन पाण्डेय द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। सहयोगी प्रशिक्षक के रूप में श्रीमती अर्चना पाण्डेय, अनिल कुशवाहा, बालेन्दु शेखर दुबे, हेमांगद शुक्ल, जय प्रकाश पाण्डेय का सहयोग रहा। समापन कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी डॉ पी एल मिश्रा, बीईओ एल के शर्मा, एपीसी रमसा डॉ सुजीत कुमार मिश्रा, कृष्ण गिरि उपस्थित रहे।